ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 4 जून 2024
वर्ष 2, अंक 284, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



एडीडीपी ने बजरंग पर लगा अस्थाई निलंबन हटाया 15
रश्मिका की फिल्म 'पुष्पा-2 द रूल' का पोस्टर रिलीज 16

पढ़ते रहिये... अमृत विचार
समर ऑफर मात्र ₹4 में प्रतिदिन
यह ऑफर केवल कानपुर के पाठकों के लिए
फोन: 0512- 2548300

## ब्रह्मोस एयरोस्पेस के पूर्व अभियंता को उम्रकैद

नागपुर, एजेंसी

नागपुर की जिला अदालत ने शासकीय गोपनीयता अधिनियम (ओएसए) के तहत ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के पूर्व अभियंता निशांत अग्रवाल को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने और गोपनीय जानकारी देने का दोषी ठहराते हुए सोमवार को उम्रकैद दी।

अग्रवाल को 14 साल तक सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी, उसपर तीन हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। अतिरिक्त सत्र न्यायालय के न्यायाधीश एम.वी. देशपांडे ने अपने आदेश में कहा कि अग्रवाल को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा-66 (एफ) और शासकीय गोपनीयता अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत किए गए अपराध के लिए सीआरपीसी की धारा-235 के तहत दोषी करार दिया जाता है।



- पाकिस्तान को गोपनीय सूचना देने के मामले में पाए गए दोषी

## एग्जिट पोल के बाद झूमा शेयर बाजार

# सेंसेक्स 2507, निफ्टी 733 अंक उछला

मुंबई, एजेंसी

एग्जिट पोल के बाद सोमवार को शेयर बाजार में चौतरफा लिवाली से बीएसई सेंसेक्स 2,500 से अधिक अंक की छलांग लगाकर अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 733 अंक के उछाल के साथ नए शिखर पर बंद हुआ।

शनिवार को एग्जिट पोल में भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की बड़ी जीत के अनुमान के बाद बाजार में यह तेजी आई है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 2,507.47 अंक यानी 3.39 प्रतिशत उछलकर रिकॉर्ड 76,468.78 अंक पर बंद हुआ। यह पिछले तीन साल में एक दिन में सबसे बड़ी तेजी है। कारोबार के दौरान सूचकांक एक समय 2,777.58 अंक चढ़कर रिकॉर्ड 76,738.89 अंक तक चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 733.20 अंक यानी 3.25 प्रतिशत उछलकर अपने अबतक के सर्वोच्च स्तर 23,263.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 808 अंक यानी 3.58 प्रतिशत चढ़कर रिकॉर्ड 23,338.70 अंक पर

### नए शिखर पर सेंसेक्स-निफ्टी

पहुंच गया था। सेंसेक्स और निफ्टी में एक फरवरी, 2021 के बाद एक दिन की सबसे बड़ी तेजी है। उस समय बजट पेश करने के बाद दोनों सूचकांक करीब पांच प्रतिशत मजबूत हुए थे। यह दिलचस्प है कि 20 मई, 2019 को 'एग्जिट पोल' के बाद भी सेंसेक्स और निफ्टी तीन प्रतिशत से अधिक मजबूत हुए थे। उस 'एग्जिट पोल' में भी आम चुनाव में राजग की बड़ी जीत का अनुमान जताया गया था।

रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और भारतीय स्टेट बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में जोरदार बढ़त से दोनों मानक सूचकांक रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुए। शेयर बाजार में तेजी के साथ अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में सोमवार को जोरदार बढ़त जारी रही।



### निवेशकों की पूंजी 13.78 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नई दिल्ली। भाजपा की अगुवाई वाली सरकार एक बार फिर बनने की उम्मीदों से स्थानीय शेयर बाजार के तीन प्रतिशत से अधिक उछल जाने से सोमवार को निवेशकों की संपत्ति में एक ही कारोबारी सत्र में 13.78 लाख करोड़ रुपये की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस रिकॉर्डतोड़ तेजी से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 13,78,630.4 करोड़ रुपये बढ़कर 4,25,91,511.54 करोड़ (5.13 लाख करोड़ डॉलर) हो गया।

## एक नजर

### मदर डेयरी ने दो रुपये लीटर बढ़ाए दूध के दाम

नई दिल्ली। मदर डेयरी ने दिल्ली-एनसीआर बाजार में दूध की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की सोमवार को घोषणा की। सभी प्रकार के दूध की कीमतों में वृद्धि सोमवार (तीन जून) से दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के साथ-साथ अन्य बाजारों में भी लागू हो गई है। दुग्ध उद्योग से जुड़े ब्रांड अमूल ने रविवार को कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की थी। दिल्ली-एनसीआर में मदर डेयरी का फुल क्रीम दूध अब 68 रुपये प्रति लीटर, जबकि टोंड व डबल टोंड दूध क्रमश: 56 रुपये और 50 रुपये प्रति लीटर की दर से मिलेगा। भैंस और गाय के दूध की कीमतें क्रमश: 72 रुपये और 58 रुपये प्रति लीटर होंगी। थोक विक्रय दूध 54 रुपये प्रति लीटर पर बेचा जाएगा।

### आईएसआईएस से जुड़े 17 के खिलाफ चार्जशीट

नई दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने सोमवार को प्रतिबंधित वैश्विक आतंकवादी संगठन आईएसआईएस से जुड़े 17 लोगों के खिलाफ युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की साजिश में शामिल होने के संबंध में आरोपपत्र दाखिल किया। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, एनआईए ने मार्च 2023 में तीन लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था और सोमवार को दिल्ली की पटियाला हाउस अदालत के समक्ष 17 अन्य के खिलाफ पूरक आरोपपत्र दाखिल किया। इन 17 आरोपियों में से 15 महाराष्ट्र से जबकि एक-एक उत्तराखंड और हरियाणा से हैं। एनआईए के बयान के मुताबिक, इस मामले में कुल 20 आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया जा चुका है।

# चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास हुआ तो सबूत दे विपक्ष

## सीईसी ने कहा-आप अफवाह फैलाकर सभी को संदेह के घेरे में नहीं ला सकते

नई दिल्ली, एजेंसी

मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने सोमवार को विपक्ष को चुनौती दी कि वे उन आरोपों के साक्ष्य साझा करें जिनमें कहा गया है कि निर्वाचन अधिकारियों और जिलाधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया को दूषित करने के लिए प्रभावित किया गया था, ताकि आयोग उनके खिलाफ कार्रवाई कर सके। कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि विपक्ष को मतगणना शुरू होने से पहले चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश करने वालों के बारे में भी आयोग को बताना चाहिए। संवाददाता सम्मेलन में उनके साथ निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एस.एस. संधू भी मौजूद थे। राजीव कुमार ने कहा कि आप अफवाह फैलाकर सभी को संदेह के घेरे में नहीं ला सकते।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आयोग ने चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने के किसी भी विदेशी प्रयास से निपटने के लिए तैयारी की थी, लेकिन ये आरोप देश के भीतर से ही आए हैं। जिलाधिकारियों को प्रभावित किए जाने के आरोपों पर आपत्ति जताते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि आरोप लगाने वालों को बताना चाहिए कि किस जिलाधिकारी को प्रभावित किया गया और हम उन्हें दंडित करेंगे। मतगणना प्रक्रिया शुरू होने से पहले उन्हें हमें बताना चाहिए।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने दावा किया था कि गृह मंत्री अमित शाह जिलाधिकारियों या कलेक्टरों को फोन कर रहे हैं और उन्हें खुलेआम डराने-धमकाने में लगे हैं। चुनाव के दौरान जिला मजिस्ट्रेट या कलेक्टर अपने-अपने जिलों के निर्वाचन अधिकारी होते हैं। रमेश ने दावा किया कि शाह पहले ही 150 जिला मजिस्ट्रेट या कलेक्टरों से बात कर चुके हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने रविवार को आयोग से मुलाकात करने वाले बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल की सभी मांगों को स्वीकार कर लिया था और कहा था कि उनके द्वारा उठाए गए मुद्दे सात दशकों से चली आ रही चुनाव प्रक्रिया का हिस्सा हैं। कुमार ने कहा कि कुछ मांग बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल द्वारा की गई थीं। हमनें उनकी सभी मांगें मान लीं।



- आरोप लगाने वाले बताएं जिलाधिकारियों का नाम, चुनाव आयोग उन्हें दंडित करेगा
- जयराम रमेश ने लगाया था गृहमंत्री शाह पर कलेक्टरों को फोन पर धमकाने का आरोप

### रमेश को अतिरिक्त समय देने से आयोग का इंकार

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने सोमवार को कांग्रेस नेता जयराम रमेश को उनके इस दावे की पुष्टि के लिए अतिरिक्त समय देने से इनकार कर दिया कि लोकसभा चुनाव के लिए चार जून की मतगणना से पहले 150 जिलाधिकारियों और कलेक्टरों को प्रभावित करने का प्रयास किया गया था। रमेश को निर्वाचन आयोग ने रविवार शाम तक उन आरोपों का तथ्यात्मक विवरण प्रस्तुत करने के लिए कहा था, जो उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लगाए थे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने सोमवार को आयोग को पत्र लिखकर अपना जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का और समय मांगा। रमेश को लिखे पत्र में निर्वाचन आयोग ने कहा कि आप तथ्यात्मक आरोपों के साथ तीन जून शाम सात बजे तक जवाब दाखिल करें। ऐसा करने में विफल रहने पर यह मान लिया जाएगा कि आपके पास इस मामले में कहने के लिए कुछ भी ठोस नहीं है और आयोग उचित कार्रवाई के लिए आगे बढ़ेगा।

# सपा विधायक समेत पांच दोषी करार

## सात जून को सुनाया जाएगा फैसला, परिजनों ने किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। आगजनी मामले में लंबे इंतजार के बाद सोमवार रात सीसामऊ विस सीट के सपा विधायक इरफान सोलंकी, उसके भाई रिजवान सोलंकी समेत पांच आरोपियों को कोर्ट ने दोषी करार दिया। कोर्ट ने रंगदारी व षड़यंत्र की धाराओं में सभी आरोपियों को दोष मुक्त करार दिया। एडीजीसी ने बताया कि दोषियों को 10 साल से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है। कोर्ट सात जून को मामले में फैसला सुनाएगी। अभियोजन पक्ष की ओर से 300 पन्नों के सबूत व 18 गवाहों को पेश किया गया था। फैसला आते ही दोषी इजरायल आटेवाला की पत्नी गश खाकर गिर पड़ी। दोषियों के परिजनों ने जिला प्रशासन पर फर्जी फंसाने का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। पुलिस से उनकी तीखी झड़प हुई।

सात नवंबर 2022 को जाजमऊ डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आग लगा दी गई थी। नजीर फातिमा ने आठ नवंबर 2022 को जाजमऊ थाने में विधायक इरफान सोलंकी, उसके भाई रिजवान सोलंकी, शौकत अली, इजरायल आटेवाला व मुरसलीन खान उर्फ भोलू, अज्जन उर्फ एजाज समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद से सपा विधायक महाराजगंज जेल में व बाकी अन्य आरोपी कानपुर कारागार में बंद हैं। मामले में अभी तक सिर्फ एक आरोपी मो. शरीफ को जमानत मिली है। आरोपियों के खिलाफ मामला सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी की कोर्ट में विचाराधीन था। पुलिस ने मामले तीन बार में आरोपियो के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किए। सेशन कोर्ट में सपा विधायक, रिजवान, शौकत अली, मो. शरीफ व इजरायल आटेवाला के खिलाफ एक मार्च को ट्रायल पूरा हो चुका था। सोमवार को कोर्ट में सुनवाई की गई। जिसमें रिजवान सोलंकी, शौकत अली, मो. शरीफ व इजरायल आटेवाला को कोर्ट में पेश हुए, जबकि इरफान सोलंकी वीडियो कांफ्रेंसिग के माध्यम से जुड़ा। कोर्ट ने पांचों आरोपियों को घर में ज्वलनशील पदार्थ से आग लगाने, धमकी देना, बलवा समेत दो अन्य धाराओं में दोषी करार दिया। एडीजीसी भास्कर मिश्रा ने बताया कि सपा विधायक समेत समेत पांचों आरोपियों को आगजनी की धाराओं में दोषी पाया गया है। जिसमें 10 साल से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा है। अब कोर्ट सात जून को मामले में फैसला सुनाएगी।



विधायक इरफान सोलंकी

### आगजनी मामला

- एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने सोमवार रात सुनाया आदेश
- दोषियों को 10 साल से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा संभव

### गश खाकर गिरे परिजन, पुलिस से धक्का-मुक्की

देर रात फैसला आते ही इजरायल आटेवाला की पत्नी गश खाकर गिर पड़ी। दोषियों के परिजनों ने जिला प्रशासन पर फर्जी फंसाने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान परिजन दोषियों से मिलने की जिद करने लगे, जिस पर उनकी पुलिस के साथ धक्का मुक्की भी हुई। कोर्ट में मौजूद पुलिसबल ने सभी को परिसर से बाहर निकाला।

## ताज एक्सप्रेस के तीन डिब्बों में लगी भीषण आग, सभी यात्री सुरक्षित

नई दिल्ली, एजेंसी। दक्षिण-पूर्व दिल्ली के सरिता विहार इलाके में सोमवार को ताज एक्सप्रेस के तीन डिब्बों में आग लग गई। हादसे में कोई घायल नहीं हुआ है, यात्री समय रहते प्रभावित डिब्बों से बाहर निकलने में सफल रहे। आग लगने के कारणों का तत्काल पता नहीं चला। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारी ने बताया कि हमें अपराह्न चार बजकर 24 मिनट पर ताज एक्सप्रेस के तीन डिब्बों में आग लगने की सूचना मिली। आग बुझाने के लिए दमकल के आठ वाहनों को मौके पर भेजा गया है और आग पर शाम पांच बजकर 43 मिनट पर काबू पा लिया गया। इससे पहले अधिकारियों ने चार डिब्बों में आग लगने की बात कही थी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सूचना के बाद पुलिस कर्मी अपोलो अस्पताल के नजदीक स्थित घटनास्थल पर पहुंचे। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद पाया गया कि ताज एक्सप्रेस के तीन डिब्बों में आग लगी है। ट्रेन रुकी हुई थी। उन्होंने बताया कि डी3 और डी4 डिब्बे पूरी तरह जल गए हैं जबकि डी2 को आंशिक नुकसान हुआ है।

- दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के सरिता विहार में हुआ हादसा

## साढ़े चार वर्ष की बच्ची से दुष्कर्म हत्या के दोषी को मृत्युदंड

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार : कैसरगंज थाना क्षेत्र की साढ़े चार वर्षीया बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के आरोपी को सोमवार को विशेष न्यायाधीश पाक्सो दीपकांत मणि की कोर्ट ने मृत्युदंड दिया। विशेष न्यायाधीश ने महज दो माह बीस कार्य दिवस (तीन माह 11 दिन) में ही साढ़े चार वर्षीय बच्ची के साथ न्याय करते हुए दोषसिद्ध अभियुक्त को सजा सुनाई, कोर्ट ने 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

बच्ची की मां ने कैसरगंज थाने में तहरीर दी थी कि वह 21 फरवरी 2024 को बाजार गई थी। दोपहर दो बजे घर लौटी तो उसकी बच्ची नहीं थी। बेटे से पूछा, तो उसने बताया कि वह बहन के साथ लाला के घर खेलने गया था। तहरीर के आधार पर एसओ ने 22 फरवरी को मामला दर्ज किया। राजेश उर्फ लाला से कड़ाई से पूछ-ताछ की तो उसने घटना स्वीकारते हुए बच्ची की हत्या करने की बात कही। पुलिस ने लाला को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर बच्ची का शव का बरामद किया और आरोपपत्र न्यायालय को सौंपा था। कोर्ट ने 29 मार्च को सुनवाई शुरू की थी।

- पुलिस व अभियोजन पक्ष की पैरवी में तीन माह 11 दिन में आया फैसला

## सुरक्षाबलों ने लश्कर के स्वयंभू कमांडर समेत दो आतंकियों को मार गिराया

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के एक स्वयंभू कमांडर समेत दो आतंकवादी मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। कश्मीर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक वी.के. बिरधी ने बताया कि रियाज डार और रईस डार नामक दो आतंकवादी दक्षिण कश्मीर जिले के निहामा इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान हुई मुठभेड़ में मारे गए। रियाज डार प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा का कमांडर था और कई आतंकी मामलों में वांछित था। वह कई सालों से सुरक्षा बलों को चकमा दे रहा था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने वहां आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में पुख्ता जानकारी मिलने के बाद अभियान शुरू किया था। अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों ने तलाशी दल के सदस्यों पर गोलीबारी की और मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए।

- दक्षिणी कश्मीर के पुलवामा जिले में हुई मुठभेड़

# उम्मीद है, असल परिणाम एग्जिट पोल के उलट होंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने सोमवार को कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि लोकसभा चुनाव के असल परिणाम 'एग्जिट पोल' (चुनाव बाद सर्वेक्षण) के अनुमान से बिल्कुल विपरीत होंगे। सोनिया ने कहा कि हमें प्रतीक्षा करनी होगी। बस, इंतजार कीजिए और देखिए।

उन्होंने कहा कि हमें पूरी उम्मीद है कि एग्जिट पोल में जो दिखाया जा रहा है, नतीजे उसके बिल्कुल विपरीत होंगे। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से सवाल किया गया था कि चार जून को घोषित होने जा रहे नतीजों से उन्हें क्या उम्मीद है? उन्होंने यह टिप्पणी द्रमुक कार्यालय में तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एम करुणानिधि को उनकी 100वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद की। अधिकतर 'एग्जिट पोल' में लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को प्रचंड बहुमत मिलने का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है।



- कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने कहा-इंतजार कीजिए और देखिए
- एग्जिट पोल में चुनाव में राजग को प्रचंड बहुमत का पूर्वानुमान

## पंपसेट में फंसी स्कर्ट, नौ साल की बालिका की मौत

कासगंज। थाना सुन्नगढ़ी के गांव शहवाजपुर में पंपसेट पर पानी पीने गई नौ वर्षीय बालिका की स्कर्ट पंप में फंस गई जिससे उसकी मौत हो गई। गांव शहवाजपुर निवासी दीन मोहम्मद के खेत में पंपसेट से सिंचाई की जा रही थी।

गांव के बृजेश की नौ वर्षीया पुत्री कामिनी पानी पीने गई। तभी उसकी स्कर्ट पंपसेट के पट्टे में फंस गई, जबतक पंपसेट को बंद किया गया कामिनी की मौत हो चुकी थी। बृजेश और परिजन मौके पर पहुंचे और शव को देखकर विलाप करने लगे। बड़ी संख्या में ग्रामीण भी एकत्र हो गए। थाना प्रभारी सरिता तोमर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं।

# रोडवेज का किराया 1 से 3 रुपये तक बढ़ा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : रोडवेज बसों में सफर करना अब और महंगा होगा। टोल टैक्स में वृद्धि के बाद परिवहन निगम ने एसी से लेकर साधारण बसों तक के किराए में एक से तीन रुपये तक की बढ़ोत्तरी का फैसला लिया है। यह दरें सोमवार रात 12 बजे के बाद लागू हो जाएंगी। भीषण गर्मी की वजह से रोडवेज बसों में लगातार यात्रियों की संख्या कम हो रही थी। इससे निगम को हर रोज तीन करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा था। अब बढ़े किराए का असर भी निगम को चोट दे सकता है।

राष्ट्रीय राजमार्गों की टोल दरें बढ़ने से रोडवेज बसों के किराये में भी बढ़ोतरी हो गई। प्रति टोल एक रुपये बढ़ रहे हैं, लखनऊ से प्रयागराज जाने में तीन टोल गेट पड़ते हैं। ऐसे में बसों के किराये में तीन रुपये तक की बढ़ोतरी हुई है। साधारण बस सेवा से सफर करने वाले यात्रियों को अब लखनऊ से वाराणसी, देहरादून, हरिद्वार जाने के लिए 3 रुपये अधिक किराया अदा करना पड़ेगा। कैसरबाग, लखनऊ से बरेली सेटेलाइट बस स्टेशन जाने के लिए एक रुपया अधिक देना पड़ेगा। इसी प्रकार बस्ती, रायबरेली, गोरखपुर, अयोध्या का किराया एक रुपया बढ़ा है। प्रयागराज, रुपईडीहा, सीतापुर, आजमगढ़ जाने के लिए किराये में बढ़ोत्तरी नहीं की गई है।

### टोल टैक्स बढ़ने से बढ़ा सरचार्ज

निगम की बसों के टिकट में टोल का सरचार्ज जुड़ा होता है। सरचार्ज संशोधित होने पर किराए में वृद्धि के लिए शासन से अनुमति लेने की जरुरत नही होती। प्रति बस 35 यात्रियों के आधार पर सरचार्ज का आकलन होता है। जिन मार्गों पर टोल दरें पहले 50 पैसे से कम रही हैं वहां अब नई दरें लागू होने से सरचार्ज 50 पैसे से अधिक हो रहा है। कई ऐसे भी टोल हैं जहां नई दरों के बाद भी सरचार्ज में 50 पैसे तक ही वृद्धि हुइ है।

- टोल टैक्स में वृद्धि के बाद परिवहन निगम ने लिया फैसला, आज से नया दर लागू

"टोल टैक्स बढ़ने से सरचार्ज बढ़ा है, बेसिक किराया पुराना ही है। सरजार्च में वृद्धि से यात्रियों पर मामूली भार पड़ेगा।
मासूम अली सरवर, प्रबंध निदेशक राज्य सड़क परिवहन निगम .उप्र

# एजेंसियों की विफलता से भागे मोदी, मेहुल और माल्या

मुंबई, एजेंसी

करोड़ों डॉलर के घोटालों में शामिल नीरव मोदी, मेहुल चोकसी और विजय माल्या जैसे उद्यमी इसलिए देश छोड़कर जाने में सफल रहे क्योंकि जांच एजेंसियां उन्हें सही समय पर गिरफ्तार नहीं कर पाईं। यहां एक विशेष अदालत ने हाल में यह बात कही।

विशेष न्यायाधीश एम जी देशपांडे ने धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत निरुद्ध एक आरोपी की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की जिसने अपनी जमानत शर्तों में बदलाव का अनुरोध किया था। अदालत ने धनशोधन मामले में आरोपी व्योमेश शाह की इस याचिका को 29 मई को विचारार्थ स्वीकार कर लिया था जिसमें उसने अनुरोध किया था कि विदेश यात्रा के लिए अदालत की पूर्व अनुमति लेने की जमानत की शर्त को हटाया जाए। विस्तृत आदेश हाल में उपलब्ध कराया गया।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दलील दी थी कि शाह की अर्जी को स्वीकार करने से नीरव मोदी, विजय माल्या और मेहुल चोकसी के मामलों जैसी परिस्थितियां पैदा होंगी।

इस पर न्यायाधीश ने कहा कि मैंने सोच-समझकर इस दलील पर विचार किया और मुझे यह बात सामने रखना जरूरी लगता है कि ये सभी लोग, सही समय पर इन्हें गिरफ्तार नहीं कर पाने में संबंधित जांच एजेंसियों की नाकामी की वजह से भागे। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत शाह समन पर अदालत में पेश हुए, जमानत हासिल की और उन्होंने विदेश यात्रा के लिए कई बार आवेदन किया। अदालत ने कहा कि शाह के मामले की तुलना नीरव मोदी, विजय माल्या और मेहुल चोकसी आदि के मामलों से नहीं की जा सकती। नीरव मोदी भारतीय मूल के बेल्जियम में व्यवसाई और भगोड़े हैं। जिनपर इंटरपोल और भारत सरकार की ओर से कई आपराधिक आरोप लगाए गए हैं।



- मुंबई की एक विशेष अदालत ने सुनवाई के दौरान की टिप्पणी
- सही समय पर गिरफ्तारी में नाकाम रहीं एजेंसियां : कोर्ट

### ईडी और सीबीआई कर रहीं तीनों मामले की जांच

हीरा कारोबारी नीरव मोदी और उसका मामा मेहुल चोकसी करोड़ों रुपये के पीएनबी घोटाले में मुख्य आरोपी हैं। नीरव इस समय ब्रिटेन की एक जेल में सजा काट रहा है, वहीं चोकसी एंटीगुआ में रहता है। माल्या भी 900 करोड़ रुपये से अधिक के कर्ज धोखाधड़ी मामले में आरोपी है और ब्रिटेन में है। इस मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय अन्वेषण अभिकरण कर रहे हैं।


जानकारी देते सरकारी अधिवक्ता भास्कर मिश्रा। अमृत विचार


बाएं से शौकत अली, शरीफ और इजराइल आटे वाला को जेल ले जाती पुलिस। अमृत विचार


शौकत की पत्नी और बेटी बिलख पड़ीं। अमृत विचार

# कानून के हाथ लंबे साबित हुए, इरफान का इकबाल हल्का

## ❍ पुलिस की तगड़ी पैरवी से बच नहीं पाया इरफान सोलंकी ❍ 7 सितंबर 2022 को लगा था आगजनी का आरोप ❍ 8 सितंबर को जाजमऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई थी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जाजमऊ थानाक्षेत्र के डिफेंस कालोनी निवासी नजीर फातिमा ने अपने प्लॉट पर कब्जे और आगजनी का विधायक और उनके गुर्गों पर आरोप 7 सितंबर 2022 को लगाया था। नजीर फातिमा ने इस प्रकरण में सपा विधायक इरफान सोलंकी उनके भाई रिजवान सोलंकी समेत 20 से ज्यादा अज्ञात लोगों को आरोपी बनाते हुए 8 सितंबर को जाजमऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई था। पुलिस की जांच में हिस्ट्रीशीटर शौकत अली, पूर्व पार्षद मुरसलीन उर्फ भोलू, मोहम्मद शरीफ, हिस्ट्रीशीटर इजराइल आटे वाला, हाजी अज्जन, अनूप यादव समेत इस अन्य नाम प्रकाश में आए थे।


सजा सुनाए जाने पर अभियुक्तों के परिजनों ने हंगामा किया। अमृत विचार

### इरफान पर 2008 में उन्नाव से पहला मुकदमा हुआ था

- विधायक इरफान सोलंकी पर पहला मुकदमा वर्ष 2008 में उन्नाव के अचलगंज थाने में हत्या का प्रयास, बलवा, मारपीट, धमकी की धाराओं में दर्ज हुआ था। कानपुर में वर्ष 2010 में ग्वालटोली में पहला मुकदमा दर्ज हुआ था। विधायक के खिलाफ बलवा की धाराओं में सात मुकदमे दर्ज हैं।

### गैंगलीडर है इरफान सोलंकी

- जाजमऊ थाने की पुलिस ने दिसंबर 2022 को सपा विधायक इरफान सोलंकी, उसके भाई रिजवान सोलंकी, हिस्ट्रीशीटर इजराइल आटे वाला, मोहम्मद शरीफ व हिस्ट्रीशीटर शौकत अली को आरोपी बनाते हुए जाजमऊ थाने में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। इसमें सपा विधायक को गैंग लीडर बनाया गया था। जांच के दौरान गैंग में दो नाम मुरसलीन खान उर्फ भोलू और अज्जन उर्फ एजाज का नाम भी सामने आया। पुलिस ने इरफान सोलंकी, रिजवान सोलंकी, इजराइल आटे वाला, मोहम्मद शरीफ, शौकत अली, मुरसलीन खान उर्फ भोलू और अज्जन उर्फ एजाज के खिलाफ गैंगस्टर मामले में चार्जशीट दाखिल की थी।

### दंगे के आरोपियों का इरफान कनेक्शन

- तीन जून वर्ष 2022 को नई सड़क पर हिंसा हुई थी। इस दिन कानपुर देहात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इसके बाद राष्ट्रपति कानपुर आए थे। इस दौरान कानपुर में हिंसा भड़क गई थी। जांच में सामने आया था कि बिल्डर हाजी वसी और हिस्ट्रीशीटर शौकत अली ने दंगा भड़काने के लिए फंडिंग की थी। दोनों आरोपियों की जांच की गई तो इरफान सोलंकी कनेक्शन सामने आया था। इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी हाजी वसी की हमराज कंस्ट्रक्शन कंपनी में डायरेक्टर थी। इसके साथ ही शौकत अली के साथ ही बिल्डर का काम पार्टनर में चल रहा था।

| धारा | कितनी है सजा |
|---|---|
| 436 | 10 साल से लेकर आजीवन कारावास |
| 506 | 2 साल तक की कैद या जुर्माना |
| 147 | 2 साल का कारावास या जुर्माना |
| 427 | 2 साल तक का कारावास या जुर्माना |
| 323 | 1 साल तक का कारावास या जुर्माना |
| 504 | 2 साल तक की सजा या जुर्माना |


इजराइल की पत्नी बेहोश हो गई।

## आधा इंसाफ मिल गया और आधा 7 जून को मिल जाएगा


नजीर फातिमा।

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जाजमऊ के डिफेंस कालोनी में स्थित प्लॉट पर आगजनी के मामले आरोपियों को दोषी करार देने के बाद पीड़िता नजीर फातिमा और उसकी बेटी कनीज का कहना है कि सच्चाई की राह पर चलने पर उन्हें अल्लाह पर पूरा भरोसा था। आधा इंसाफ मिल गया, आधा 7 जून को मिल जाएगा। उन्हें पूरा भरोसा है कि आरोपियों को सख्त से सख्त सजा सुनाई जाएगी।

मां और बेटी का कहना है कि सात नवंबर की वो रात वह लोग कभी भूल नहीं सकते। प्लॉट पर कब्जा करने को लेकर रिजवान सोलंकी ने अपने साथियों के साथ दीवार गिराकर झोपड़ी में आग लगा दी थी। वह लोग भतीजे के वलीमे कार्यक्रम में गए हुए थे। वह लोग मौके पर पहुंचे जहां रिजवान अपने साथियों के साथ मौजूद था। विधायक के परिवार से उन लोगों का काफी पुराना विवाद है। उन्होंने कहा कि सच्चाई की राह पर चलने पर ही अल्लाह ने आधा इंसाफ दिया है। बाकी सात जून को दे देगा। जिसने गलत किया है, उसे जरूर सजा मिलेगी। उन लोगों को अभी भी जान का खतरा बना हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक के परिवार ने दो वर्ष पूर्व उनके बच्चे को भी परेशान किया। आए दिन फर्जी कागजात तैयार कर नाबालिग को फंसा दिया। इसी कारण उसने दम तोड़ दिया था।


नजीर की जली झोपड़ी (फाइल फोटो) अमृत विचार

### इरफान के घर की लाइटें बंद मिलीं

जाजमऊ के डिफेंस कालोनी निवासी सपा विधायक इरफान सोलंकी के घर के अंदर से बाहर तक लाइटें बंद थीं। रिजवान सोलंकी, उसके पिता हाजी मुश्ताक सोलंकी के घर पर भी सन्नाटा पसरा रहा। घरों के अंदर परिजन मौजूद थे, लेकिन कोई भी शख्स बाहर नहीं निकल कर आया।

### भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया

फोसले के बाद बवाल की आशंका के मद्देनजर पुलिस ने मुस्लिम बहुत क्षेत्रों में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया। पुलिस और पैरामिलेट्री फोर्स जाजमऊ, डिफेंस कालोनी, चमनगंज, बेकनगंज, दादमिया, तलाक महल, मूलगंज, लाटूश रोड, अनवरगंज, बजरिया, नाला रोड, इफ्तिखाराबाद समेत अन्य इलाकों में भारी पुलिस बल रूट मार्च करती रही। पुलिस माइक से लोगों को भीड़ न लगाने की अपील करती रही।


सजा के फैसले के इंतजार में कोर्ट में बेटी नूरी शौकत को देख पिता शौकत अली की आंखों से छलके आंसू तो बेटी ने अपने दुपट्टे से पोछे। मनोज तिवारी

## इरफान गैंग की 150 करोड़ की संपत्ति हो चुकी सीज


कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● **गैंगस्टर एक्ट के तहत हो चुकी है कार्रवाई**

**अमृत विचार।** सपा विधायक इरफान सोलंकी और उसके गैंग में शामिल बिल्डर हाजी वसी और शौकत अली समेत अन्य की करीब 150 करोड़ की संपत्ति गैंगस्टर एक्ट के तहत पूर्व में सीज की जा चुकी है। पुलिस के अनुसार इरफान और उसके भाई रिजवान ने अपराधियों का गिरोह बनाकर शहर में जमीनों का बड़े पैमाने पर कारोबार किया। सत्ता के रसूख से मानक के विपरीत बनाकर एक दो नहीं दर्जनों अपार्टमेंट और मार्केट बनाकर बेच डाली। करोड़ों रुपये की सरकारी जमीनों पर कब्जा किया।

गैंग है अरबों का मालिक

पुलिस के अनुसार इरफान सोलंकी ने कानपुर से लेकर दिल्ली, मुंबई तक रियल इस्टेट में अपना रुपया दूसरे के नाम पर खपाया। अपने राजनैतिक रसूख का इस्तेमाल करके विवादित, सरकारी जमीनों पर कब्जा और अवैध निर्माण का खेल किया। इरफान ने गैंग में शामिल अन्य सदस्यों के नाम पर जमीनों की खरीद फरोख्त और अवैध बिल्डिंगें बनाकर करोड़ों का कारोबार किया। इरफान ने बेनामी संपत्तियां रखीं और फर्जी नामों का इस्तेमाल करके अवैध रुपया को रूट कराया और इसे व्यापारिक आय बताया। गैंग का हर एक सदस्य भी करोड़ों का मालिक बन गया। गैंग में शामिल सभी सदस्यों का लंबा-चौड़ा आपराधिक इतिहास है। पुलिस ने इरफान समेत उनके गैंग की करोड़ों की संपत्तियां सीज की थी।


इरफान सोलंकी।

### इरफान सोलंकी के गैंग का आपराधिक इतिहास

- ❍ इरफान सोलंकी 18 मुकदमे
- ❍ रिजवान सोलंकी 7 मुकदमे
- ❍ इजराइल आटे वाला 19 मुकदमे
- ❍ मुर्सलीन उर्फ भोलू पार्षद 6 मुकदमे
- ❍ एजाजुद्दीन उर्फ सबलू 18 मुकदमे
- ❍ मोहम्मद शरीफ 5 मुकदमे
- ❍ शौकत अली 11 मुदकमे
- ❍ एज्जन उर्फ एजाजुद्दीन 11 मुकदमे

### गैंग पर पड़ी थी ईडी की रेड

सात मार्च 2024 को सपा विधायक इरफान सोलंकी के जाजमऊ केडीए कालोनी वाले घर पर सुबह पांच बजे ईडी ने छापेमारी की थी। ईडी ने रिजवान सोलंकी, पिता मरहूम हाजी मुश्ताक सोलंकी, नूरी शौकत, हाजी वसी समेत कई स्थानों पर छापेमारी की थी। सूत्रों ने बताया था कि ईडी को मौके से इरफान के घर से नकदी और पुराने मोबाइल बरामद हुए थे, जिसे ईडी अपने साथ ले गई थी।

### राजनीति इरफान को विरासत में मिली

इरफान सोलंकी राजस्थान के अजमेर में 5 जून, 1979 को हाजी मुश्ताक सोलंकी के घर जन्मे थे। राजनीति इरफान को विरासत में मिली है। उनके पिता मरहूम हाजी मुश्ताक सोलंकी मुलायम सिंह यादव के काफी करीबी रहे थे। अपने पिता की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए सोलंकी ने पहली बार साल 2007 में उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले में आर्यनगर सीट से विधानसभा चुनाव लड़ा। वह इस चुनाव में सपा को जीत दिलाने में सफल रहे। इसके बाद साल 2012 में और 2017 की मोदी लहर में भी सोलंकी को कोई हरा नहीं पाया। दोनों ही चुनाव में वह सपा के टिकट पर सीसामऊ सीट से चुनाव लड़े थे। साल 2023 में भी सोलंकी को इसी सीट पर जीत मिली थी। इरफान सोलंकी का लेदर का कारखाना है।

## पापा की 35 साल पुरानी विधानसभा सीट है, इंसाफ होकर रहेगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● **सजा सुनाए जाने के बाद बोला रिजवान सोलंकी, अभी ऊपर वाला है**



**अमृत विचार।** सजा सुनाए जाने के बाद देर रात रिजवान सोलंकी को जेल ले जाया गया। सोमवार सुबह करीब 11 बजे पुलिस रिजवान को लेकर कोर्ट पहुंची थी। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पहले निर्णय का समय चार बजे तय किया, लेकिन आदेश तैयार होने के बाद शाम छह से सात बजे के बीच का समय तय किया। इसके बाद रात करीब साढ़े नौ बजे मामले में फैसला आया। पुलिस सभी दोषियों को जेल ले जाने लगी तो रिजवान सोलंकी बोले कि मेरे पापा ने मेहनत की है, उनकी 35 साल पुरानी विधानसभा सीट है, बाकी सब आप लोग जानते हैं... हमें ऊपर वाले पर भरोसा है, इंसाफ होकर रहेगा।

विधायक इरफान सोलंकी समेत पांचों दोषियों के खिलाफ एक मार्च को ट्रायल पूरा हो चुका था। कोर्ट ने फैसले के लिए 14 मार्च की तिथि निर्धारित की, इसके बाद 19, 22, 28 मार्च व चार अप्रैल की तिथियां निर्धारित की गईं, लेकिन फैसला नहीं आ सका। कोर्ट ने जजमेंट देने से पहले अभियोजन व बचाव पक्ष से लिखित बहस मांगी, जिसके बाद 100 से अधिक पन्नों की सभी आरोपियों की ओर से लिखित बहस दाखिल की थी। जिसके बाद दोबारा बहस शुरू की और तीन जून को फैसले की तिथि तय की गई। सोमवार को सुबह पुलिस रिजवान सोलंकी, इजरायल आटेवाला व शौकत अली को कोर्ट में लेकर पहुंची, जबकि जमानत पर रिहा मो. शरीफ स्वंय कोर्ट पहुंचा। शाम को चार बजे बचाव पक्ष के अधिवक्ता सईद नकवी, शिवाकांत दीक्षित, करीम सिद्दकी कोर्ट पहुंचे तो कोर्ट ने छह से सात बजे के बाद फैसले की समय तय किया। रात करीब साढ़े नौ बजे कोर्ट ने फैसला सुनाया तो सभी आरोपियों के चेहरे सफेद पड़ गए।

### बचाव पक्ष के तीन गवाह

1– मो. शरीफ
2– ऋषभ कुमार
3– विवेक श्रीवास्तव

### पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता

1– डीजीसी दिलीप अवस्थी
2– एडीजीसी भास्कर मिश्रा
3– प्राची श्रीवास्तव, वादिनी की अधिवक्ता

### बचाव पक्ष के अधिवक्ता

1– सईद नकवी
2– करीम सिद्दीकी
3– शिवाकांत दीक्षित

### अभियोजन के 18 गवाह

1– संजीव कुमार, हेड कांस्टेबल
2– कनीज जेहरा
3– शमसुल हसन
4–नजीर फातिमा
5– मो. हसन
6– शीना
7– दिलीप कुमार, कांस्टेबल
8– शशिकांत शर्मा, फायरमैन
9– अकील अहमद खान
10– सारिक अली
11–डॉ ओपी राय
12– डॉ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव
13– मो. नसीम आरिफ
14– धर्मेंद्र कुमार
15– पिंकी देवी, कांस्टेबल
16–अभिषेक शुक्ला, दरोगा
17– अशोक कुमार दुबे, विवेचक
18– विष्णु कुमार सैनी

## शरीफ के परिजन बोले, प्रशासन की साजिश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** फैसला सुनाए जाने के बाद जमानत पर रिहा मो. शरीफ को पुलिस हिरासत में ले लिया गया। एक बार मिलने की आस में इजरायल, शरीफ, रिजवान व शौकत पहलवान के परिजन जेल पहुंच गए। हालांकि पुलिस ने दोषियों को परिजनों से मिलने नहीं दिया। इस दौरान शौकत अली की बेटी नूरी शौकत, बेटा अशरफ अली व अल्मास ने पिता से कहा कि पापा ख्याल रखना, परेशान मत होना... अल्लाह है।

सजा सुनाए जाने के बाद पांचों दोषियों के परिजन फूट-फूट कर रोने लगे। आक्रोशित परिजन पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाने लगे। फैसले को एकतरफा करार देते हुए कहा कि फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील करेंगे। पुलिस ने सभी को कोर्ट परिसर से बाहर निकाला। शौकत अली की बेटी नूरी शौकत ने कहा कि उनके पिता सुबह सात बजे साइट से निकलते थे और शाम को सीधे घर आते थे, जिला प्रशासन ने उन्हें फर्जी तरीके से राजनीति का शिकार बनाया है।

नूरी ने आरोप लगाते हुए कहा कि पिता के खिलाफ एक भी मुकदमा नहीं था, पुलिस ने उनको छह माह में गैंगस्टर घोषित कर दिया। ईडी के छापे में पूरे दस्तावेज दिखाए गए, जिस पर ईडी ने उन्हें क्लीन चिट तक दे दी। कहा कि हम फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील करेंगे।

### इजराइल की बीवी बोली, घर कैसे चलेगा

फैसला सुनाए जाने के बाद गश खाकर गिरी इजरायल आटेवाला की बीवी को पानी की छीटें मार कर होश में लाया गया। होश में आने के बाद वह परिजनों के गले लग कर बिलखती रही। इस दौरान वह बोली कि पति को सजा हो गई अब घर कैसे चलेगा।

## रंगदारी में नहीं मिले साक्ष्य दोषमुक्त किए गए सभी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** एमपीएमएलए सेशन कोर्ट ने पांच आरोपियों को आगजनी समेत छह धाराओं में दोषी करार दिया। वहीं रंगदारी व अपराध की साजिश रचने की धाराओं में दोष मुक्त करार दिया।

आगजनी करने में सपा विधायक इरफान सोलंकी, शौकत अली, रिजवान सोलंकी, शरीफ, इजरायल आटेवाला, अनूप यादव, महबूब आलम, शमशुद्दीन, एजाजुद्दीन, मो. एजाज, मुरसलीन भोलू, शकील चिकना के खिलाफ धारा 436, 506,147,327,427,504,386 व 120 बी की धाराओं में जाजमऊ थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। कोर्ट ने रंगदारी (386) व 120 बी (अपराध की साजिश रचना) की धाराओं में पांचों आरोपियों को दोष मुक्त करार दिया गया। कोर्ट ने निर्णय सुनाते हुए कहा कि अपराध की साजिश रचने के दौरान दोषी, घटना के दौरान मौके पर मौजूद थे, इसलिए इस धारा का दोषमुक्त करार दिया जाता है।

### इन धाराओं में यह लोग दोषी पाए गए

- ❍ धारा 436, 506, 427,147,323,– सभी दोषी
- ❍ धारा 504– इरफान सोलंकी, रिजवान सोलंकी

## पैरवी के लिए छोड़ी सरकारी नौकरी

अभिनव मिश्र, कानपुर

**अमृत विचार।** आगजनी मामले में आरोपी शौकत अली के छोटे बेटे अल्मास शौकत ने पिता की पैरवी के लिये स्पोर्ट्स कोटे से लगी सरकारी नौकरी छोड़ दी। बुरे वक्त में पिता की लाठी बने अल्मास ने पैरवी के कारण अपनी रणजी टीम से भी दूरी बना रखी है।

ग्वालटोली निवासी शौकत अली के बच्चों में अल्मास शौकत का वर्ष 2006 में यूपी अंडर-15 टीम में चयन हुआ था। इसके बाद अंडर 16, 19 व 23 में भी अल्मास ने जगह बना ली। अंडर 23 में खेलने के दौरान लीग में सात मैच में अल्मास ने 850 रन बनाए, जिसके बाद उसे वर्ष 2015 में मुम्बई में बेस्ट बैट्समैन का एमए चित्रम अवार्ड दिया गया। वर्ष 2015 में अल्मास का यूपी रणजी टीम में चयन होने के बाद उसने पहला मैच मध्य प्रदेश के खिलाफ खेला, जिसमे उसने शतक ठोका था। फरवरी 2022 में अल्मास ने रणजी टीम का आखिरी मैच हरियाणा में महाराष्ट्र के खिलाफ खेला, जिसमें उसने 101 रन बनाये थे। रणजी टीम में लगातार खेलते हुए स्पोर्ट्स कोटे से 13 अप्रैल 2022 में जयपुर में फाइनेंस एंड कम्युनिकेशन कार्यालय में क्लर्क की नौकरी लगी। कोर्ट पहुंचे अल्मास ने बताया कि पिता के जेल जाने की जानकारी के बाद उसने नौकरी छोड़ने की सोची। लेकिन, परिजनों के मना करने बाद वह नौकरी करता रहा। उसका नौकरी में मन नही लगा और फरवरी 2024 में वह नौकरी छोड़ कर कानपुर वापस आ गया और पिता की पैरवी में लग गया। पैरवी के दौरान उसके पास कई बार टीम में वापसी करने के संदेश आये, लेकिन वह वापस न जा सका। कोर्ट परिसर में अल्मास ने बताया पैरवी में उसका क्रिकेट का करियर बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। कमबैक करने के लिये प्रैक्टिस और फिटनेस पर जोर दे रहे हैं। पिता को न्याय दिलाने के बाद दोबारा अपनी टीम के लिये खेलूंगा।

### भाई जीत चुका एशिया कप

अल्मास का बड़ा भाई अशरफ अली उर्फ शेखू जूनियर एशिया कप खेल चुका है। अल्मास के मुताबिक वर्ष 2000 में मलेशिया में एशिया कप का फाइनल मैच पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेला था। जिसे जीत कर उसने क्रिकेट चैंपियनशिप टीम के नाम की थी। इसके साथ ही अशरफ ने जूनियर इंडिया की टीम की ओर से वर्ल्डकप में भी हिस्सा लिया था।

आज का मौसम
तेज धूप रहेगी उमस के बीच गर्म हवा चलेगी।

| 44.0° | 27.6° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05 : 15 | सूर्यास्त 06 : 59 |

### आचार्य श्री शांति सागर पर विशेष डाक कवर जारी होगा

**कानपुर।** 20 वीं सदी के प्रथमाचार्य चक्रवर्ती आचार्य श्री शांति सागर जी महामुनिराज के आचार्यत्व पदारोहण के शताब्दी वर्ष 2023-24 के उपलक्ष्य में डाक विभाग विशेष कवर का अनावरण 6 जून को दोपहर 2.30 बजे करेगा। समारोह का आयोजन बड़ा चौराहा स्थित मुख्य डाकघर में किया जाएगा। निदेशक डाक सेवाएं सुबोध प्रताप सिंह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि चीफ पोस्ट मास्टर शूंभ राय होंगे। कानपुर जैन समाज उत्तर प्रदेश एवं वास्ट जैन फाउंडेशन के अध्यक्ष धनराज सुराना जैन, सभापति संजय जैन, महामंत्री त्रिभुवन चंद्र जैन ने ये जानकारी दी।

## एक नजर

### टिकट कैंसिल कराने पर 48 हजार का चूना लगा

**कानपुर।** ऑनलाइन रेल टिकट कैंसिल कराने पर ठगों ने युवक के खाते से 48 हजार रुपये पार कर दिए। पीड़ित ने साइबर थाने में शिकायत की जिसके बाद रुपये होल्ड कर दिए गए। बर्रा छह निवासी शांति सिंह यादव ने बताया कि 26 मार्च की शाम को उन्होंने ट्रेन की टिकट कैंसिल कराने के लिए रेलवे की आईआरसीटीसी पोर्टल पर दिए गए मोबाइल नंबर पर फोन किया था। टिकट तो कैंसिल नहीं हुई लेकिन उसके अकाउंट से गूगल पे द्वारा चार बार में 48 हजार रुपये निकल गए। उन्होंने चार अप्रैल को साइबर क्राइम में रिपोर्ट दर्ज कराई तो यह धनराशि रिकवर कर ली गई। हालांकि थाने में रिपोर्ट दर्ज न होने के चलते रुपये खाते में नहीं आए। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज हो गई है। मामले की जांच की जा रही है।

### एटीएम कार्ड फंसा, खाते से निकले 90 हजार

**कानपुर।** नवाबगंज के आजाद नगर निवासी मोहित तिवारी के साथ एटीएम कार्ड फंसने पर ठगी हो गई। उनके अनुसार वह आजाद नगर स्थित एक एटीएम मशीन से रुपये निकालने गए थे। उनका एटीएम कार्ड मशीन में फंस गया। मशीन पर लिखे नंबर पर कॉल करने पर सामने से बताई जा रही जानकारी को फॉलो करते गये। कुछ देर बाद एटीएम कार्ड बाहर निकल आया और कहा गया कि 24 घंटे बाद आप अपने एटीएम कार्ड को इस्तेमाल कर सकते हैं। इस पर वह घर चले गये। रात में उनके मोबाइल पर रुपये निकल जाने के मैसेज आने शुरू हो गये। छह बार में उनके खाते से करीब 90 हजार रुपये निकल गये। पीड़ित ने नवाबगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### बिटकॉइन के जरिये ठगे साढ़े तीन लाख रुपये

**कानपुर।** सचेंडी थानाक्षेत्र में एक प्राइवेट कंपनी के अकाउंट मैनेजर से बिटकॉइन के जरिये कई बार में करीब साढ़े तीन लाख रुपये ठग लिए गए। पीड़ित ने शिकायत थाने में की और रिपोर्ट दर्ज कराई। सचेंडी गायत्री नगर निवासी धीरेंद्र प्रताप सिंह बीएचएम इंडस्ट्रीज कंपनी में अकाउंट मैनेजर हैं। उनके अनुसार अक्टूबर 2023 में बिनेंस कंपनी की सहायक कंपनी में बिटकॉइन के जरिये करीब 3.71 लाख रुपये कई बार में कई खातों में ट्रंसफर किए थे। कुछ वक्त बाद कंपनी से उन्होंने रुपये उनके खाते में भेजने की बात कही। इसके बाद कंपनी ने उनका ट्रेडिंग खाता फ्रीज कर दिया और एक लाख रुपये की मांग की। सचेंडी पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।


मतगणना स्थल के बाहर पैरामिलेट्री फोर्स का पहरा। अमृत विचार


जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार, पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। अमृत विचार

### एसबीआई के पास होगी पार्किंग

मतगणना अधिकारियों ने बताया कि गेट नंबर एक से प्रवेश के बाद एसबीआई के समीप सभी के वाहन खड़े होंगे। पार्किंग की व्यवस्था एसबीआई के पास सड़क के दोनों तरफ होगी। मतगणना स्थल की ओर जाने वाले मार्ग पर लगे बैरियर के आगे कोई वाहन नहीं जाएगा। वाहनों की निकासी भी एक नंबर गेट से ही होगी। गेट नंबर दो से प्रवेश किसी को नहीं मिलेगा।

### बंद रहेंगी शराब की दुकानें

मतगणना को लेकर प्रशासन ने शराब की दुकानें बंद रखने का आदेश दिया है। इसका कड़ाई से पालन कराने का आदेश है। विजय जुलूस निकालने पर भी पाबंदी है।

# अकबरपुर लोकसभा का नतीजा सबसे पहले आएगा

- लोकसभा चुनाव की मतगणना आज, नहीं निकलेगा विजय जुलूस
- सुबह चार बजे होगा रेंडमाइजेशन, पांच बजे पहुंचेंगे मतगणना से जुड़े कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीसीटीवी कैमरों से निगरानी मेटल डिटेक्टर से गुजरना होगा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में मतगणना की तैयारियां पूरी हैं। मंगलवार सुबह पांच बजे मतगणना कर्मचारी नवीन गल्लामंडी नौबस्ता पहुंचेंगे। मंडी में प्रवेश द्वार पर तलाशी के बाद सभी को मेटल डिटेक्टर से गुजरना होगा। मंडी में कंट्रोल रूम से सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। नतीजे आने पर विजय जुलूस नहीं निकाला जा सकेगा। कानपुर और अकबरपुर लोकसभा सीट के मतों की गणना में सबसे पहले अकबरपुर का परिणाम आएगा। विधानसभावार नतीजों में सबसे पहले सीमामाऊ विधानसभा का परिणाम आएगा। सीसामऊ विधानसभा में सिर्फ 39 राउंड ही गणना होगी। इसके बाद कल्याणपुर का नतीजा आएगा। यहां 48 राउंड और अंतिम चरण में बिठूर व महाराजपुर विधानसभा के नतीजे आएंगे। बिठूर में 59 व महाराजपुर में 64 राउंड की गणना होनी है।

नवीन गल्लामंडी में कानपुर और अकबरपुर लोकसभा सीट की मतगणना की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। गल्लामंडी के चार चबूतरों पर सुबह आठ बजे से मतगणना होगी। विधानसभावार 14-14 टेबलें मतगणना के लिए लगाई गई हैं। कुल 140 टेबलें लगेंगी। इस तरह एक विधानसभा के 14 बूथ की गिनती एक साथ होगी। विधानसभावार गिनती की गणना करें तो 140 बूथों की गिनती एक राउंड में होगी। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी कमल किशोर ने बताया कि एनआईसी में मंगलवार सुबह चार बजे तृतीय रेंडमाइजेशन होगा। रेंडमाइजेशन के बाद सूची लेकर मतगणना कर्मचारी गल्लामंडी पहुंचेंगे। इसके बाद सुबह पांच बजे से कर्मचारियों की तलाशी के बाद प्रवेश मिलना शुरू हो जाएगा। कर्मचारी टेबलों पर पहुंचने लगेंगे। मतगणना कर्मचारियों के साथ सभी को मेटल डिटेक्टर से गुजरना होगा। मतगणना के दौरान हर टेबल पर एक माइक्रो आब्जर्वर की तैनाती होगी। कुल 140 माइक्रो आब्जर्वरों की ड्यूटी रहेगी। जिनकी देखरेख में मतगणना कराई जाएगी। प्रत्येक विधानसभा में एक आरओ की तैनाती होगी। नवीन मंडी परिसर में एक दर्जन से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

### निरीक्षण करेंगे आरओ और प्रेक्षक

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि हर विधानसभा मतगणना टेबलें पर एक आरओ की तैनाती है। जो लगातार अपने निर्धारित टेबलों पर निरीक्षण करेंगे। प्रेक्षक और जिला निर्वाचन अधिकारी दोनों लोकसभा के टेबलें पर जाकर निरीक्षण करते रहेंगे।

### सुबह आठ बजे तक मत भेज सकेंगे सर्विस वोटर

सर्विस वोटर मतगणना के दिन सुबह आठ बजे तक अपने वोट भेज सकते हैं। अब तक करीब 3300 जवानों ने अपने मतपत्रों को देश की सीमाओं से भेजा है। प्रत्याशियों के जीत व हार में जिले के 7977 सर्विस वोटरों की अहम भूमिका रहेगी। जिसमें अभी तक अकबरपुर लोकसभा के 2603 और कानपुर लोकसभा के 656 सर्विस वोट आए हैं।

### पहले डाक मतपत्रों पोस्टल बैलेट की गिनती

जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि कार्मिकों के डाक मतपत्र और 85 प्लस व विकलांग मतदाताओं के पोस्टल बैलेट की गिनती सबसे पहले होगी। इन मतों की सूची तैयार करने के बाद ईवीएम से हुए मतदान की गिनती शुरू होगी।

### मोबाइल के साथ प्रवेश प्रतिबंधित है

नवीन गल्लामंडी में बने चारों मतगणना हॉल में किसी को भी मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं होगी। सिर्फ आयोग की अनुमति वाले अधिकारी ही मोबाइल ले जा सकेंगे। मोबाइल जमा कराने के लिए गल्लामंडी में कई काउंटर बनाए गए हैं। मोबाइल के साथ इलेक्ट्रानिक डिवाइस पर भी प्रतिबंध होगा। ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों को भी मोबाइल काउंटरों पर जमा करना होगा।


भाजपा उत्तर पार्टी कार्यालय में जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने सोमवार को जिला पदाधिकारियों की बैठक की। अमृत विचार

## इलेक्ट्रॉल और ग्लूकोज देकर भेजे जाएंगे भाजपाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मॉनीटरिंग टीम सभी एजेंटों को सुबह पांच बजे जगाएगी

**अमृत विचार।** भाजपा उत्तर पार्टी कार्यालय में अध्यक्ष दीपू पांडे ने सोमवार को जिला पदाधिकारियों की बैठक की। दीपू पांडे ने बताया कि मॉनीटरिंग टीम सभी एजेंटों को सुबह पांच बजे से ही जगाने का कार्य करेगी। जिसकी जिम्मेदारी कार्यालय मंत्री रोहित साहू को दी गई है। सभी सुबह 6:30 बजे तक कानपुर लोकसभा कैंप कार्यालय अमरावती पैलेस नौबस्ता गल्ला मंडी में पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। सभी को बुकलेट और प्रचंड गर्मी को देखते हुए पानी की बोतल इलेक्ट्रॉल, ग्लूकोज के पाउच दिए जाएंगे।उन्होंने दावा किया कि कानपुर एवं अकबरपुर लोकसभा की सीटें हम बड़े अंतर से जीतने जा रहे हैं। कानपुर उत्तर जिला मीडिया प्रभारी अंकित वाजपेई ने बताया कि भाजपा उत्तर के नेतृत्व में जीत के बाद शाम चार बजे परेड चौराहे पर पटाखे छुड़ाकर और आम जनमानस को मिष्ठान खिलाकर कार्यकर्ता जश्न मनाएंगे। जगह-जगह प्याऊ एवं शरबत वितरण होगा। बैठक में संतोष शुक्ला, अवधेश सोनकर, आनंद मिश्रा, सत्येंद्र पांडे, रंजीत भदौरिया, जन्मेजय सिंह, सुनील जायसवाल, रिचा सक्सेना, मुकेश भाटिया, पारस मदान आदि रहे।


अकबरपुर सीट के गठबंधन प्रत्याशी रामाराम पाल व साथ में मौजूद विधायक अमिताभ बाजपेई ने प्रेस वार्ता में धांधली की आशंका जताई। अमृत विचार

## फौजी की तरह मुस्तैद रहें गठबंधन के सिपाही

- प्रत्याशी राजाराम ने कहा धांधली की आशंका है

**कानपुर।** निष्पक्ष मतदान के साथ पारदर्शी मतगणना भी लोकतंत्र का आधार है। पार्टी का हर कार्यकर्ता, पदाधिकारी जब तक आखिरी वोट की गिनती न हो जाए, तब तक काउंटिंग स्थल पर एक फौजी की तरह मुस्तैद रहे। यह बात गठबंधन प्रत्याशी राजाराम पाल ने बर्रा स्थित लोकसभा केंद्रीय चुनाव कार्यालय पाल टॉवर में कही।

सपा जिलाध्यक्ष मुनींद्र शुक्ला, विधायक अमिताभ बाजपेई, महानगर अध्यक्ष फजल महमूद, विधायक मो. हसन रुमी, वीरसेन यादव, बबलू राजा ने कहा कि भाजपा शासन में निष्पक्ष मतदान और पारदर्शी मतगणना की संभावना कम ही है।

उन्होंने मतगणना के दिन सत्ता के दबाव में धांधली की आशंका जताई और अपने एजेंटों को सावधान रहने के लिए कहा। कहा कि भाजपा के इशारे पर मीडिया में एक्जिट पोल के सहारे माहौल बनाया जा रहा है। इसी तरह मतगणना को प्रभावित करने की योजना है। पांच मशीनों के वीवीपैट की पर्ची का मिलान किए जाने से शत प्रतिशत निष्पक्ष मतगणना संभव नहीं है। प्रशासनिक अधिकारियों पर दबाव बनाया जा रहा है।

# 172 अवैध वाहन सर्विस सेंटरों पर 63 लाख का जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भूमिगत पानी का दोहन करने पर जलकल ने की कार्रवाई
- जोन 6 में सबसे ज्यादा 52 सर्विस सेंटरों पर जुर्माना

**अमृत विचार।** भूमिगत जल दोहन करने पर शहर के 172 वाहन धुलाई सर्विस सेंटर पर जलकल ने कुल 63.27 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। जोन-6 में सबसे ज्यादा 52 सर्विस सेंटर पर कार्रवाई की गई है। वाहन की धुलाई कार्य को तत्काल बंद करने के निर्देश भी जारी किये हैं। जलकल महाप्रबंधक एके त्रिपाठी के अनुसार अब वाहन धुलाई सेंटर चलते मिले तो एफआईआर दर्ज होगी। हालांकि ये कार्रवाई और चेतावनी हर साल जारी की जाती है, पर अवैध धुलाई सेंटर बंद कभी नहीं होते।

धुलाई सेन्टरों द्वारा ग्राउण्ड वॉटर का अवैध तरीके से दोहन किया जाता है। जलकल के अधिकारियों के अनुसार इससे जलकल के नलकूपों के वॉटर लेवल पर विपरीत प्रभाव पड़ना शुरू हो गया है। इससे शहर में जलापूर्ति भी प्रभावित हो सकती है। जलकल ने जोन एक से छह तक 172 वाहन धुलाई सेंटरों पर 63 लाख 27 हजार 543 रुपये का जुर्माना लगाया है।


शास्त्री नगर में वाहन धुलाई में भूमिगत जल दोहन हो रहा है। अमृत विचार

**एक कार धोने में बहा रहे 250 लीटर पानी :** शहर में रोजाना औसतन साढ़े पांच लाख लीटर पानी बर्बाद होता है। एक आंकड़े के अनुसार एक कार की धुलाई में औसतन 150 से 250 लीटर पानी बहाया जा रहा है। बाइक की धुलाई में लगभग 55-60 लीटर पानी की बर्बादी हो रही है। जिससे समस्या बढ़ने की आशंका है। जलकल विभाग की जांच के मुताबिक शहर में 500 से ज्यादा वाहन धुलाई सेंटर हैं। सेंटर वालों को पानी का कामर्शियल कनेक्शन लेना होता है, इसके साथ ही कामर्शियल बिजली मीटर भी लगाना पड़ता है। इसके बाद भी बिना एनओसी के इनका संचालन गैर कानूनी है।

**500** से अधिक वाहन सर्विस सेंटर हैं
**250** लीटर एक कार धुलाई में खर्च
**5.50** लाख लीटर पानी की रोज बर्बादी
**60** लीटर टू-व्हीलर की धुलाई पर पानी खर्च

**जोनवार सर्विस सेंटरों पर जुर्माना**

| जोन | सर्विस सेंटर की संख्या | जुर्माना |
|---|---|---|
| 1 | 17 | 5,88,000 |
| 2 | 29 | 14,25,052 |
| 3 | 24 | 11,27,550 |
| 4 | 25 | 8,76,680 |
| 5 | 25 | 12,67,550 |
| 6 | 52 | 10,42,711 |
| योग | 172 | 63,27,543 |

### अवैध सेंटरों के खिलाफ होगी एफआईआर

जलकल महाप्रबंधक ने कहा कि अगर वाहन धुलाई सर्विस सेंटरों द्वारा विभागीय संयोजन लिया गया है उनको तत्काल काट दिया जाये। अवैध वाहन धुलाई सर्विस सेंटर बंद किये जाने के लिये रिपोर्ट दर्ज करायी जाये। जिन सेंटरों में निजी बोरिंग हैं उनके विरूद्ध कार्रवाई के लिये भूगर्भ जल विभाग को लिखा जाये।

## कानपुर से प्रयागराज का बस का किराया 311 रुपये

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- परिवहन मुख्यालय ने सोमवार आधी रात से बढ़ाया किराया

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन ने सोमवार रात 12 बजे से बसों का किराया बढ़ा दिया है। कानपुर से साधारण बस से प्रयागराज जाने को 302 की जगह 311 रुपये देने होंगे। एसी थ्री बाई टू में 389 की जगह 398 रुपया देना होगा। टू बाई टू में 455 के स्थान पर 464 रुपया देना होगा। दिल्ली के लिए साधारण और एसी बसों का किराया भी बढ़ा है। कानपुर परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल कुमार ने समस्त डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को किराया बढ़ाने का आदेश जारी किया है।

| कानपुर से रूट | साधारण किराया | एसी 3X2 | एसी 2X2 |
|---|---|---|---|
| दिल्ली | 704 | 903 | 1065 |
| गोरखपुर | 585 | 748 | 872 |
| सोनौली | 720 | 936 | 1093 |
| अयोध्या | 388 | 502 | 584 |
| गाजीपुर | 608 | 785 | 916 |
| वाराणसी | 494 | 638 | 743 |
| नोट- किराया प्रति यात्री रुपये में है। | | | |

करियर की राह
कौशल विकास मिशन में अधिक संख्या में हो सकेंगे प्रवेश

# चमड़ा क्षेत्र की 200 सीटें बढ़ीं, कृषि में भी प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कृषि क्षेत्र में पहली बार 108 सीटों पर प्रवेश मिल सकेगा

**अमृत विचार।** कौशल विकास मिशन के तहत इस बार युवाओं को दो सहूलियतें मिलने जा रही हैं। इनमें जिले में ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) में शामिल लेदर ट्रेड में 200 सीटों का इजाफा होगा। इसके अलावा कृषि क्षेत्र में भी युवाओं को 108 सीटों पर प्रवेश मिल सकेगा। जुलाई से शुरू होने वाले सत्र से दोनों ही सहूलियत मिलेंगी।

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की ओर से लेदर ट्रेड में फिलहाल जिले में दो सेंटर में 135 सीटों पर युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाता था। इनमें आईटीआई पाण्डु नगर में 27 और एक अन्य संस्थान को 108 सीटों का लक्ष्य मिला था। मिशन से जुड़े अधिकारियों के अनुसार नए सत्र से इसमें इजाफा होने जा रहा है। इस बार 200 और सीटों पर प्रवेश युवाओं को मिल सकेगा। मिशन की ओर से जिले में कृषि क्षेत्र का ट्रेड भी जुड़ने जा रहा है।

कृषि क्षेत्र में संभावनाओं के चलते इस बार इस ट्रेड के शामिल होने भी प्रस्ताव जिले से भेजा गया था। माना जा रहा है कि कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप के प्रति रुझान बढ़ने से युवाओं में आकर्षण दिखा है। अब इस नए सत्र में इस ट्रेड की 108 सीटों पर युवा मिशन के तहत प्रवेश हासिल कर सकेंगे। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के जिला समन्वयक संजय सिंह ने बताया कि लेदर सेक्टर में अधिक युवा ट्रेनिंग हासिल कर सकेंगे।



### चमड़ा क्षेत्र में जल्द रोजगार मिलता

जिले में चमड़ा क्षेत्र में युवाओं को जल्द रोजगार मिलना भी इस क्षेत्र के प्रति युवाओं का रुझान बढ़ाता है। शहर की बात की जाए तो यहां से लगभग 8 हजार करोड़ रुपये सालाना का निर्यात चर्म उत्पादों का है। इसके अलावा चमड़े की छोटी 129 यूनिटों में भी इस क्षेत्र में प्रशिक्षण के बाद युवाओं को जल्द रोजगार हासिल होता है।

## शादी में आई महिला का हार चोरी

**कानपुर।** रेलबाजार थानाक्षेत्र में बहन की बेटे की शादी में शामिल होने आई महिला का सोने का हार चोरी हो गया। मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

फर्रुखाबाद के अंबेडकर नगर गली वार्ड नंबर तीन निवासी संगीता सिंह के अनुसार 26 अप्रैल को वह अपनी बहन के बेटे की शादी में कैंट मीरपुर आई थी। बहन के घर के बगल में ही मामा अमर सिंह के घर रुकी थीं। तभी पर्स से सोने का हार गायब हो गया। पता चला कि बड़ी बहन चौबेपुर के त्रिलोकपुर निवासी बऊवा ने हार चुराया है। पीड़िता ने जब बहन को फोन किया उन्होंने गालीगलौज करते हुए फोन काट दिया।

# समर स्पेशल ट्रेन में काक्रोचों की रेस, दौड़े-भागे यात्री

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रेलमंत्री को ट्वीट, सेंट्रल स्टेशन पर कीटनाशक छिड़का
- सूबेदारगंज से ऊधमपुर जा रही समर स्पेशल का मामला

**अमृत विचार।** सूबेदारगंज से ऊधमपुर जा रही समर स्पेशल 04141 ऊधमपुर एक्सप्रेस के थर्ड एसी कोच एम-थ्री में सोमवार को काक्रोच निकलने से यात्रियों में दौड़-भाग मच गई। बच्चे डर के मारे चिल्लाने लगे। यात्रियों ने इसकी सूचना अटेंडेंट को दी, मगर समस्या का समाधान नहीं हो सका। इस पर यात्रियों ने रेल मंत्री को ट्वीट कर शिकायत की। ट्रेन जब सेंट्रल स्टेशन पहुंची तो यात्रियों ने नाराजगी जताई। इसके बाद कोच में कीटनाशक का छिड़काव किया गया। इसके बाद ट्रेन आगे के लिए रवाना हुई।

थर्ड एसी के एम- थ्री कोच में 17 से 22 नंबर सीट पर परिवार के साथ सफर कर रहीं पलक केसरवानी ने ट्वीट से रेल मंत्री व अधिकारियों को बताया कि कोच में नीचे की सीटों में काक्रोच की भरमार है।


एक साथ दर्जनों काक्रोच इधर से उधर घूमने और उड़ने पर पूरे कोच में अफरातफरी का माहौल है। शिकायत के बाद भी किसी अधिकारी ने संज्ञान नहीं लिया है। ट्वीट के बाद रेलवे अधिकारियों ने कोच में कीटनाशक छिड़काव के आदेश दिए।

ट्रेन रात आठ बजे जब सेंट्रल स्टेशन पहुंची तो कर्मचारियों ने थर्ड एसी समेत अन्य एसी कोचों में भी कीटनाशक का छिड़काव किया। कोच में काक्रोचों की रेस खत्म होने पर ही यात्री शांत हुए। यात्रियों ने बताया ट्रेन पहले से ही एक घंटा 40 मिनट देरी से चल रही थी। उस पर सेंट्रल स्टेशन पर 37 मिनट और खड़ी रही।

# बिजली संकट से कोहराम, न दिन में चैन मिले न रात को आराम

## फॉल्ट व ट्रिपिंग से शहर में जारी है बिजली संकट, भीषण गर्मी में लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- ज्यादा मांग से केस्को के 60 प्रतिशत ट्रांसफार्मर ओवरलोड चल रहे

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में केस्को के 60 प्रतिशत ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो गए हैं, जिसके कारण फॉल्ट व ट्रिपिंग की समस्या रात और दिन दोनों समय हो रही है। रात में कई इलाकों में छह घंटे से अधिक समय तक बिजली गुल हो रही है। दिन में भी फॉल्ट व ट्रिपिंग के कारण कई बार बिजली जाती है।

रविवार रात को राजीव नगर, केशवपुरम, यशोदा नगर, मंगला विहार, रविंद्र नगर, दहेली सुजनपुर, गोपाल नगर, बसंत विहार, आवास विकास तीन, नौबस्ता हंसपुरम समेत एक दर्जन क्षेत्र में पूरी रात बिजली संकट रहा, जिसकी वजह से लाखों लोगों की नींद हराम हो गई। इसके अलावा सोमवार को स्वराज नगर पनकी, पटेल विहार, जरौली फेस-दो, गुजैनी, आजाद नगर, चुन्नीगंज, शिवपुरी, अहिरवां, बर्रा विश्व बैंक, लाजपत नगर, दबौली, फजलगंज, पीरोड व जरीबचौकी समेत 80 क्षेत्रों में पूरे दिन भीषण गर्मी में घंटों तक बिजली न आने पर परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली संकट के कारण लोगों को पेयजल संकट भी झेलना पड़ रहा है।

केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला के मुताबिक दो जून को केस्को के अंतर्गत अधिकतम लोड 595 मेगावाट रहा। केस्को की संपूर्ण औसत विद्युत आपूर्ति 23 घंटे 36 मिनट रही। जहां भी बिजली संबंधित शिकायत आ रही हैं, उनका समाधान किया जा रहा है।

### बोले लोग



इस बार बिजली की कटौती बहुत ज्यादा हो रही है। हम मानते हैं कि गर्मी की वजह से मांग बढ़ी है लेकिन केस्को को पहले से तैयारी करनी चाहिये थी। रात की कटौती तो तत्काल बंद होनी चाहिये।

– शिवम, आनंदबाग



बिजली कटौती ने जीना दुश्वार कर रखा है। इनवर्टर कितनी देर चलेगा। वह भी जवाब देने लगे हैं। केस्को को कम से कम रात में तो बिना काटे बिजली देनी चाहिये। ताकि थका इंसान सो सके।

– नैना चौहान, मूलगंज



दिन भर काम करके आओ और रात में लाइट का इंतजार करो। नींद पूरी न होने की वजह से दिन खराब हो जाता है। काम तो रोज करना है। गर्मी की वजह से परिवार भी परेशान रहता है।

– आशीष, आनंदबाग



गृहणियों को गर्मी की वजह से सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। गैस के सामने खाना बनाना पड़ता है। ऐसे में गर्मी की वजह से कई बार चक्कर व तबियत खराब हो जा रही है।

– शिवांगी, बारादेवी



काकादेव में केस्को ने खोद दी सड़क। अमृत विचार

# केस्को ने भूमिगत केबिल डालने में सड़क उखाड़ी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** काकादेव में सीलिंग हाईट्स स्कूल वाली गली में केस्को ने भूमिगत केबिल डालने में सड़क को खराब कर दिया। पिछले एक महीने से यहां हालत खराब है। खोदाई कार्य के दौरान पेयजल लाइन भी टूट चुकी है। नगर निगम को यहां सड़क बनानी है। क्षेत्रीय पार्षद पवन कुमार पांडेय ने कहा कि उन्हें जानकारी नहीं है, बुधवार को मौके पर जाएंगे और सड़क के निर्माण के लिये अधिकारियों से बात करेंगे।

काकादेव में सांसद सत्यदेव पचौरी के निवास के पास केस्को की कंपनी भूमिगत केबिल डालने का काम कर रही थी। अनियमित खोदाई कार्य की वजह से फुटपाथ के साथ ही नई सड़क टूट गई। पेयजल लाइन भी टूट चुकी है जिससे स्थानीय लोग परेशान हैं। क्षेत्र के नीरज ने बताया कि पिछले एक महीने से नारकीय जीवन हो गया है। पहले धूल से परेशान थे अब गड्ढों से समस्या बढ़ गइ है। दो पहिया वाहन सवार गिर रहे हैं।

सड़क पर गड्ढों की वजह से लोग परेशान हैं। पार्षद पवन कुमार पांडेय ने कहा कि केस्को की कंपनी किसी को बताकर काम नहीं कर रही है। अनियोजित खोदाई की वजह से लोग परेशान हो रहे हैं। केस्को की कंपनी रोड कटिंग का पैसा नगर निगम को जमा करती है, अब नगर निगम को सड़क बनाना है। कंपनी कई बार अनुमति से ज्यादा खोदाई कार्य कर दे रही है इससे समस्या बढ़ी है।

### सार-संक्षेप

#### गुजैनी में घरों में भरा सीवर का पानी

**कानपुर।** गुजैनी आई ब्लॉक में सीवर का पानी घरों में भरने से क्षेत्रीय लोग परेशान हैं। सीवर की मुख्य लाइनें चोक होने की वजह से चैंबर से पानी बैक-फ्लो कर रहा है। जलकल विभाग में कई बार शिकायत करने के बाद भी जिम्मेदार सुध नहीं ले रहे हैं। क्षेत्र में रहने वाले रवि शर्मा ने कहा कि पूरे क्षेत्र में यह समस्या है। सीवर लाइनों का बदलना जरूरी है।

#### विधायक से मिले पीड़ित

**कानपुर।** श्यामनगर स्थित रामपुरम निवासी सोनू पासवान की हत्या के मामले में भाजपा नेता व उसके साथियों की गिरफ्तारी न होने पर पीड़ित परिवार सोमवार को सपा विधायक अमिताभ बाजपेई के निवास पर उनसे मिला। विधायक ने शिकायत सुनी और पुलिस कमिश्नर से वार्ता कर सख्त कार्रवाई की मांग की।

#### दमकल कर्मियों ने की मॉकड्रिल

**कानपुर।** सीएफओ दीपक शर्मा के नेतृत्व में दमकल कर्मियों की ओर से लगातार जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को एफएसओ लाटूश रोड कैलाश चंद्रा ने सिविल लाइंस स्थित अस्पताल, होटल व गेमजोन का निरीक्षण कर मॉक ड्रिल की। उन्होंने सीढ़ियों को अवरोध मुक्त रखने, अग्निशमन उपकरणों की जांच समय-समय पर करने तथा विद्युत सप्लाई लाइन का नियमित रूप से ऑडिट कराने के निर्देश दिए। कर्मचारियों को अग्निशमन उपकरण चलाने का प्रशिक्षण दिया।

#### मकान की छत से गिरकर युवक की मौत

**कानपुर।** जूही थानाक्षेत्र के रत्तूपुरवा में मकान से गिरकर 35 वर्षीय अजय ऋषि की मौत हो गई। पुलिस और फोरेंसिक ने मामले की जांच की और परिजनों को घटना की जानकारी दी। वह कावर कोठी थाना सेमापुर जिला कटिहार बिहार का निवासी था। युवक का पोस्टमार्टम होने के बाद परिजन शव को लेकर बिहार चले गए।

#### शार्ट सर्किट से घर में लगी आग

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के सनिगवां केआर पुरम निवासी वीरेंद्र गुप्ता के घर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। वह पत्नी मालती और दो बच्चों के साथ छत पर सो रहे थे। सोमवार तड़के घर से धुआं उठता देख हड़कंप मच गया। वीरेंद्र समेत परिवार के अन्य सदस्यों ने भागकर जान बचाई। इलाकाई लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस व दमकल को दी। इसके साथ ही सबमर्सिबल पंप से पानी डालकर आग को बुझा लिया। वीरेंद्र ने बताया कि आग से लाखों का नुकसान हुआ है। गृहस्थी राख हो गई है।

# पैरवी करने पर चाकू से किया हमला, लहूलुहान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चकेरी थाना क्षेत्र का मामला पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में बहन की प्रताड़ना के मुकदमे में पैरवी करने पर आरोपी जीजा के बड़े भाई ने युवक से मारपीट की और गर्दन पर चाकू से हमला कर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित ने चकेरी चौकी में शिकायत की है।

मूलरूप से बिहार के उन्नाव रावतपुर गांव निवासी आशीष दीक्षित के अनुसार वे यहां किराए पर रहकर गारमेंट्स की दुकान में काम करते हैं। 2022 में उन्होंने अपनी बहन की शादी उन्नाव निवासी गिल्लन तिवारी से की थी। शादी के कुछ समय बाद से ही ससुरालीजन बहन को प्रताड़ित करने लगे थे। उन्होंने उन्नाव कोर्ट में प्रताड़ना का वाद दाखिल किया था। आरोप है,कि रविवार रात को वह अपने कमरे में सो रहे थे। तभी जीजा का बड़ा भाई कमरे में आया और मुकदमे में पैरवी करने की बात कहते हुए गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर चाकू से कई वार किए। गर्दन पर चाकू लगने से वे लहूलुहान हो गए। इसके बाद उन्होंने चकेरी चौकी में शिकायत की। इस संबंध में चौकी प्रभारी आदेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# बैराज पर टकराईं दो कारें, एक पलटी, चार घायल

- बाइक सवार को बचाने में हुआ हादसा
- मैगी दुकानदार का का पैर टूटा, फर्नीचर क्षतिग्रस्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नवाबगंज थानाक्षेत्र में गंगाबैराज पर सोमवार सुबह बाइक सवार को बचाने में अर्टिगा कार सामने से आ रही इनोवा से टकरा गई। इनोवा की रफ्तार इतनी तेज थी कि वह 30 मीटर तक पलटते-पलटते सीधे मैगी प्वाइंट में जा घुसी। इस दौरान वहां रखी कई कुर्सी मेज क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे में डिप्टी सीएम के रिश्तेदार समेत चार लोग घायल हो गए।

सोमवार दोपहर 12 बजे के आसपास अर्टिगा कार का ड्राइवर 30 वर्षीय फैज निवासी सैय्यद नगर रावतपुर अकेले शुक्लागंज से गंगाबैराज के मार्ग होते हुए कानपुर की ओर जा रहा था। रामपुर गांव के सामने बाइक सवार को बचाने के चक्कर में कानपुर से उन्नाव की ओर जा रहे तेज रफ्तार इनोवा कार में टकरा गई। इनोवा कार टकराने के बाद 30 मीटर तक पलटते-पलटते गंगाबैराज निवासी राजेंद्र और ओमराज की दुकान में घुसकर पेड़ से टकराकर खाई में गिरने से रुक गई। इनोवा चालक 52 वर्षीय दिलीप कुमार शर्मा निवासी रतनलाल नगर, गाड़ी मालिक 61 वर्षीय हरीश मखीजा निवासी स्वरूप नगर व 51 वर्षीय नितिन मोदी निवासी स्वरूप नगर घायल हो गए।

हादसे में ओमराज का पैर टूट गया वहीं राजेंद्र की बेटी अर्चना की बाल-बाल जान बच गई। वहां रखी 10 से ज्यादा मेज और 20 के आसपास कुर्सी दबकर क्षतिग्रस्त हो गईं। मौके पर मौजूद लोगों ने इनोवा कार में सवार लोगों को बाहर निकाला। अर्टिगा कार सवार के चालक को उसके परिजन ले गए वहीं इनोवा सवार घायल डिप्टी सीएम के रिश्तेदार बताए गए। जिन्हें उनके परिजन अपने साथ ले गए। इस संबंध में नवाबगंज प्रभारी निरीक्षक दीनानाथ मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।



मैगी की दुकान में टूटा फर्नीचर। अमृत विचार



क्षतिग्रस्त खड़ी अर्टिगा कार।



गंगाबैराज पर पलटी पड़ी इनोवा। अमृत विचार

#### रफ्तार की मार से जाती हैं जानें

- गंगाबैराज पर आए दिन रफ्तार की मार के कारण लोग मैगी प्वाइंट के पास हादसे के शिकार होते हैं। एक वर्ष पूर्व डॉक्टर के नाबालिग बेटे ने कार से दो किशोरों को मैगी प्वाइंट पर कुचल दिया था। जिससे दोनों की मौत हो गई थी। इससे पूर्व भी कई हादसे मैगी प्वाइंट पर हुए लेकिन रफ्तार पर ब्रेक नहीं लग सकी।

# जमीन कब्जे के मामले में योगी से मिलेंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कानपुर गौशाला सोसाइटी की कार्यसमिति बैठक

**अमृत विचार।** कानपुर गौशाला सोसाइटी की कार्यसमिति की बैठक सभापति तिलकराज शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को हर्षनगर स्थित एक होटल में हुई। बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि सोसाइटी की जिन जमीनों का मामला लंबित है, उसके निस्तारण के लिए एक प्रतिनिधमंडल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर समस्या निराकरण की मांग करेगा। इसकी जिम्मेदारी सुरेंद्र मैथानी, सुरेश गुप्ता को दी गई।

उपसभापति सुरेश गुप्ता ने अदालती कार्यवाही, जमीनों के संबंध में बताया कि गौशाला की जमीनों पर निरंतर कब्जे हो रहे हैं। जिस पर भूमि व्यवस्था समिति का दोबारा गठन किया गया है। जिसमें तिलकराज शर्मा संयोजक, सहयोगी सुरेंद्र मैथानी, सुरेश गुप्ता, काशी प्रसाद शर्मा, नीरज दीक्षित, विजय प्रकाश महेश्वरी होंगे। नीरज प्रकाश दीक्षित ने संस्था की जमीनों पर किराएदारों के संबंध में एग्रीमेंट की समस्या को उठाया। इस पर निर्णय हुआ कि 12 जून को होने वाली बैठक में निस्तारण किया जाएगा। सितंबर माह में सोसाइटी की बैठक जालौन जिले में करने का निर्णय लिया गया। वहीं मनोज अग्रवाल को सदस्य मनोनीत किया गया। चारूलता अग्रवाल ने कहा कि जिस तरह चिड़ियाघर में जानवरों को लोग गोद लेते हैं, उसी तरह सदस्यों को गाय गोद लेनी चाहिए। रमेश चन्द्र मिश्रा ने कहा कि जो जमीनें किराए पर दी जा रही हैं, उसमें मोटा अनाज पैदा किया जाए। जो जमीन अनाधिकृत रूप से कब्जा की गई है, वो खाली कराने के लिए शासन से वार्ता की जाएगी। श्रीकृष्ण गुप्त ने बैठक का संचालन किया। इस मौके पर पुरुषोत्तमलाल, सुरेश गुप्ता, अवधेश बाजपेई, सुशील तुलष्यान, विश्वनाथ कनौडिया, सुबोध अग्रवाल कोषाध्यक्ष, शेष नरायन त्रिवेदी, अधिवक्ता धर्मेंद्र सिंह, विजय पांडे, श्यामकृष्ण कनौडिया, प्रदीप गुप्ता, रामगोपाल तुलष्यान, सत्येन्द्र महेश्वरी, विनोद मुरारका, विजय प्रकाश महेश्वरी, अनिल अग्रवाल, धर्मप्रकाश गुप्त आदि रहे।

# छेड़छाड़ के विरोध पर भाभी का गाल चबाया

**कानपुर।** नवाबगंज थानाक्षेत्र में देवर ने भाभी को अकेला पाकर छेड़छाड़ की और विरोध करने पर गाल चबा लिया। पीड़िता ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

नवाबगंज निवासिनी महिला के अनुसार सोमवार दोपहर वह घर पर अकेली थी। इसी दौरान उनका देवर आया और अश्लीलता करने लगा। जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपी ने गाल चबा लिया। चीखपुकार मचाई तो आरोपी धमकी देकर फरार हो गया। इस संबंध में नवाबगंज प्रभारी निरीक्षक दीनानाथ मिश्रा ने बताया आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# फर्जी शिक्षक भर्ती मामले में डीआईओएस से पूछताछ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फर्जी ई-मेल पैनल से दो की भर्ती हो गई थी

**अमृत विचार।** शिक्षा विभाग में फर्जी ई-मेल के जरिये भेजे गए शिक्षकों के पैनल से दो शिक्षिकाओं की भर्ती मामले में डीआईओएस से पुलिस ने पूछताछ की। कर्नलगंज थाना पुलिस ने उन्हें पूछताछ के लिए थाने बुलाया। दो दिन के भीतर पुलिस ने डीआईओएस (जिला विद्यालय निरीक्षक) के साथ अन्य कर्मचारियों से भी पूछताछ की है।

फर्जी भर्ती घोटाले में दो दिन के भीतर कर्नलगंज थाना प्रभारी ने वादी डीआईओएस अरुण कुमार और प्रधान सहायक सहित अन्य कर्मचारियों को बुलाकर पूछताछ की है। एक घंटे तक चली पूछताछ में डीआईओएस और प्रधान सहायक से कई बिंदुओं पर बयान लिया गया। थाने में एक घंटे तक चली पूछताछ में सबसे पहले फर्जी ई-मेल आने का पता कैसे चला और दो शिक्षिकाओं की नियुक्ति दिलाने से पहले अभिलेख सत्यापित क्यों नहीं किए गए सहित अन्य प्रश्न पूछे गए। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि पुलिस को बयान दर्ज कराए हैं। विभाग के सभी कर्मचारी पुलिस की जांच में पूरा सहयोग कर रहे हैं।

#### यह है मामला

- पिछले साल 20 अक्टूबर को जालसाजों ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय को एडी माध्यमिक की फर्जी ईमेल आईडी से नौ शिक्षकों का पैनल भेजा था। इस पैनल में दो महिला शिक्षक व 7 पुरुष शिक्षकों के नाम थे। दोनों महिला शिक्षिकाओं को शहर के मदन मोहन अग्रवाल इंटर कॉलेज व आर्य कन्या इंटर कॉलेज में नियुक्ति भी मिल गई थी। इसमें एक शिक्षिका को चार महीने का वेतन भी मिल चुका था। मामले का खुलासा होने पर मेल ही फर्जी पायी गई थी। इसके बाद 9 आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

# शतरंज चयन प्रतियोगिता 5 को

**कानपुर।** कानपुर चेस एसोसिएशन की ओर से पांच जून को 13 वर्ष से कम आयु वर्ग की चयन प्रतियोगिता गोविंदनगर स्थित वैदिक धर्म सभा में होगी। एसोसिएशन के सचिव दिलीप श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतियोगिता में बालक व बालिका वर्ग का चयन होगा। प्रतियोगिता में वही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं, जिनका जन्म एक जनवरी 2011 या उसके बाद हुआ हो। खिलाड़ी अधिक जानकारी के लिए प्रतियोगिता के चीफ आर्बिटर बाल गोविंद अवस्थी के 9140663237 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। प्रतियोगिता में चयनित दो बालक व दो बालिकाएं सात जून से बिजनौर में होने वाली राज्य स्तरीय चयन प्रतियोगिता में शहर का प्रतिनिधित्व करेंगे।

योग से निरोग | पांच स्थानों पर अलग-अलग तिथियों में रोग आधारित योग कार्यशाला

# सीएसजेएमयू में योगोत्सव कल से 21 जून तक होगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के तत्वावधान में 5 से 21 जून तक योगोत्सव मनाया जाएगा। इसकी कवायद जोरों पर जारी है। इसी कड़ी में सेंटर फॉर एकेडिमिक्स में बैठक के बाद सीएसजेएमयू के कुलपति प्रोफेसर विनय पाठक ने बताया कि योगोत्सव पखवाड़ा का उद्घाटन 5 जून को विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में सुबह 11 बजे होगा। जिसमें मुख्य वक्ता 'द आर्ट आफ लिविंग' के संकाय सदस्य करन अरोड़ा और विशिष्ट अतिथि आयुर्वेदाचार्य डा. वन्दना पाठक हैं।

उन्होंने बताया कि इस योगोत्सव पखवाड़े के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिनमें से 15 दिवसीय निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर, 'रोग आधारित योग' कार्यशाला, जलयोग प्रतियोगिता, दिव्यांग योग सहित 21 जून को वृहद स्तर पर विश्वविद्यालय परिसर, गांव एवं मलिन बस्तियों में कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं और अधिकारी-कर्मचारी सहित कानपुर नगर के नागरिक भी भाग ले सकते हैं। इस मौके पर कुलसचिव डा. अनिल कुमार यादव, प्रो. नीरज कुमार सिंह, डा. प्रवीन कटियार, डा. श्रवण कुमार यादव, निमिषा कुशवाहा आदि मौजूद रहे। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम (महिला सशक्तिकरण के लिए योग) में दिव्यांग महिला योग का आयोजन 20 जून को प्रातः 8 बजे से विवि के मल्टीपरपज हॉल में किया जायेगा। इसको रिकार्ड के रूप में दर्ज कराने के लिए इण्डिया बुक आफ रिकार्ड में भी आवेदन किया गया है।



योगोत्सव की जानकारी देते कुलपति प्रो. विनय पाठक। अमृत विचार

#### ये है कार्यक्रम

| दिनांक | कार्यक्रम | स्थान | समय |
|---|---|---|---|
| 12 जून | कार्यशाला | एस.जे. एजूकेशन सेंटर, हंसपुरम, नौबस्ता, कानपुर | प्रात: 8 बजे से |
| 14 जून | कार्यशाला | यूनाइटेड पब्लिक स्कूल, सिविल लाइन्स, कानपुर | प्रात: 8 बजे से |
| 15 जून | कार्यशाला | गायत्री शक्ति पीठ, शुक्लागंज, उन्नाव | प्रात: 7 बजे से |
| 16 जून | कार्यशाला | गायत्री शक्ति पीठ, काकूपुर, शिवराजपुर, कानपुर | प्रात: 6 बजे से |
| 17 जून | कार्यशाला | कैलाश सरस्वती इण्टर कालेज, आवास विकास, कल्यानपुर | प्रात: 8 बजे से |

#### यहां-यहां होगी कार्यशाला

सीएसजेएमयू के प्रति कुलपति सुधीर कुमार अवस्थी ने बताया कि कार्यशाला में मुख्यता मेरूदण्ड संबंधी विकार, उच्च और निम्न रक्तचाप, मधुमेह प्रबंधन, थायराइड असंतुलन, मोटापे, अवसाद और तनाव जैसी समस्याओं के प्रबंधन के लिए चर्चा और योग के अभ्यास कराये जायेंगे। विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केन्द्र में योग की ओपीडी संचालित है, जिसमें विभिन्न रोगों की योग से नि:शुल्क चिकित्सा और परामर्श दिया जाता है। 'रोग आधारित योग' कार्यशाला पांच क्षेत्रों में अलग-अलग तारीखों पर होगी।

# सड़कों पर बस, बेचारे राहगीर बेबस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पुल के पास ही रोडवेज बसें बीच सड़क पर सवारी उतारती, बैठातीं
- समानान्तर पुल बनाने से भी नहीं मिला लोगों को जाम से छुटकारा

**अमृत विचार।** शहीद मेजर सलमान खान अंर्तराज्यीय झकरकटी बस अड्डे पर प्रतिदिन आने वाली रोडवेज की बसें यातायात के लिए मुसीबत बन चुकी हैं। बड़े अरमान से झकरकटी में समानान्तर पुल बनाया गया था लेकिन इस पुल के बनने से कोई लाभ नहीं हुआ। इसी पुल से होकर पहले की तरह ही बसें बस अड्डे के अंदर जा रही हैं और सड़क पर ही सवारी उतार रही हैं। कई साल पहले बस अड्डे और बाहर बसों को व्यवस्थित करने के लिए लठैत तैनात किए गए थे लेकिन अब लठैत तो दूर, बस अड्डे पर बसों की देखरेख करने वाला कोई नहीं है।

झकरकटी बस अड्डे पर प्रतिदिन 1400 से अधिक बसों का आवागमन है, नियम ये है कि अड्डे के अंदर आकर बसों से यात्रियों को उतारा जाए या फिर यात्रियों को बिठाया जाए लेकिन ये बसें सड़क पर ही सवारी उतारती हैं अधिक से अधिक यात्री पाने के लिए होड़ में ये बसें सड़क पर ही डटी रहती हैं। इनमें सबसे ज्यादा कानपुर से लखनऊ, गोरखपुर, रायबरेली, प्रतापगढ़, सोनौली, अयोध्या, प्रयागराज, फतेहपुर, हमीरपुर, झांसी, उरई आदि की ओर जाने वाली बसें सड़कों पर रहती हैं। इस संबंध में क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल कुमार का कहना है कि बस चालकों पर कार्रवाई के निर्देश जारी हैं। और सख्ती की जाएगी।



झकरकटी बस अड्डे के बाहर सड़क पर खड़ी रोडवेज बस। अमृत विचार

# माल छाने रहो, मनमानी इमारत ताने रहो

## अवैध निर्माण के साथ भू-उपयोग परिवर्तन भी, हर जोन में निर्माण, साकेत नगर में आवासीय क्षेत्र का व्यावसायिक प्रयोग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- निर्माण के समय नक्शा लगाने का नियम किनारे, चुनाव बाद प्राधिकरण में फेरबदल संभव
- केडीए के अभियंताओं को रोकना है अवैध निर्माण लेकिन अधिकतर जगह वही करा रहे हैं

**अमृत विचार।** शहर में अवैध इमारतों के बनने का खेल जारी है। केडीए वीसी ने भले ही जोन एक में हो रहे 29 अवैध निर्माण पर चाबुक चलाया हो, लेकिन पूरे शहर में यह व्यापार फल-फूल रहा है। एई और जेई से साठ-गांठ कर बिल्डर्स और भूमाफिया अनाधिकृत निर्माण कर रहे हैं। इसी के साथ आवासीय भूखंडों का बिना भू-उपयोग परिवर्तन कर कामर्शियल उपयोग तेजी से बढ़ा है। नये भवनों के निर्माण के समय नक्शा लगाने का नियम पर पर सिर्फ 'केडीए से नक्शा पास है' की सूचना लगाकर निर्माण कराने पर पलड़ा झाड़ रहे हैं। शहर में बिना ले-आउट और नक्शा पास कराये निर्माण जारी है। कम क्षेत्र में पांच मंजिला तक इमारत बनाई जा रही है।

केडीए वीसी के निर्देश पर एक ओर कार्रवाई हो रही है, तो वहीं दूसरी ओर छोटे अधिकारियों से सेटिंग कर निर्माण कार्य हो रहा है। केडीए के कुछ एई और जेई की मदद से यह अवैध निर्माण कार्य फल-फूल रहा है।

केडीए के उच्च अधिकारियों के अनुसार अभी कई और ऐसे मामले सामने आ सकते हैं। वहीं, डूब क्षेत्र हिंदूपुर में भी अवैध प्लाटिंग का खेल जारी है। क्षेत्र में तैनात अधिकारियों की मदद से यहां बिल्डर्स निर्माण कार्य कर रहे हैं। अब जांच हो रही है तो पोल खुल रही है।


केडीए ने अवैध निर्माण किया सील। अमृत विचार

"शिकायतों के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। दूसरे जोन में भी जल्द अवैध निर्माणों पर सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी। जो भी अधिकारी दोषी हैं उनको बख्शा नहीं जायेगा। –मदन सिंह गर्ब्याल, उपाध्यक्ष केडीए

### छोटे भवन तोड़कर बन रहीं बहुमंजिला इमारतें

शहर के अंदर भी कम क्षेत्रफल के प्लाट को तोड़कर बहुमंजिला इमारत बनाने का खेल जारी है। एलआईजी के मकानों में लोग अपार्टमेंट तक बना दे रहे हैं। नंदलाल चौराहे से जब सीटीआई की ओर चलें तो यहां तीन सौ वर्ग गज के मकान को तोड़कर पांच मंजिला इमारत तान दी गई है। जो नियमों के विरुद्ध है। यहां कई और मकान भी अपार्टमेंट की तरह बनाए जा रहे हैं। जिसमें नियमों को ताक पर रखा जा रहा है।

### 10 जून के बाद हो सकता है फेरबदल

केडीए में अवैध निर्माण का मसला हो या फर्जी रजिस्ट्री का खेल। पिछले दो महीने के दरम्यान केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल तक लगातार गोपनीय शिकायतें पहुंची हैं। आईएएस अफसर मदन सिंह गर्ब्याल ने दो महीने तक एक–एक शिकायत की पड़ताल की। प्राधिकरण के सूत्रों ने बताया कि जो भी शिकायतें पहुंचीं उनमें बाबू और अभियंता से लेकर तमाम बड़े अफसरों की भूमिका संदिग्ध मिलने के बाद कार्रवाई शुरू हो गई है। विभागीय सूत्र बताते हैं कि 10 से 15 जून के बीच प्राधिकरण में भारी फेरबदल नजर आएगा।

#### यहां हुआ बड़ी खेल

जवाहर नगर बालाजी चौक नेहरू नगर के पास भी अवैध रूप से नियमानुसार भवन बन गया। कम जगह पर भवन मालिक ऊंची ईमारत तान दी। नई सड़क पर बंधन बैंक के पास अधिकारियों के साठ–गांठ कर फुटपाथ पर ही भवन तान दिया है। सर्वोदय नगर में सील इमारत में निर्माण हो रहा है। सिंहपुर कछार में अवैध निर्माण, पायनियर सिटी का मामला पकड़ने के बाद यहां पर नक्शों की जांच शुरू हो गई है।

#### निर्माण होने के बाद कैसी कार्रवाई

खास बात यह है कि जब तक निर्माण होता है उस दौरान अधिकारी झांकने नहीं जाते हैं। अवैध निर्माण हो जाने के बाद केडीए के अधिकारी सील की कार्रवाई कर रहे हैं। कोपरगंज में एक ही मकान परिसर में अलग–अलग नाम से सीलिंग की कार्रवाई की गई। जबकि यहां लोग बहुत पहले से रह रहे हैं, आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## संदिग्ध हालत में बहू की मौत

**कानपुर।** सचेंडी थानाक्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में एक नवविवाहिता की मौत हो गई। मायके पक्ष के लोगों ने पति समेत ससुरालीजनों पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। उन लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पोस्टमार्टम हाउस पहुंची मजिस्ट्रेट ने पंचनामा की कार्रवाई की।

भौंती प्रतापपुर निवासी 28 वर्षीय सुनीता मंडल का विवाह 11 मार्च 2024 को सचेंडी के रोहित के साथ हुआ था। महिला के पिता गोपाल मंडल ने बताया कि उसका पति एक फैक्ट्री में काम करता है। बेटी थोड़ा दिमाग से कमजोर थी। इस कारण आए दिन उसके साथ मारपीट करता था। उसके ससुराल वाले देवर, सास और अन्य परिजन भी उससे गालीगलौज व जान से मारने का प्रयास कर चुके हैं। भाई विभु ने आरोप लगाया कि शनिवार को बहन ने प्रताड़ना की बात कही। जिसके बाद वह लोग उसे लेने के लिए पहुंच गए। ससुरालीजनों ने उसे ले जाने देने से इन्कार कर दिया। इस पर वह लोग घर आ गए। रविवार शाम को ससुरालीजनों ने उसे गला दबाकर मार डाला। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# थाने से लेकर डीसीपी तक ने नहीं सुनी गुहार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पीड़ित को रिपोर्ट दर्ज कराने में लग गए पांच महीने
- बंधक बनाकर पीटने और रुपये हड़पने का मामला

**अमृत विचार।** गोविंद नगर थानाक्षेत्र में अपने मित्र के घर मिलने गए फैक्ट्री कर्मी को पड़ोसी और उसके साथियों ने बंधक बनाकर जमकर पीटा। इसके बाद अपने खाते में 1.5 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए और ब्लैंक चेक ले लीं। आरोप था कि पांच माह तक थाना गोविंद नगर से लेकर डीसीपी कार्यालय गुहार लगाई लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई। जिसके बाद एक विधायक के हस्तक्षेप के बाद रविवार को गोविंदनगर थाने में पांच माह बाद रिपोर्ट दर्ज की गई।

नारायण पुरवा लक्ष्मी रतन कॉलोनी निवासी गिरीश चंद्र पाल दादानगर स्थित फैक्ट्री में काम करते हैं। गिरीश के अनुसार 12 जनवरी को साइकिल से सहकर्मी विपिन मिश्रा के गुजैनी स्थित घर गए थे। उसके कमरे में ताला लगा होने पर पड़ोस में रहने वाले संजय भदौरिया, शिवांश शुक्ला से पूछा तो उन्होंने कहा हम बताते हैं, इसके बाद कार में बैठकर कचहरी के पास ले गए, वहां एक कमरे में बंधक बनाकर मारपीट करने लगे। बोले कि विपिन ने रुपये लिए थे, अब गायब हो गया है, जिसकी भरपाई तुम करोगे। जबरन बेटों विकास व राहुल को फोन करवा कर चेक बुक मंगवाई, इसके बाद बेटों को भी पीटकर 80 हजार ऑनलाइन रुपये ट्रांसफर व 30 हजार रुपये एटीएम से निकलवा कर दो ब्लैंक चेक में साइन करवाया। जबरन दो खाली तीनों लोगों से स्टैंप में हस्ताक्षर व अंगूठा लगवाया। घटना के बाद कोतवाली, नजीराबाद, गोविंदनगर थाने, डीसीपी कार्यालय, पुलिस कमिश्नर कार्यालय में जाकर शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। एक विधायक के हस्तक्षेप के बाद रविवार को संजय, शिवांश, शोभित मिश्रा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। इस संबंध में गोविंदनगर इंस्पेक्टर प्रशांत मिश्र ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### फैक्ट्री में बिगड़ी हालत अस्पताल में मौत

**कानपुर।** पनकी थानाक्षेत्र में गंगागंज भाग चार निवासी 50 वर्षीय गौतम की रविवार शाम इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। परिजनों के अनुसार वह इस्पात नगर स्थित रैपर बनाने वाली फैक्ट्री में काम करता था। 31 मई की दोपहर काम करते समय उसकी तबीयत खराब हुई जिसपर सहकर्मियों ने एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाकर शव को रखकर फैक्ट्री के बाहर हंगामा काटा।

### नहर में डूबकर एक की मौत

**कानपुर।** जूही परमपुरवा निवासी सलीम का 16 वर्षीय पुत्र मोहम्मद कैफ अपने ममेरे भाई समीर और एक अन्य साथी के साथ रविवार को नौरैयाखेड़ा नहर में नहाने के लिए गया था। इसी दौरान वह गहरे में जाने से डूब गया। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से कैफ के शव को बाहर निकलवाया और परिजनों को सूचना दी। जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# कब्रिस्तान में अवैध ई रिक्शा चार्जिंग पकड़ी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नगर निगम और केस्को की टीम ने मारा छापा
- दो किलोवाट के मीटर से हो रही थी चार्जिंग

**अमृत विचार।** ईदगाह हिंदू कब्रिस्तान में बिजली विभाग और नगर निगम ने सोमवार को संयुक्त छापा मारा। नगर निगम और केस्को के अधिकारियों को यहां अवैध रूप से ई-रिक्शा की चार्जिंग होते मिली। केस्को अधिकारियों का कहना है कि दो किलोवाट के मीटर से सात किलोवाट बिजली इस्तेमाल की जा रही थी। इस बारे में सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिनके नाम मीटर है, उनके खिलाफ नियम के अनुसार कड़ी कार्रवाई करते हुए पेनाल्टी लगेगी। यहां दो किलोवाट के मीटर से दर्जनों ई रिक्शा चार्ज हो रहे थे।

नगर निगम और केस्को को काफी समय से कब्रिस्तान पर गैर कानूनी ढंग से ई-रिक्शा चार्ज किए जाने की शिकायत मिल रही थी। केस्को के मुख्य अभियंता एसके गुप्ता ने कहा कि एसडीओ के नेतृत्व में हिंदू कब्रिस्तान में नगर निगम टीम के साथ छापा डाला गया है। जहां पर दो किलोवाट के मीटर से सात किलोवाट लोड की बिजली इस्तेमाल की जा रही थी। कुछ लोगो ने नगर निगम कि जमीन पर कब्जा कर लगा रखा था। टीम ने कई रिक्शा जब्त भी किए हैं। वर्षों से कब्रिस्तान कि आड़ में बिजली की चोरी हो रही थी। बैट्री रिक्शा चालक प्रति रिक्शा 100 रुपये में चार्जिंग कराते थे। नगर निगम के जोनल अधिकारी ने कहा कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कराएंगे। इसके साथ ही नगर निगम ने हिंदू कब्रिस्तान में अतिक्रमण को ध्वस्त करा दिया।


मौके पर जांच करते केस्को के अधिकारी। अमृत विचार

## 25 हजार का इनामी हत्यारोपी गिरफ्तार

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के श्याम नगर इलाके में नाली के विवाद में धारदार हथियार से हमला कर हत्या में फरार 25 हजार रुपये के इनामिया आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार जेल भेज दिया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही हैं।

श्याम नगर के रामपुरम निवासी गिरिजा देवी का पड़ोसी कमलेश पासवान से नाली को लेकर विवाद हो गया था। 26 मई को आरोपी ने भाजपा नेता चंदन राजावत समेत अन्य साथियों के साथ मिलकर उनके परिवार पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया था। इसमें सोनू की मौत हो गई थी। पुलिस ने आरोपी कमलेश और विकास को जेल भेज दिया था। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि इस मामले में फरार 25 हजार के इनामी दहेली सुजानपुर निवासी श्रीराम वर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।


# कुर्बानी में दूसरों की भावनाओं का भी ख्याल रखें : शहरकाजी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सड़कों पर कुर्बानी करने से बचें, साफ सफाई का ध्यान रहे
- मदरसा इशाअतुल उलूम में हुई उलेमा की बैठक

**अमृत विचार।** मुसलमानों का महत्वपूर्ण त्योहार ईद-उल-अजहा यानी बकरीद 17 जून को मनाई जाएगी। इस त्योहार में लाखों जानवर अल्लाह की राह में कुर्बान किये जाएंगे। ऐसे में अन्य लोगों की भावनाओं का ख्याल रखने के लिए उलेमा ने सर्वसम्मत से फैसला लिया है कि बकरीद के पहले मुसलमानों को जागरूक करेंगे कि बकरीद के तीनों दिन ऐसा कोई काम नहीं करें जिससे किसी की भावनाएं आहत हों।

सोमवार को मदरसा इशाअतुल उलूम कुलीबाजार में बकरीद को लेकर उलेमा की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी ने की। शहरकाजी ने बकरीद पर समुचित व्यवस्था के लिए कई टीमें बनाई हैं। शहरकाजी ने कहा कि कुर्बानी इस्लाम की अहमतरीन इबादत है। मुसलमान इब्राहीम अलैह सलाम की सुन्नत पर अमल करते हैं। होना तो ये चाहिए था कि बंदा खुद अल्लाह की रजा और खुशनूदी हासिल करने के लिए अपनी जान का नजराना पेश करता लेकिन अल्लाह की रहमत है कि अल्लाह ने जानवरों को कुर्बान करना करार दिया। उन्होंने कहा कि मदरसे दीन के किले हैं, जहां से इस्लाम की सेवा होती है।


बैठक करते शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी। अमृत विचार

# सड़क पर लगा दिया गया बिजली केबिल का बाक्स

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चमनगंज के भन्नानापुरवा में अंडर ग्राउंड बिजली की केबिल डाली जा रही है लेकिन इस केबिल को डालने में मानकों को ताक पर रख दिया गया है।


हाशमी तिराहा से भन्नानापुरवा तक भूमिगत केबिल डालने का काम चल रहा है। केबिल का बाक्स भन्नानापुरवा में किनारे लगाने के बजाय सड़क पर लगा दिया है जिससे किसी भी समय कोई दुर्घटना हो सकती है। कोई भी वाहन इस बाक्स से रात के अंधेरे में टकरा सकता है। इस संबंध में केबिल डलवा रहे विपिन शुक्ला का कहना है कि केबिल बिछाने के बाद बाक्स को किनारे करा दिया जाएगा।


चमनगंज में लगा केबिल बाक्स।

# स्कूल बुलाकर बच्चों का प्रवेश कराएंगे अफसर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 14 खंड शिक्षा अधिकारियों को जिम्मेदारी दी, फोन कर बच्चों को बुलाएंगे
- आरटीई के तहत एडमिशन लेने में निजी स्कूलों की मनमानी पर सख्ती




**03** सूची अब तक आरटीई की हो चुकी है जारी

**621** स्कूलों को योजना के तहत लेना है प्रवेश

**अमृत विचार।** निजी स्कूलों की मनमानी रोकने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग अब मोबाइल फोन का सहारा लेगा। 6 जून से ऐसे बच्चे जिनके प्रवेश अभी तक नहीं हो पाए हैं, उन्हें अधिकारी फोन कर स्कूल बुलाएंगे और उनका तत्काल प्रवेश कराया जाएगा। इस प्रक्रिया में यदि स्कूलों की ओर से आनाकानी की जाती है तो मौके पर ही उनके खिलाफ नकारात्मक रिपोर्ट भी जारी की जाएगी। इस पूरी प्रक्रिया में विभाग की ओर से 14 खंड शिक्षा अधिकारियों को लगाया गया है।

जिले में आरटीई के तहत तीन सूची जारी हो चुकी हैं। इन तीन सूची में चयनित 9,154 में से केवल 2,978 बच्चों का ही दाखिला हुआ है। निजी स्कूल बहाने बनाकर प्रवेश को टाल रहे हैं। अब अधिकारी स्कूल पहुंचकर उस स्कूल में आवंटित बच्चों को तुरंत ही स्कूल बुलाकर उनका प्रवेश कराएंगे। 15 दिन तक चलने वाले अभियान के दौरान मनमानी करने वाले 94 प्रमुख स्कूलों को फिलहाल लक्ष्य बनाया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि नोटिस के बाद प्रवेश प्रक्रिया में तेजी आई है लेकिन कुछ स्कूल अब भी ढिलाई बरत रहे हैं। ऐसे में इन स्कूलों में अधिकारी खुद जाकर बच्चों व अभिभावकों को बुलाकर स्कूल में प्रवेश कराएंगे। इसके लिए खंड शिक्षा अधिकारियों की संख्या में इजाफा किया गया है। अन्य ब्लॉक के अधिकारियों को भी टीम में शामिल किया गया है।

### जद में आए 94 निजी स्कूल

शिक्षा विभाग की ओर से 94 ऐसे स्कूलों को जद में लिया गया है जो प्रवेश करने में सबसे अधिक फिसड्डी हैं। इनमें सबसे कम प्रवेश करने वाले 45 स्कूलों को पहले ही जिला प्रशासन की ओर से नोटिस जारी किया जा चुका है। इनमें 8 स्कूलों ने विभाग को रिपोर्ट देकर जल्द प्रवेश करने की बात कही है। 19 ऐसे स्कूल हैं जिन्होंने अब तक एक भी प्रवेश नहीं लिया है।

### संदिग्ध हालात में युवक की हुई मौत

**कानपुर।** जाजमऊ थानाक्षेत्र के ओमपुरवा निवासी 35 वर्षीय रवि कुमार की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों के अनुसार वह दादा नगर स्थित फैक्ट्री में काम करता था। रविवार को पुलिस को वह सीसामऊ थानाक्षेत्र स्थित बांके बिहारी धर्मकांटे के पास पड़ा मिला था। जहां से उसे अस्पताल भेजा गया था।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **कंचन पत्नी जितेन्द्र नाथ सिन्हा, निवासी–68, ग्राम–देवानन्दपुर, पो0 रतापुर, जिला–रायबरेली,** यहकि कंचन व रेखा ये दोनों नाम मेरे ही है अलग–अलग नहीं है यह एक ही महिला के नाम है। मेरा नाम कंचन उर्फ रेखा है।

**इश्तेहार**
न्यायालय श्रीमान महोदय स्थान बहराइच
सा. प्रा. मामला सख्या: 24/70/24
इनवान मुकदमा सीता देवी पत्नी जातजायदाद
बनाम
सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कु. सीता देवी पत्नी राम बदल वर्मा निवासी परगना इकौना तहसील पयागपुर बहराइच उक्त अदालत में श्री/श्रीमती/राम बदल पुत्र भगवानदीन निवासी अमराई पर. इकौना, तहसील पयागपुर बहराइच मृतक की जायदाद मालयती प्राप्त करने हेतु सक्सेन प्रार्थना पत्र दिया है जिसमे सुनवाई हेतु पेशी दिनांक 03 महीन 07 सन् 2024 ई. नियत की गयी है। अगर किसी व्यक्ति को उक्त प्रार्थना पत्र के विरोध में कोई आपत्ती हो तो दिनांक 03/07/24 को अदालत में उपस्थित होकर अपनी आपत्ती दाखिल करे ऐसा न करने पर उक्त प्रार्थना पत्र की सुनवाई एक पक्षीय में की जायेगी।
आज दिनांक 29 महीना 05 सन् ई. 2024 अदालत की मुद्रा लगाकर मेरे हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।
मृदा जज

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे पुत्रों मुनेश्वर व सुशील व पुत्रवधू शिवानी पत्नी मुनेश्वर व मोनी पत्नी सुशील निवासीगण– ग्राम बन्नौर, थाना व तहसील बख्शी का तालाब, जनपद लखनऊ का चाल चलन ठीक न होने, आये दिन लड़ाई झगड़ा एवं मुझे व मेरे पूरे परिवार को परेशान करने के कारण मैं इनको अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। उपरोक्त द्वारा किये गये किसी भी कार्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे, मुझसे कोई लेना देना नहीं होगा। **छोटेलाल पुत्र स्व0 विश्राम निवासी– ग्राम बन्नौर, थाना व तहसील बख्शी का तालाब, जनपद लखनऊ।**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा नाम किसान बही में देवी प्रसाद पुत्र राम लोचन, भारत निर्वाचन कार्ड में जग प्रसाद पुत्र राम लोचन तथा आधार कार्ड में दद्दन मिश्रा पुत्र राम लोचन दर्ज है। तीनों नाम मेरा ही है। मैंने कोई जाल–साजी व धोखाधड़ी नहीं किया है। आधार कार्ड में अपना नाम जग प्रसाद उर्फ दद्दन मिश्रा पुत्र नाम लोचन मिश्रा करवाना चाहता हूं यही मेरा सही नाम है। – **जग प्रसाद उर्फ दद्दन मिश्रा ग्राम पांडे पुरवा मौजा खरगू चांदपुर जिला गोंडा।**

**शीघ्र चाहिए**
कोठी, बंगला, अपार्टमेंट, फार्म हाउस के लिए नौकर–नौकरानी, आया, मैड, सर्वेंट, ड्राइवर, चौकीदार, कुक, बेबीकेयर, पेशेंट केयर, वेतन 11000 से 15000 रहना–खाना मेडिकल फ्री ड्यूटी दिल्ली पंजाब महाराष्ट्र, गुजरात नोएडा गाजियाबाद लखनऊ कानपुर मिले अपने आधार कार्ड फोटो के साथ 105 **दुर्गा मां टावर लालबाग लखनऊ, मो0– 8896030769 / 9554377000**

**सूचना**
यह सभी को सूचित किया जाता है कि हम, **डॉ. आनंद कुमार और नीतू कुमारी, निवासी –क्वार्टर नंबर सी–2, सीएसआईआर कालोनी, निराला नगर, लखनऊ–226020,** हमारी बेटियों कुमारी अभिज्ञा, जन्म तिथि – 16.06.2012 और कुमारी दक्षिता, जन्म तिथि 09.11.2013 के नाम में उपनाम **''गुप्ता''** जोड़ने का निर्णय लिया है। अब से हमारी बेटियाँ क्रमशः अभिज्ञा गुप्ता और दक्षिता गुप्ता के नाम से जानी जाएंगी। हम सभी से अनुरोध करते हैं कि इस परिवर्तन को ध्यान में रखें और भविष्य में हमारी बेटियों को उनके नए नामों से संबोधित करें।

**सूचना**
सूचित हो कि मै **राम आसरे सिंह सुत ढेलारु, निवासी– ग्राम– भगवानपुर, परगना – मीरानपुर, तहसील– लंभुआ, जिला सुलतानपुर,** मेरे तीन पुत्र है जिसमें दूसरे नम्बर का पुत्र राजीत राम का चाल – चलन ठीक नहीं है गलत लोगों की संगत में रहता है और मेरे कहने – सुनने में नहीं है उससे मैं बहुत दुखी है। उसके इन कृत्यों से तंग आकर उसे अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूॅ। अब मेरा उससे कोई वास्तव व सरोकार नहीं होगा। अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **राम कुमार पुत्र सियाराम, निवासी– ग्राम– रामसिंह खेडा मो0 इसुनिया, पोस्ट– अटवा, जिला–उन्नाव,** मेरी बीमा पॉलिसी में मेरा नाम राजकुमार अंकित है। मेरे समस्त कागजात, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं बैक खातें में राम कुमार अंकित है जबकि मेरा सही नाम रामकुमार है। इसलिए मेरा नाम राजकुमार के स्थान पर रामकुमार पढ़ा जाय।

**पड़ताल** खूबसूरत लो फ्लोर बसें जुलाई से हटना शुरु होंगी, अप्रैल 2025 तक सभी 270 सिटी बसें नीलाम होंगी

# सिटी बसों की उम्र पूरी, अगले महीने से करेंगी टा–टा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर को प्रदूषण से मुक्ति दिलाने के लिए कानपुर नगर में लाई गईं 270 सिटी बसों के विदा होने का वक्त आ गया है। विदाई प्रक्रिया अगले माह से शुरु हो जाएगी। प्रथम चरण में कभी शहर की खूबसूरती में चार चांद लगाने वाली लो फ्लोर सिटी बसों की विदाई होगी। इनके स्थान पर इलेक्ट्रिक सिटी बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

केंद्र सरकार की टीम ने 18 वर्ष पूर्व एक सर्वे किया था कि कानपुर नगर में प्रदूषण काफी बढ़ गया है, उसके बाद केंद्र सरकार ने जेएनएनयूआरएम योजना के तहत वर्ष 2009 में कानपुर को 270 सीएनजी चालित सिटी बसें उपलब्ध कराईं थीं। इनमें 10 नान एसी और 10 एसी खूबसूरत लो फ्लोर बसें मिली थीं। अब ये बसें 15 वर्ष पूरी कर रही हैं, ऐसे में इनका संचालन करने के बजाय इन्हें नीलाम किया जाएगा। केंद्र सरकार ने 28 सीटर माजदा और 39 सीटर टाटा की बसें शहर को उपलब्ध कराई थीं जिसे संभालने की जिम्मेदारी कानपुर परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक को सौंपी गई थी जबकि मंडलायुक्त चेयरमैन का पद संभाले थे। पहले विकास नगर डिपो में और फिर फजलगंज में सिटी बसों का डिपो बनाया गया। आज भी करीब 44 सिटी बसें फजलगंज डिपो में कंकाल बनती जा रही हैं जिन्होंने एक दशक से रूट का मुंह नहीं देखा है।


फजलगंज डिपो में खड़ीं कबाड़ हुईं सिटी बसें। अमृत विचार

**करोड़ों की बसें कबाड़ हो गई**

| | |
|---|---|
| लो फ्लोर एक बस की कीमत | 75 लाख रुपये |
| टाटा 39 सीटर बसों की कीमत | 20 लाख, 35 हजार, 934 रुपये |
| माजदा 28 सीटर बसों की कीमत | 13 लाख, 79 हजार, 332 रुपये |

### वर्तमान में सिटी बसों की हालत

- 44 बसें खटारा फजलगंज विकास नगर डिपो में
- 16 लो फ्लोर बसें खटारा फजलगंज, विकास नगर डिपो में
- 96 बसें मेरठ भेज दी गईं हैं
- 115 सिटी बसें सड़क पर दौड़ रही हैं

### खत्म हो जाएगा डिपो

किसी समय में विकास नगर डिपो में एसी डिपो बनाया गया था लेकिन ये डिपो अव्यवस्था की भेंट चढ़कर बंद हो गया और एसी बसों को काटकर साधारण बना दिया गया। अब इसी तर्ज पर सिटी बसों का खेल खत्म होना है। कानपुर को सबसे पहले 10 नान एसी, 10 एसी लो फ्लोर मिली थीं, लिहाजा सबसे पहले ये लो फ्लोर बसें अगले माह यानी जुलाई में नीलामी पर लग जाएंगी। हालांकि इनमें 4 नान एसी लो फ्लोर मार्ग पर हैं। उसके बाद 28 सीटर और 39 सीटर बसों की नीलामी होगी क्योंकि ये सारी बसें अप्रैल 2025 तक अपनी 15 साल की उम्र पूरी कर लेंगी, उसके बाद आरटीओ इनके पंजीयन को खत्म कर देगा।

### आधा डिपो अभी से खत्म हो गया

सिटी बसों को संभालने वाले जिम्मेदार भी अब मानते हैं कि सिटी बसों की विदाई का समय आ गया है। ऐसे में इलेक्ट्रिक बसों के लिए यहां चार्जिंग प्वाइंट बना दिया गया है। इलेक्ट्रिक सिटी बसों के चार्जिंग प्वाइंट के पास दीवार खींच दी गई है। सिटी बसों के खत्म होते ही यहां इलेक्ट्रिक सिटी बसों का डिपो बना दिया जाएगा। परिवहन अधिकारी इन बसों के नीलाम होने का इंतजार कर रहे हैं।

"सिटी बसों की उम्र पूरी होने वाली है, संभागीय परिवहन कार्यालय से इन सीएनजी चालित सिटी बसों का पंजीयन खत्म होने लगेगा। अगले माह से ही बसें रूट आफ होने लगेंगी। अप्रैल 2025 तक सभी सिटी बसें नीलाम हो जाएंगी। इनके स्थान पर इलेक्ट्रिक सिटी बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

–अनिल कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम कानपुर परिक्षेत्र

# डीएवी में गलत पेपर का पैकेट खुला, जांच शुरू

## पांच तारीख को होने वाली परीक्षा तय शेड्यूल पर ही होगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



परीक्षा केंद्र पर कठिन सवालों पर चर्चा करतीं छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) से संबद्ध महाविद्यालयों में वार्षिक परीक्षा व नई शिक्षा नीति के तहत संचालित पाठ्यक्रम की सम-सेमेस्टर परीक्षाएं चल रही हैं। सोमवार को डीएवी कॉलेज में वार्षिक परीक्षा के दौरान दूसरे विषय का प्रश्न पत्र खुल गया। गलत प्रश्न पत्र खुलने पर उसे तुरंत ही जब्त कर विश्वविद्यालय को जानकारी दी गई। परीक्षा नियंत्रक ने कॉलेज आकर प्रकरण की जांच की।

कॉलेज में सुबह 8 से 11 बजे की पाली में बीएससी तृतीय वर्ष में फिजिकल एजुकेशन प्रथम (सब्जेक्टिव) का पेपर था। इसी दौरान पैकेट खोलने पर पता चला कि दूसरे कोड के प्रश्न पत्र का पैकेट खुल गया है। प्राचार्य प्रो. अरुण दीक्षित ने खुले पैकेट को जमा कराकर इसकी सूचना विवि के परीक्षा विभाग को दी।

जांच करने आए परीक्षा नियंत्रक राकेश कुमार ने बताया कि शिक्षकों ने गलत पेपर का पैकेट खोल दिया था। सोमवार को सही पेपर की परीक्षा कराई गई। पांच जून को भी परीक्षा निर्धारित शेड्यूल के अनुसार कराई जाएगी। कॉलेज में जिस कोड के पेपर खुल गए हैं, उसे बदल दिया जाएगा। मामले की जांच भी कराई जाएगी।

# कठिन सवालों में उलझ गए तमाम परीक्षार्थी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीएसजेएमयू की भीषण गर्मी के बीच परीक्षाएं जारी

**अमृत विचार।** सोमवार को भीषण गर्मी के बीच हुई सीएसजेएयू की परीक्षा में परीक्षार्थियों की सवालों से खूब जंग हुई। बीबीए, बीसीए, बीए एवं बीएससी पाठ्यक्रम के तमाम परीक्षार्थी कठिन सवालों में उलझे रहे। सीएसजेएमयू से संबद्ध संस्थानों, कालेजों आदि की परीक्षाएं 23 जून तक चलेंगी। सोमवार को डीबीएस कालेज परीक्षा केंद्र पर तीनों पालियों पर करीब 2000 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा देकर निकले पीएसआईटी के बीबीए एवं बीसीए पाठ्यक्रम के कुछ छात्रों ने बताया कि कई सवाल कठिन थे। जिन्हें हल करने में समय अधिक लगा। भीषण गर्मी के चलते सीएसजेएम विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षार्थियों को हेल्पलाइन नंबर सुविधा प्रदान की है। कुछ कालेजों में परीक्षा के दौरान व्यवस्था में कमी रही। परीक्षा नियंत्रक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिन 12 कालेजों को नोटिस जारी किया गया था वहां सुधार हो गया है।

### परीक्षा की तिथि बदलवाने को लगाई गुहार

तमाम परीक्षार्थियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मुलाकात कर बताया कि 16 जून रविवार को सम-सेमेस्टर की परीक्षा है और इसी दिन यूपीएससी की प्रीलिम्स परीक्षा है। इस पर परीक्षार्थियों ने 16 जून को होने वाली स्नातक एवं परास्नातक की परीक्षा की तिथि बदलवाने की मांग की है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक राजेश कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में है।

# कर्ज से परेशान किसान ने फांसी लगा दी जान

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** देवकली गांव में सोमवार दोपहर एक किसान ने घर के अंदर कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच हड़ताल शुरू की । अरौल थाना क्षेत्र के देवकली गांव निवासी 50 वर्षीय विजेन्द्र कटियार उर्फ लाला खेती-बाड़ी करता था। परिवार में पत्नी निधि, 15 वर्षीय पुत्र उमंग और 12 वर्षीय अक्षरा है। सोमवार दोपहर जब घर के सभी लोग घर के बाहर मौजूद थे तभी मौका पाकर उन्होंने घर के अंदर कमरे में छत के कुंडे में दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। कुछ देर बाद पत्नी घर के अंदर पहुंची तो पति का फांसी पर लटका शव देखकर उसकी चीख निकल गई। चीख पुकार सुनकर आस पड़ोस के कई लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू की और शव को फांसी से उतरवाने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार मृतक बैंक से लिए गए कर्ज को लेकर परेशान था। इसी के कारण आत्महत्या कर ली। चौकी इंचार्ज मकनपुर राजन मौर्य ने बताया कि किसान नशे का आदी था। आए दिन शराब को लेकर परिजनों से झगड़ा करता था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आवश्यक कार्यवाही भी की जा रही है।

- पुलिस बोली, आए दिन शराब को लेकर झगड़ा करता था

### युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या की

**बिठूर।** क्षेत्र के अंतर्गत मकसूदाबाद गांव निवासी रोहित गौतम ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर पहुंची बिठूर पुलिस ने शव को उतरवाया। जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका।

# दो ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत चालक सहित तीन लोग घायल

संवाददाता, घाटमपुर



टक्कर से दोनो ट्रक के परखचे उड़े। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सजेती थाना क्षेत्र के अज्योरी गांव के पास दो ट्रकों की आमने-सामने भिडंत हो गई। हादसे में तीन लोग घायल हो गए। जिसमें ट्रक चालक केबिन में फंस गया। मौके पर पहुंचे पीएनसी टीम ने केबिन में फंसे चालक को आधा घंटे बाद बहार निकला गया। चालक सहित सभी घायलों को घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया गया । जहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर हैलट रेफर किया है। वहीं एक घायल को हमीरपुर जिला अस्पताल ले जाया गया है।

सजेती थाना क्षेत्र के अज्योरी गांव के पास देर रात दो ट्रकों की टक्कर हो गई। हादसे में उन्नाव जनपद के सनी सराय गांव निवासी सोनू 18 वर्ष, लखीमपुर खीरी निवासी विकास घायल हो गये। वहीं दुर्घटना में ट्रक चालक केबिन में फंसकर लगभग आधा घंटे तड़पता रहा। इस दौरान यहां से निकल रही पीएनसी की पेट्रोलिंग टीम ने ट्रक चालक को केबिन में फंसा देखा तो उसे बाहर निकालकर घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत में हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। सजेती थाना प्रभारी ब्रजमोहन ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। घायलों को पीएनसी की टीम की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# लापता युवक का शव नहर में मिला

संवाददाता, भीतरगांव

- परिजनों ने लगाया हत्या कर शव फेंके जाने का आरोप

**अमृत विचार।** साढ़ थाना क्षेत्र के सरसौल रोड पर तिवारीपुर नहर पुल के पास एक युवक का शव नहर मे बहता हुआ देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को तिवारीपुर गांव के सामने नहर से बाहर निकलवाया। शव की शिनाख्त सेन पश्चिम पारा निवासी अमित सिंह (33) के रूप में हुई है। वह रविवार को घर से ड्यूटी के लिए निकला था। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है।

कानपुर नगर के सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के सेन निवासी मृतक के छोटे भाई मयंक सिंह ने साढ़ पुलिस मे लिखित देते हुए बताया कि भाई अमित सिंह अपने मित्र रौतारा निवासी अल्ताफ के साथ रविवार सुबह लगभग दस बजे निकले थे परंतु रात तक लौट कर नहीं आए। उनके न आने पर तलाश शुरू करते हुए अल्ताफ से पूछताछ चालू की तो पहले इधर उधर की बातें करने लगा। जब पुलिस को खबर करने की बात कही तो उसने बताया कि कुरौना गांव के पास हम दोनों नहर मे नहाने के लिए कूदे परंतु कूदने के बाद अमित ऊपर नही आया। अमित की मोटरसाईकिल कपड़े आदि सभी अल्ताफ के पास बरामद हो गए। जिसके बाद से हम सभी लोग नहर के किनारे तलाश कर रहे थे। सोमवार को तिवारीपुर गांव के पास शव मिला। परिजनों के अनुसार अल्ताफ ने अमित की हत्या कर शव नहर मे फेंक दिया है। साढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि फोरेंसिक टीम न साक्ष्य एकत्रित किए है। शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# जमीन के विवाद में भाई ने बहन को पीटा

संवाददाता, सरसौल

**अमृत विचार।** थाना महाराजपुर के चांदनपुर गांव में सोमवार को जमीन विवाद को लेकर सगे भाई और उसके दोस्त ने विधवा महिला को जमकर पीटा। पिटाई से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला की ओर से थाने में तहरीर देकर शिकायत की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

चांदनपुर निवासी सरोजनी(42) ने बताया कि लगभग 20 वर्ष पहले पति की मौत के बाद वो मायके में ही रह रही है। जहां पिता रामस्वरूप ने उसे जीवन यापन हेतु एक बीघा जमीन लिख दी थी। इसी वजह से उसका सगा भाई राकेश रंजिश मानता है। सोमवार सुबह सरोजनी अपने खेत पर काम कर रही थी तभी राकेश अपने एक दोस्त अमर के साथ आ पहुंचा और भला बुरा कहने लगा। मना करने पर भाई और उसके दोस्त ने जमीन पर उसे गिरा गिरा कर मारा। जिसमे उसके शरीर में गंभीर चोटे आई हैं।

## एक नजर

### जहरीले कीड़े के काटने से किसान की मौत

**शिवराजपुर।** खेत पर पानी लगा रहे किसान को जहरीले कीड़े के काट लिया। जिससे वह बेहोश होकर नीचे गिर पड़ा पास काम कर रहा है किसानों ने आनन फानन में सीएचसी शिवराजपुर में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान किसान ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बीरामऊ गांव निवासी किसान रामबाबू (60) गांव में ही रहकर खेती किसानी करता था रविवार देर शाम को अपने खेतों पर पानी लग रहा था। इसी दौरान किसी जहरीले कीड़े ने रामबाबू को काट लिया, जिससे वह बेहोश होकर नीचे गिर पड़ा। पास के खेतों पर काम कर रहे किसानों ने यह देखा तो परिजनों को सूचना देने के साथ-साथ किसान को सीएचसी में भर्ती कराया। एसओ सुबोध कुमार ने बताया किसान के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### दो महीने पूर्व पुत्र की भी हो गई थी मौत

किसान रामबाबू के पुत्र विमलेश ने तनाव में आकर दो महीने पूर्व फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली थी। अब रामबाबू की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। दो महीने में एक ही परिवार के दो लोगों की मौत होने से परिवार मे दु:ख का पहाड़ टूट पड़ा है।

# लायर्स एसो. के चुनाव में प्रवीण अध्यक्ष और राजीव बने महामंत्री

संवाददाता,बिल्हौर



लायर्स के चुनाव में जीते पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तहसील में सोमवार को अधिवक्ता संगठन लॉयर्स एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर प्रवीण कटियार, महामंत्री पद पर राजीव कटियार चुने गए। उपाध्यक्ष पद पर विश्वनाथ पटेल तथा मंत्री पद पर सत्येंद्र यादव ने जीत दर्ज की। विजयी पदाधिकारियों को साथी अधिवक्ताओं ने फूल माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया।

बिल्हौर तहसील के अधिवक्ता संगठन लॉयर्स एसोसिएशन की एल्डर्स कमेटी के सदस्यों ने वार्षिक चुनाव के लिए पूर्व निर्धारित तिथि पर सोमवार को सुबह 8 बजे लॉयर्स एसोसिएशन हाल में चार पदों के लिए होने वाले चुनाव के लिए मतदान शुरू कराया। निर्धारित समय दोपहर 2 बजे तक 113 मतदाताओं में से 112 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। एक घंटे रेस्ट के बाद शाम 3 बजे एल्डर्स कमेटी ने प्रत्याशियों की मौजूदगी में मतगणना शुरू की। कमेटी के सदस्य अधिवक्ता अमित अग्निहोत्री उर्फ शीलू के अनुसार अध्यक्ष पद पर 56 मत प्राप्त कर प्रवीण कटियार ने अपने प्रतिद्वंदी रूप चंद्र कटियार पर चार मतों से जीत दर्ज की। महामंत्री पद के लिए चुनाव मैदान में सर्वाधिक 66 मत पाने वाले राजीव कुमार कटियार ने अनुराग द्विवेदी को 21 मतों से पराजित कर दिया। उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ रहे विश्वनाथ पटेल ने 61 मत पाकर अपने प्रतिद्वंदी दीपक जायसवाल 14 मतों से हरा दिया और मंत्री पद पर 59 मत पाकर सत्येंद्र कुमार यादव ने अतुल तिवारी को आठ मतो से हराया। वहीं कार्यकारिणी के अन्य पदों पर आनंद कुमार शर्मा कोषाध्यक्ष, अशोक कुमार शुक्ला प्रवक्ता, अमित कुमार अंकेक्षक, रितेश गुप्ता पुस्तकालय अध्यक्ष, शमशुल इस्लाम वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य और अंशुमान सिंह सेंगर को कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य निर्विरोध चुना गया।

- विजयी पदाधिकारियों का साथी अधिवक्ताओं ने माला पहनाकर किया स्वागत

# एनएसटीआई में पुलिस की दस्तक

**कानपुर।** कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के तत्वावधान में संचालित राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआई) कानपुर में पुलिस की दस्तक से हड़कंप मच गया। पुलिस को लेकर परिसर में दिन भर चर्चा का माहौल रहा।

राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान देश में उद्योगों एवं संस्थानों की प्रशिक्षण मांगों को पूरा करने के उद्देश्य से कार्यरत है। सूत्रों ने बताया कि दोपहर में राजस्थान की पुलिस ने कैंपस में इंट्री की तो चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। शिक्षक, छात्र और कर्मचारी पुलिस को लेकर कयास लगाने लगे। सूत्रों ने बताया कि संस्थान के एक छात्र पर आरोप है कि प्रेम संबंध में राजस्थान के टोंक जिले की एक लड़की को संस्थान में लेकर आया है। इसी संदर्भ में राजस्थान की पुलिस ने कैंपस में आकर तहकीकात की। राजस्थान पुलिस ने बताया कि फफूंद रेलवे स्टेशन तक आरोपी छात्र की लोकेशन मिली, उसके बाद बंद हो गई। संस्थान के एक और छात्र से पूछताछ की है। संस्थान के संयुक्त निदेशक एम. कुमार वेल का कहना है कि इस मामले से संस्थान को कोई लेना-देना नहीं है।

# नौतपा के बाद भी तप रही धरती, 44 पर पारा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अधिकतम तापमान सामान्य से 3 डिग्री ऊपर रहा

**अमृत विचार।** नौतपा के बाद भी तपन बरकरार है। सोमवार को सामान्य से 3 डिग्री ऊपर चढ़कर अधिकतम तापमान 44 डि.से. रहा। दिन में लू चली जिससे सड़कों पर सन्नाटा रहा। आगामी 3 दिनों में आंधी और हल्की बारिश की संभावना है।

सोमवार को भी सुबह से ही चटख धूप लोगों के लिए मुसीबत बनी। भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के चलते दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा था। सुबह 11 बजे के पास ही पारा 36 डिग्री के ऊपर पहुंच गया था। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डा. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.3 डिग्री ऊपर चढ़कर 27.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। 3.8 किलोमीटर की रफ्तार से लू चली। डा. पांडेय ने बताया कि अगले तीन दिनों में तेज हवाओं, धूल भरी आंधी चलने के साथ ही हल्की वर्षा होने की संभावना है।

### अगले माह मानसून आने के आसार

डा. पांडेय ने बताया कि लक्षद्वीप के कुछ हिस्सों, बंगाल की खाड़ी और पूर्वोत्तर भारत में मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। उत्तर प्रदेश में मानसून अगले माह दस्तक देगा। मंगलवार को दक्षिण मध्य प्रदेश, दक्षिण गुजरात, पंजाब के कुछ हिस्सों, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पश्चिमी हिमालय क्षेत्रों में हल्की बारिश हो सकती है।

### अपहरण में आरोपी गया जेल

**सरसौल।** महाराजपुर पुलिस ने सोमवार को नाबालिग लड़की को अगवा करने वाले आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। लड़की को भी बरामद कर लिया। 30 मई को सरसौल इलाके के एक गांव से 15 साल की लड़की गायब हो गई थी।

# पुरुष पहलवानों को मिले चार पदक

**कानपुर।** अंडर-17 व 23 राज्य स्तरीय कुश्ती चैंपियनशिप में शहर के चार पहलवानों ने पदक जीते हैं। जिसमें दो स्वर्ण और दो कांस्य हैं। इसी चैंपियनशिप में महिला वर्ग ने पांच पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया है। शहर के खिलाड़ियों ने कुल नौ पदक जीते हैं।

यूपी कुश्ती संघ की ओर से राज्य स्तरीय कुश्ती चैंपियनशिप इस बार गोंडा के नंदिनीनगर में आयोजित हुई। 31 मई से दो जून तक चले मुकाबले में अंडर-17 व 23 के पहलवानों ने प्रतिभाग किया। चैंपियनशिप के समापन पर पहलवानों ने जोरदार प्रदर्शन कर चार पदक जीते। जिसमें 60 किग्रा भार में सूरज यादव, 48 किग्रा में धनंजय यादव ने स्वर्ण जीते। वहीं 51 किग्रा में मिथिलेश कुमार और 45 किग्रा में विकास चौहान ने कांस्य पदक जीतकर शहर का नाम रोशन किया।

प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992

पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## अनदेखी — पर्यावरण के साथ आर्टिकल 48 से हो रहा छेड़छाड़

# लकड़ी माफिया ने क्षेत्र को बनाया 'रेगिस्तान'

संवाददाता,घाटमपुर



ऐसे हरे पेड़ कई जगह काटे जा रहे हैं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र में लगातार हो रहे हरे फलदार व छायादार वृक्षों की कटान की धड़ल्ले से हो रही है। यहां पर वन विभाग व पुलिस की साठ गांठ से हरियाली क्षेत्र वीरान होता जा रहा है। लकड़ी माफिया के हौसले इतने बुलंद है कि खुलेआम हरे छायादार पेड़ काट रहे हैं। ग्रामीणों की शिकायत के बावजूद विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

घाटमपुर तहसील क्षेत्र के थाना सजेती के सुजानपुर व कोरिया,सवाईपुर गांवो में आधा सैकड़ा छायादार व फलदार पेड़ों की कटान सिर्फ एक महीने के अन्दर हुईं हैं। यहां पर काटे गए पेड़ों के अवशेष अभी मौजूद हैं। जिससे यह साबित हो सकता है कि पेड़ छायादार व फलदार है या नहीं है। सुजानपुर गांव के जगदेव यादव के खेत में खड़े आधा दर्जन फलदार वृक्षों को एक लकड़ी माफिया के द्वारा काटे गए हैं। जिनके अवशेष मौके पर मौजूद हैं।इसका विरोध गांव के लोगों के द्वारा किया गया। और इसकी सूचना सजेती पुलिस को दी गई, लेकिन वन रेंजर राकेश पाण्डेय के द्वारा जारी किए गये परमीशन के चलते लकड़ी माफिया बच गया।

सजेती थाना प्रभारी बृजमोहन सिंह ने बताया कि वन विभाग के द्वारा जारी परमीशन पर कटान हुई है। अभी हाल ही में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने एक बैठक कर पर्यावरण को बचाने के लिए हरे छायादार, फलदार पेड़ों की कटान पर रोक लगाते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए थे।परंतु घाटमपुर तहसील क्षेत्र में कटान लगातार जारी है। सुजानपुर गांव के लोगों ने कहा कि अगर जांच हो तो काटे गए पेड़ों के अवशेष अभी दिखा सकते हैं।

- वन विभाग व पुलिस से साठ गांठ कर हो रही अवैध कटान ग्रामीण कर चुके शिकायत

> अभी मखौली गांव में अमरूद के बाग की कटान हुई है। ये पेड़ो को काटने की छूट होती है। जैसे यूकोलिप्टस, अमरूद, बेरी, बबूल आदि पेड़ आते हैं। सुजानपुर में पेड़ों की कटान की भी जांच की जाएगी।
>
> –राकेश पांडेय, वन क्षेत्राधिकारी

# नहर विभाग ने उखाड़ दिए फलदार वृक्ष

संवाददाता, भीतरगांव



गिरे पड़े वृक्ष।

**अमृत विचार।** साढ़ थाना क्षेत्र के छतरापुर गांव के रहने वाले एक युवक ने नहर विभाग के कर्मचारियों पर फलदार वृक्षों को मनमाने तरीके से जेसीबी के द्वारा उखाड़ने का आरोप लागते हुए इस मामले की शिकायत साढ़ थाना पुलिस समेत वन विभाग के अधिकारियों से की है पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने पर नहर विभाग के जिम्मेदार लोगो ने युवक को फर्जी मुकदमे में फसाने की धमकी भी दी।

साढ़ थाना क्षेत्र के छतरापुर गांव के रहने वाले सतीश कुमार कुशवाहा ने नहर विभाग के कर्मचारियों पर आरोप लगाते हुए बताया कि नहर किनारे उसके कुछ फलदार वृक्ष लगे हुए थे। जिसको नहर विभाग के कर्मचारियों ने अपनी मनमानी के चलते जेसीबी से उखड़वा कर नष्ट कर दिया है। पीड़ित द्वारा विरोध करने पर नहर विभाग के कर्मचारियों ने पीड़ित को जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी के आदेशों को ठेंगा दिखाने की बात कहते हुए सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने के मामले में फसाने की धमकी देकर भगा दिया। युवक ने इस मामले की लिखित शिकायत स्थानीय पुलिस समेत वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से की है। वन विभाग घाटमपुर रेंजर राकेश पांडेय ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जांच कर कार्रवाई की जा रही है।


अकबरपुर डिग्री कालेज में लगी मतगणना के लिए लगी टेबलें। अमृत विचार


मतगणना हाल में निरीक्षण करते एडीएम। अमृत विचार


राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते अधिकारी। अमृत विचार

# आज ईवीएम बताएगी कि किसके सिर पर सजेगा ताज

## अकबरपुर में कड़ी सुरक्षा के बीच होगी मतगणना, पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए इंतजाम किए चाक-चौबंद

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृतविचार।** अकबरपुर डिग्री कॉलेज में मंगलवार सुबह से होने वाली लोकसभा निर्वाचन की मतगणना को लेकर जिला प्रशासन की ओर से व्यवस्थाएं चाक-चौबंद कर दी गई हैं। वहीं सुरक्षा चक्र के तहत मतगणना केंद्र के अंदर व बाहर नजर रखी जा रही है। सुरक्षा चक्र में कॉलेज के अंदर बाहर व बैरीकेडिंग के पास अर्द्धसैनिक व पुलिस व पीएसी के जवान तैनात किए गए हैं।

लोकसभा निर्वाचन की मतगणना को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के लिए चाक-चौबंद प्रबंध किए गए हैं। इसके लिए पीएसी अर्द्धसैनिक बल के जवानों के साथ पुलिस फोर्स भी तैनात रहेगी।

त्रिस्तरीय सुरक्षा में होने वाली मतगणना में कॉलेज के अंदर व बाहर आईटीबीपी के जवान तैनात है। वहीं प्रत्येक विधानसभा की मतगणना स्थल की निगरानी के लिए एक सीओ की तैनाती रहेगी। दरोगा और सिपाही मतगणना हाल में नजर आएंगे। मतगणना केंद्र के आस-पास प्रकार की अव्यवस्था न हो इसके लिए कॉलेज के बाहर की दुकानों को जिला प्रशासन ने बंद रखने का निर्देश दिया है।

एसपी राजेश पाण्डेय ने बताया कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो इसके लिए व्यवस्था चाक-चौबंद की गई है। जो भी व्यक्ति अंदर जायेगा उसकी चेकिंग होगी वही किसी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण, माचिस आदि पर प्रतिबंद्ध है।


मतगणना स्थल का जायजा लेते डीएम और एसपी। अमृत विचार


सुरक्षा को लेकर बातचीत करते एसपी व एएसपी। अमृत विचार

### भारी वाहनों पर रहेगा प्रतिबंध

अकबरपुर डिग्री कॉलेज में होने वाली मतगणना को लेकर जिला प्रशासन की ओर से माती-अकबरपुर मार्ग पर भारी वाहनो को प्रतिबंधित किया गया है।

### भाजपा-इंडिया गठबंधन में सीधी टक्कर

लोकसभा चुनाव 2024 में महानगर व अकबरपुर क्षेत्र से सांसद कौन होगा आज इसका खुलासा हो जायेगा। अकबरपुर सीट पर भजपा और इंडिया गठबंधन के बीच सीधी लड़ाई की बात सामने आ रही है। अकबरपुर लोकसभा सीट पर भाजपा से देवेंद्र सिंह भोले लगातार तीसरी बार मैदान में है। इनका मुकाबला इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी राजाराम पाल से है। वैसे इस सीट पर बसपा से राजेश द्विवेदी भी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। पक्ष और विपक्ष दोनो ओर से मतगणना और जश्न मनाने की तैयारियां की गई है।मंगलवार दोपहर बाद से रूझान शुरू हो जायेगा। यह भी पता चलेगा कि कौन किस सीट पर भारी पड़ रहा है।

### मतगणना से पहले नतीजों पर मची बमचक

**कानुपर देहात।** लोकसभा चुनाव के नतीजे से पहले राजनीतिक गलियारों में एग्जिट पोल पर चर्चा हो रही है। सोमवार को शहर की प्रमुख बाजारों चाय पान की दुकानों और कार्यालय में भी एग्जिट पोल के सही गलत होने पर खूब बमचक रही। भाजपा समर्थक खुशी जताते दिखे तो विरोधी दलों के समर्थक 2004 और 2017 में भाजपा को मिलने वाली सीटों के एग्जिट पोल को याद दिलाने से नहीं चुके। अकबरपुर पुल के नीचे शाम को पार्टियों और गुटों की बैठक लगी। इसमें बीजेपी समर्थक ने सपा के समर्थक से चुटकी ली की भैया इवीएम विरोध कब से शुरू कर रहे हो, इस पर गठबंधन के नेता बोले कि एक दिन और खुश हो लो फिर देखेंगे। कांग्रेस समर्थक ने इंडिया गठबंधन की एकतरफा जीत होने की बात कही तो भाजपाई बोले कि एग्जिट पोल तो भाजपा की सरकार बना रहा है। रूरा तिराहे के सामने चाय की दुकान पर कुछ युवा सोशल मीडिया पर मैसेजों पर खिलखिलाते नजर आए।

# व्यापारी परेशान हुए तो अनिश्चितकालीन बंदी

## लामबंद होकर करेंगे आंदोलन

- पान-मसाला-तंबाकू की बिक्री एक साथ न होने का मामला
- खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन चलाएगा अभियान

संवाददाता,कानपुर

**अमृत विचार।** पान-मसाला और तंबाकू की बिक्री एक साथ न होने के आदेश पर आयुक्त (खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन) पांच जून से अभियान चलाएगा। इससे परेशान दुकानदार व व्यापारी सोमवार को कलक्टरगंज स्थित भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र के कार्यालय पहुंचे और समस्या बताई। उन्होंने कहा कि अगर दुकानदारों को परेशान किया गया तो अनिश्चितकालीन बंदी की जाएगी।

ज्ञानेश मिश्रा ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राज्य मंत्री दायशंकर मिश्र दयालु से फोन पर बात की। उन्होंने जवाब दिया कि काउंटिंग के बाद इस मामले पर अफसरों से बात होगी। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को परेशान नहीं किया जाएगा।

राज्यमंत्री से बातचीत के बाद ज्ञानेश मिश्रा ने कहा कि अगर व्यापारियों को परेशान किया गया तो गुमटी लगाने वाले 50000 व्यापारी सड़क पर उतरकर अनिश्चितकालीन बंदी करेंगे।

इस मौके पर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय बाजपेई, महानगर युवा अध्यक्ष आशीष मिश्र और तंबाकू व पान-मसाला व्यापारियों में संगठन के उपाध्यक्ष एसके चौरसिया, पवन गुप्ता, अनुराग जायसवाल, कैलाश चंद्र चौरसिया, आलोक अग्रवाल, नितिन गुप्ता, अंकुर गुप्ता, सुनील चौरसिया, आशीष गुप्ता, हरी गुप्ता, अजय त्रिवेदी, अमन गुप्ता, राकेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### पत्नी के साथ न जाने पर पति ने खाया जहर

**रसूलाबाद।** कन्नौज के मकरंद नगर निवासी एक युवक ने पत्नी के साथ न चलने पर दुखी होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी ले गए। कन्नौज के मकरंदनगर निवासी विनोद ने सोमवार को ससुराल जाकर पत्नी से साथ चलने को कहा। पत्नी ने जब मना कर दिया तो दुखी होकर विनोद ने जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर बहन विनोदिनी इलाज के लिए सीएचसी ले गई।

### झोलाछाप के इलाज से मासूम की मौत

**रसूलाबाद।** कस्बा के कबीर नगर निवासी सलमान का बेटा अयान 45 दिन की हालत रविवार दोपहर उल्टी दस्त व बुखार आने से बिगड़ गई। परिजन कस्बा मे बैठने वाले एक झोलाछाप के यहां इलाज के लिए ले गए। जहां झोलाछाप ने कुछ सिरप दे दी। सोमवार सुबह सिरप पिलाते ही मासूम की हालत बिगड़ने लगी। परिजन सीएचसी ले गए। वहां ईएमओ डॉक्टर मोहम्मद सादिक ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया।


बैठक में रणनीति बनाते पदाधिकारी। अमृत विचार

## गुरुद्वारे के चुनाव 30 जून को होंगे

कार्यालय संवाददाता,कानपुर

**अमृत विचार।** गुरुद्वारा भाई बन्नो साहिब कमेटी के अगले तीन साल के लिए मुख्य सेवादार (प्रधान) के चयन के लिए चुनाव की घोषणा कर दी गई है। ये चुनाव 30 जून को होंगे। 5 जून से आवेदन करने वाले फार्म ले सकेंगे।

कमेटी के प्रधान सरदार जसवंत सिंह, महामंत्री अजीत सिंह भाटिया ने बताया कि सरदार जैपाल सिंह भाटिया एवं सरदार कवलबीर सिंह भाटिया चुनाव अधिकारी बनाए गए हैं। चुनाव 30 जून रविवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक गुरुद्वारा भाई बन्नो साहिब में होगा। नामांकन फार्म लेने की तिथि 5 जून से 10 जून तक सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक चुनाव अधिकारी के आफिस वीर ब्रदर्स ए गुरुनानक ऑटो मार्केट गड़रियन पुरवा कानपुर से प्राप्त कर सकते हैं। नाम वापसी की तिथि 20 जून है। बैठक में परमजीत सिंह बाबी, दलजीत सिंह,बलबीर सिंह,महैन्द्र सिंह, अवतार सिंह, सुरेन्द्र जीत सिंह,कवलबीर सिंह, परविंदर सिंह, जसप्रीत सिंह, अमरजीत सिंह, लवली सिंह आदि मौजूद रहे।

# 34 घंटे देरी से कानपुर पहुंची पुरी एक्सप्रेस, रेलमंत्री को ट्वीट

- 27 ट्रेनें घंटों लेट, 1098 यात्रियों ने लौटाए टिकट
- ट्रेनों की लेटलतीफी से गर्मी की छुट्टियों का मजा किरकिरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ट्रेनों की लेटलतीफी से गर्मी की छुट्टियों का मजा किरकिरा हो रहा है। परिवार संग घूमने का प्लान बनाकर निकले यात्री परेशान हो रहे हैं। 24 घंटे के भीतर 27 ट्रेनें 34 घंटे तक लेट चल रही हैं। इसमें 70 प्रतिशत ट्रेनें अकेले समर स्पेशल की हैं। सोमवार को लेटलतीफी के चलते 1098 यात्रियों ने अपने टिकट लौटाकर यात्रा निरस्त की है।

सेंट्रल स्टेशन से प्रतिदिन औसतन दो दर्जन से अधिक स्पेशल ट्रेनें गुजरती हैं। गुजरने वाली ट्रेनों को देखें तो आधी से ज्यादा ट्रेनें एक दिन पहले की होती हैं। जो दूसरे दिन सेंट्रल से रवाना होती हैं। सोमवार को 24 ट्रेनें स्टेशन से गुजरी, जिसमें सभी घंटों देरी से चल रही हैं। सोमवार को सेंट्रल स्टेशन पर ही ट्रेन नंबर 02563 करीब तीन घंटे आउटर पर खड़ी रहीं। वहीं सेंट्रल से ट्रेन पकड़ने वाले प्लेटफार्म पर इंतजार करते रहे। इसी तरह 03484 बगैर किसी कारण के डेढ़ घंटा स्टेशन पर खड़ी रही। दोनों ट्रेनों के यात्रियों ने रेल मंत्री को ट्वीट कर मामले की शिकायत की। कहा कि बेवजह वह लोग स्टेशन पर घंटों अपना समय बर्बाद कर रहे हैं।



### सोमवार को लेट रहीं ट्रेनें

- 18428 आनंदविहार-पुरी एक्सप्रेस 34 घंटे लेट
- 07305 हुबली-गोमती नगर स्पेशल 14 घंटे लेट
- 03636 आनंदविहार-गया स्पेशल 6 घंटे लेट
- 22432 उधमपुर-सूबेदारगंज स्पेशल 14 घंटे लेट
- 03434 नई दिल्ली-मालदा टाउन स्पेशल 8 घंटे लेट
- 09452 भागलपुर-गांधीधाम स्पेशल 9 घंटे लेट
- 04061 बरौनी-दिल्ली स्पेशल 6 घंटे लेट

## सार-संक्षेप


मरीज के साथ डॉ. सीके सिंह और डॉ. पल्लवी। अमृत विचार

### ओवरी से निकला 10 किलो का ट्यूमर

**कानपुर।** चांदनी नर्सिंगहोम में डॉक्टरों ने ओवरी के ट्यूमर का सफल ऑपरेशन किया है। करीब दस किलो का ट्यूमर निकाला गया है जिसमें सात लीटर पानी भरा था। आर्यनगर स्थित चांदनी नर्सिंगहोम में डॉ. सीके सिंह व डॉ. पल्लवी सिंह ने सोमवार को ओवरी में स्थित ट्यूमर का सफल ऑपरेशन किया। डॉ. सीके सिंह ने बताया कि कानुपर देहात की रहने वाली महिला इंद्रावती (52) ओवरी के ट्यूमर से पीड़ित थीं। जिनका सफल ऑपरेशन किया गया है। ऑपरेशन क्रिटिकल था। डॉ. पल्लवी ने कहा कि इस आपरेशन को चांदनी नर्सिंगहोम के ओटी टीम ने मिलकर सफल बनाया है। उन्होंने बताया कि हॉस्पिटल में विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ इलाज की सुविधाए उपलब्ध हैं।


गायों को चारा खिलाते संस्था के सदस्य अमृत विचार

### गायों को हरा चारा और गुड़ खिलाया

**कानपुर।** नवइरा फाउंडेशन ने भीषण गर्मी और लू-लपट को देखते समाधा आश्रम की गायों को 10 किलो गुड़, 140 किलो हरा चारा और पानी की व्यवस्था कराई। गायों की सेवा के साथ टीम के लोगों ने क्षेत्र के कुत्तों को भी दूध और ब्रेड खिलाया। इस मौक पर फाउंडेशन के संस्थापक मलय पांडे, उपाध्यक्ष इशाना शंकर, गरिमा सिंह चौहान, कार्तिक सेठी, आदित्य जैन, अविशी वत्स, साहिल निगम, आयुष पटेल, कृष्णा मिश्रा, तान्या मिश्रा, भौमिक साहू, अक्षित आदि रहे।


सीएसए के प्लेसमेंट ड्राइव में मौजूद टीम। अमृत विचार

### सीएसए के छात्र को मिला 6 लाख का पैकेज

**कानपुर।** कैंपस ड्राइव में सीएसए के छात्र को 6 लाख का पैकेज मिला है। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में कैंपस ड्राइव का आयोजन हुआ था। सीएसए के सेवायोजन के निदेशक डा. विजय कुमार यादव ने बताया कि कैंपस प्लेसमेंट लेने आई कंपनी प्रदीप फॉस्फेट लि. के जोनल हेड नार्थ अनिल गुप्ता, एच आर हेड सेल्स एंड मार्केटिंग विशाल शर्मा एवं मार्केटिंग ऑफिसर अमित त्रिपाठी की टीम ने प्रथम चक्र में लगभग 19 छात्र छात्राओं की लिखित परीक्षा ली। जिसमें 10 विद्यार्थियों का पर्सनल इंटरव्यू हुआ। इसके बाद छात्र प्रशांत कुमार बीएससी (कृषि) लखीमपुर कैंपस का 6 लाख प्लस के पैकेज पर चयन हुआ। इस मौके पर खलील खान, मुलायम सिंह, सरिता पांडे एवं नीलम यादव आदि मौजूद रहे।

### राहगीरों के लिए प्याऊ लगाया

**कानपुर।** समाजसेवी व्यापार सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष गहमरी ने सोमवार को विजयनगर में व्यापारियों के साथ प्याऊ खुलवाया। उन्होंने राहगीरों को ठंडा जल पिलाया। भीषण गर्मी को देखते नगर आयुक्त से मांग किया कि नगर निगम हर चौराहों पर प्याऊ खुलवाए। इस मौके पर अमित यादव, रमाकांत, मनोज, फैजुद्दीन, प्रभात पाल, करन अवस्थी, सनम ठाकुर, घनश्याम, सोनू सरदार, अजय दीपू, विकास गुप्ता आदि व्यापारी मौजूद रहे।

### एलेनहाउस के छात्रों को मिला प्लेसमेंट

**कानपुर।** एलेनहाउस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के 475 छात्रों को प्लेसमेंट मिला है। बीटेक, एमबीए, बीसीए, बीबीए एंव डिप्लोमा के छात्रों के लिए सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ इंस्टीट्यूशंस के संयुक्त सचिव जावेद हाशमी, प्रशासनिक निदेशक डा. रूबी चावला, डा. मनोज मिश्रा एवं डा. शिवानी कपूर ने किया। संस्थान प्रशासन का दावा है कि छात्रों का चयन विप्रो, फ्लिपकार्ट, टेक महिंद्रा, टीसीएस आदि प्रख्यात कंपनियों में हुआ है।

### मनोहारी प्रस्तुति से पाई सराहना

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान (यूपीटीटीआई) में सोमवार को अंतिम वर्ष के छात्रों के विदाई समारोह का आयोजन हुआ। उद्घाटन संस्थान के निदेशक डा. जी. नलनकिल्ली ने किया। अंतिम वर्ष के छात्रों के विदाई समारोह में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्रों ने नाटक और नृत्य की मनोहारी प्रस्तुतियों से सराहना पाई। इस मौके पर प्रो. आलोक कुमार, प्रो. मुकेश कुमार आदि थे।

# 139 चौराहों व तिराहों पर लगे 500 से अधिक कैमरे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नागरिकों की सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने सम्भ्रांत नागरिकों से ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान में जुडकर महत्वपूर्ण चौराहों व तिराहों को गोद लेकर सीसीटीवी के स्थापना में सहयोग करने की अपील की थी। इसी क्रम में त्रिनेत्र एंबैसडरों ने शहर के चौराहों और तिराहों को गोद लेकर कानपुर में कुल 139 चौराहों व तिराहों पर 500 से अधिक कैमरे लगवाए हैं। शहर की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने में आईएमए, रीजेंसी, जेके ग्रुप, चेस फेडरेशन, आरएसपीएल, गोल्डी ग्रुप, इंडिया थर्मिट, पनेशिया, एमकेयू कॉरपोरेशन, पुष्प हांडा, थ्रेड्स इंडिया, एएफपीएल, केस ज्वैलर्स आदि प्रमुख एंबैसडरों का सहयोग शामिल रहा। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि त्रिनेत्र एंबैसडर प्रोग्राम को सफल बनाने में अपना योगदान देकर इन सभी कंपनियों ने पुलिस प्रशासन के हाथ मजबूत किया है।

# बेकनगंज से अपहृत दुधमुंहा बरामद, रो पड़े परिजन

- आरोपी बादशाहीनाका की महिला गिरफ्तार
- तीन बेटियां होने के कारण चुराया था बेटा

संवाददाता,कानपुर

**अमृत विचार।** बेकनगंज थाना क्षेत्र से पांच दिन पूर्व बाजार से बच्चों को गुमराह करके एक बुर्का पहने महिला ने दुधमुंहे बच्चे का अपहरण कर लिया था। पुलिस और स्वाट टीम ने संयुक्त अभियान में दुधमुंहे ईशान को बरामद कर लिया है। इस दौरान टीम ने आरोपी महिला बादशाहीनाका निवासी राहतजहां उर्फ रानी को गिरफ्तार किया है। उसने पुलिस को बताया तीन बेटियां हैं, लेकिन एक भी बेटा नहीं था। बेटे की चाहत में बच्चे का अपहरण किया। झारखंड के पाकुर रानीपुर का रहने वाला आफताब तीन महीने पहले परिवार संग शहर आया था। उसके साथ पत्नी मोमिना और बच्चे इमरान, सिमी, मिमी, तबस्सुम, इस्लाम और 9 माह का ईशान भी आया था।

बीती 31 मई की शाम 7:50 बजे करीब 8 वर्षीय सिमी और 5 वर्षीय मिमी 9 माह के मासूम को लेकर बेकनगंज रेडीमेड बाजार में घूम रही थी। इसी बीच बादशाहीनाका निवासी राहतजहां उर्फ रानी अपनी मां रोशन जहां बेकनगंज बाजार में खरीददारी करने पहुंच गईं। डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम के मुताबिक दोनों के मन में यहीं वारदात को अंजाम देने की बात आई। जिसके बाद आरोपी ने दोनों को फुलके खिलाए, लस्सी पिलाई और मौका देखकर मासूम को लेकर फरार हो गईं। बच्चा चुराने के बाद दोनों बादशाहीनाका स्थित राहतजहां के घर गईं। वहां दो दिन बच्चा रुका। लेकिन इसी बीच आरोपी की एक बेटी की तबीयत खराब हो गई। देखरेख में दिक्कत महसूस हुई तो वह बच्चे को मां रोशनजहां के घर दे आई। पुलिस की आठ टीमों न सर्विलांस सेल और क्राइम ब्रांच की मदद से बच्चे को बरामद कर लिया। दोनों ने अपना गुनाह कबूल किया है। दोनों ने घर में बताया कि यह बच्चा वह खरीदकर लाई हैं। पुलिस राहतजहां के पति लइक से मामले में पूछताछ करेगी।

डीसीपी के मुताबिक आरोपी राहतजहां के पहले से तीन बेटियां हैं। ऑपरेशन से सभी बच्चे हुए हैं। जिसके चलते अब वह मां नहीं बन सकती। उसके मन में बेटे की चाहत थी। और उस दिन ईशान उन्हें मिल गया। जिसके चलते मन में चोरी की इच्छा जाग उठी।

**मिशन एडमिशन** | कॉलेजों ने नए कोर्स शुरू करने का भेजा प्रस्ताव

# डीएवी में होगी बीबीए की पढ़ाई

- शहर के दो कॉलेजों ने विवि से मांगी अनुमति, नवाबगंज का एसडी कॉलेज भी दो नए कोर्स शुरू करेगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर के दो डिग्री कॉलेजों में युवाओं को जल्द ही नए कोर्स करने का मौका मिल सकेगा। दोनों ही कॉलेजों ने नए कोर्स शुरू करने का प्रस्ताव विश्वविद्यालय को भेजा है। कॉलेज के प्राचार्य मान रहे हैं कि जल्द ही उन्हें नए कोर्स शुरू करने की अनुमति विश्वविद्यालय की ओर से मिल सकेगी।

छात्रों के लिहाज से शहर के सबसे बड़े कॉलेज डीएवी में दो नए कोर्स का प्रस्ताव भेजा गया है। इन कोर्स में बीबीए लॉजिस्टिक व सूचना विज्ञान में डिप्लोमा कोर्स शामिल हैं। कॉलेज प्रशासन ने बताया कि दोनों नए कोर्स में 60 सीटों का प्रस्ताव भेजा गया है। डीएवी कॉलेज के प्राचार्य अरुण कुमार दीक्षित ने बताया कि विश्वविद्यालय की अनुमति आनी बाकी है। कॉलेज की ओर से सभी प्रक्रिया पूरी हो गई है। संभावना है कि जुलाई से दोनों कोर्स में प्रवेश शुरू कर दिए जाएंगे। इसी तरह नवाबगंज स्थित वीएसएसडी कॉलेज में बीसीए की कक्षाओं के संचालन के लिए विश्वविद्यालय को प्रस्ताव भेजा गया है। कॉलेज के प्राचार्य प्रो विपिन कुमार कौशिक ने बताया कि 60 सीटों में प्रवेश के लिए अनुमति विश्वविद्यालय से मांगी गई है।

### अर्मापुर में राजनीति विज्ञान में प्रवेश शुरू

अर्मापुर पीजी कॉलेज में राजनीति विज्ञान में एमए में प्रवेश शुरू हो गए हैं। कॉलेज के हिंदी विभाग के प्रो डॉ. राजेश कुमार सिंह ने बताया कि कॉलेज में एमए में हिंदी, अग्रेंजी, अर्थशास्त्र व एमकॉम में ही प्रवेश लिए जाते थे। अब राजनीति विज्ञान में भी प्रवेश लिए जा रहे हैं।

## नौतपा के बाद भी गर्मी से राहत नहीं

**कानपुर देहात।** जनपद में शनिवार की रात में आई आंधी और बूंदाबांदी के बावजूद गर्मी असर काम नहीं हुआ सोमवार को भी आसमान में दहकते सूरज की तपन शोले बरसाती रही। दोपहर में पारा के ऊपर पहुंचने व तेज धूप से बढ़ी गर्मी ने लोगों के साथ पशु पक्षियों को बेहाल रखा। जबकि गर्म हवा के थपेड़े राहगीरों को झुलसाते रहे

जनपद में गर्मी के साथ साथ बिजली कटौती लो वोल्टेज के साथ ट्रिपिंग की समस्या से उपभोक्ताओं को हालात खराब हो रही है। इससे लोगों का दिन का चैन छिनने के साथ रात की नींद पूरी नहीं हो रही है। आसमान में दहकते सूरज की गर्मी के साथ लू के थपेड़े लोगों के साथ राहगीरों को झुलसाते रहे।

# कोर्ट के आदेश पर चार नामजद दो अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

- जातिसूचक शब्दों से अपमान कर दी जान से मारने की धमकी

कानपुर देहात

**अमृत विचार।** रसूलाबाद क्षेत्र के भीखदेव कहिंजरी निवासी एक युवक ने कोर्ट के आदेश से चार नामजद व दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध जानलेवा हमला कर जेब में पड़े तीन सौ रुपये लूट लेने एवं जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करायी है।

भीखदेव कहिंजरी निवासी विमल कुमार कोरी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि 13 नवंबर2023 को भीखदेव निवासी शहगीर,अल्ताफ, शौकीन व वसीर अपने दो अज्ञात साथियों के साथ मिले और उसके सिर में दर्द हथियार से जानलेवा हमला कर दिया और जेब में पड़े तीन सौ रुपये लूट लिए। शोर मचाने पर सभी आरोपी जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित विमल कुमार ने आरोप लगाया कि उसने मामले की जानकारी थाना पुलिस व उच्च अधिकारियों को दी लेकिन उसकी कोई सुनवाई न होने पर उसने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है जांच कार्यवाही की जाएगी।

# नहर में नहाते समय डूबा किशोर, मौत

## परिजनों ने दोस्तों पर लगाया बेटे को डुबोकर मारने का आरोप ○ गोताखोरों की मदद से निकाला गया शव

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** माखी थानांतर्गत रुपऊ गांव में नहर में नहाते समय किशोर गहरे पानी में डूब गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से उसका शव बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। किशोर के पिता ने साथ गए दो युवकों पर बेटे को पानी में डुबोकर मारने का आरोप लगाया है।


अभी तिवारी।

सदर कोतवाली क्षेत्र के कांशीराम कालोनी निवासी ई-रिक्शा चालक का 16 वर्षीय बेटा अभी तिवारी दोस्त रिषभ, वंश, राजा, मोहित सहित सात दोस्तों के साथ ई-रिक्शा से माखी थानांतर्गत रुपऊ गांव के पास से निकली नहर में नहाने गए थे, जहां गहरे पानी में जाने से अभी डूब गया। इसकी जानकारी रिषभ ने अपनी मां गुड्डी को दी और उसने अभी के घर जाकर उसके डूबने की बात बताई।

सूचना मिलने पर बदहवास परिजन माखी थाने पहुंचे और घटना की जानकारी दी। शुक्लागंज से आए गोताखोरों ने डूबने के स्थान से करीब 200 मीटर आगे से उसका शव खोज निकाला। परिजन बेटे का शव देखकर बेहाल हो गए। पोस्टमार्टम हाउस में पिता ने अभी के दोस्त रिषभ पर बेटे को घर से बुलाकर ले जाने और वंश के साथ मिलकर उसे डुबोकर मारने की आशंका जताई है। इस पर पुलिस ने रिषभ से पूछताछ की है।


बिलखते पिता। अमृत विचार

- घटना के बाद घर में मचा कोहराम, लोग सांत्वना देने में जुटे रहे
- सात दोस्तों के साथ नहाने गया था ई रिक्शा चालक का बेटा अभी तिवारी

### स्टेशन पर मिले शव की हुई पहचान

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट रेलवे स्टेशन के पास रविवार देर रात एक अज्ञात युवक का शव मिला था, पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को उन्नाव मर्च्युरी में रखवाया था। सोमवार को मृतक के भाई ने फोटो देखकर उसकी पहचान की। रविवार रात लगभग साढ़े नौ बजे गंगाघाट रेलवे स्टेशन के पास एक 35 वर्षीय अज्ञात युवक का शव आस पास के लोगों ने पड़ा देखा था। जिसकी जानकारी पुलिस को दी गई थी। पहचान न होने पर शव को उन्नाव मर्च्युरी में रखवाया गया था। सोमवार को कंचन नगर मंशा खेड़ा निवासी रमेश तिवारी ने फोटो देखकर अपने भाई अजय तिवारी के रूप में पहचान की। उसने बताया कि उसका भाई मूलरूप से खाभामऊ, थाना बेहटा मुजावर का रहने वाला था। शुक्लागंज में रहकर मजदूरी का काम करता था।

# चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान कटकर गई जान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- अयोध्या जाते समय ट्रेन से पानी पीने के लिए नीचे उतरा था वृद्ध

**अमृत विचार।** रामलला के दर्शन करने अयोध्या जा रहा वृद्ध उन्नाव रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास में पहिए के नीचे आकर कट गया। रेलवे पुलिस ने शव ट्रैक से हटवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जालौन जिला के आटा थाना क्षेत्र के कोहिना गांव निवासी भानु प्रताप (70) पुत्र स्व. गंगा सिंह खेती करते थे। बेटों के बड़े होने पर वे खेती की जिम्मेदारी उन्हें सौंपकर अधिकांश समय पूजा पाठ में व्यतीत करते थे। वह अक्सर तीर्थ स्थलों में दर्शन के लिए जाकर वहीं आश्रम में रहते भी थे। रविवार रात वह अयोध्या में राम लला के दर्शन करने जाने की बात कहकर घर से निकले थे। कानपुर सेंट्रल से वह गोरखधाम एक्सप्रेस में बैठ कर जा रहे थे। सोमवार सुबह उन्नाव रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म-तीन पर ट्रेन रुकने पर पानी लेने नीचे उतरे। तभी ट्रेन चल दी तो उन्होंने दौड़कर उसमें चढ़ने का प्रयास किया। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वह ट्रेन के पहिए के नीचे आकर कट गए।

रेलवे पुलिस ने शव ट्रैक हटवाकर रूट क्लियर कराया और जामातलाशी में उनके पास मिली डायरी में लिखे फोन नंबर से परिजनों को घटना की सूचना देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उनकी मौत की सूचना पर पत्नी ऊषा सिंह सहित तीन बेटे रविंद्र, हरेंद्र व गजेंद्र रो-रोकर बेहाल गये । एसओ जीआरपी अरविंद पांडेय ने बताया कि रनओवर से वृद्ध की मौत हुई थी। पीएम करवा कर शव परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

## रेलवे ट्रैक किनारे करंट से झुलसा मिला युवक, भर्ती

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी मूक-बधिर युवक बीती देरशाम रेलवे ट्रैक किनारे संदिग्ध परिस्थिति में करंट की चपेट में आने से झुलसा मिला। जानकारी होने पर ग्रामीणों के सहयोग से परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव कठिघरा निवासी सुरेश का 40 वर्षीय पुत्र सुनील रविवार देरशाम गांव के पास से गुजरी बालामऊ कानपुर रेलवे लाइन पर विद्युत लाइन के पोल के पास संदिग्ध अवस्था में झुलसा पड़ा मिला। ग्रामीण की सूचना पर पहुंचे पीआरवी सिपाहियों ने परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंचा युवक का भाई मिथिलेश उसे ग्रामीणों के सहयोग से फतेहपुर चौरासी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।


मौके पर जांच पड़ताल करती आरपीएफ और गंगाघाट पुलिस। अमृत विचार

# पटरी पर रख दिया सिर ऊपर से गुजर गई ट्रेन

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- शव ट्रैक पर पड़ा होने से रुकी वंदेभारत व अन्य ट्रेनें

**अमृत विचार।** सोमवार को कानपुर लखनऊ रेल रूट स्थित डाउन लाइन पर रश्मि लोक के पास कानपुर से लखनऊ की ओर जा रही समर स्पेशल ट्रेन के आगे एक अज्ञात युवक ने अपना सिर रख दिया। जिससे सिर धड़ से अलग हो गया । शव ट्रैक पर पड़ा होने से वंदेभारत समेत कई ट्रेनें स्टेशन पर रुकी रहीं।

सुबह करीब ग्यारह बजे कानपुर से लखनऊ की ओर मुम्बई गोरखपुर समर स्पेशल ट्रेन जा रही थी, तभी रश्मि लोक के सामने खंभा नंबर 65/24 व 65/26 के पास एक 35 वर्षीय अज्ञात युवक ने ट्रेन के सामने रेलवे पटरी पर अपना सिर रख दिया। ट्रेन के गुजरने से सिर धड़ से अलग हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कुछ देर बाद दूसरी ट्रेन गुजरी। जहां उसके चालक ने शव देखा। जिसकी जानकारी मगरवारा रेलवे स्टेशन को दी गई। जिस पर गंगाघाट एसएस को सूचना दी गई। सूचना पर आरपीएफ मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को ट्रैक से हटवा कर कब्जे में लिया । वहीं ट्रैक पर शव पड़ा होने के कारण वंदेभारत, झांसी पैसेंजर, आगरा कैंट को गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर रोका गया।

## एक नजर

### विद्युत करंट से झुलसा किशोर, भर्ती

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव जिरिकपुर निवासी राजेश यादव का 15 वर्षीय पुत्र सुमित सोमवार सुबह घर में घरेलू विद्युत उपकरण दुरुस्त कर रहा था। तभी वह अचानक तेज करंट की चपेट आकर गंभीर रूप से झुलस गया। मां आशा आनन-फानन उसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### जहरीले कीड़े के काटने से युवती गंभीर, रेफर

**बांगरमऊ।** नगर के मोहल्ला सरांय निवासी प्रसाद की 20 वर्षीय बेटी नीलम सोमवार को घर में रोजमर्रा का काम कर रही थी। तभी अचानक घर में छिपे बैठे किसी जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। यह देख परिजन आनन-फानन उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत नाज़ुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# वकीलों ने कानूनगो के खिलाफ किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर तहसील में बीते शनिवार कानूनगो व अधिवक्ता के बीच में ईडब्लूएस पत्र बनवाने को लेकर विवाद हो गया था। अधिवक्ता का आरोप है कि कानूनगो व लेखपाल ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसे बुरी तरह से पीटा। जबकि कानूनगो ने अभद्रता व मारपीट के आरोप को गलत ठहराया है। बार एसोसिएशन ने इसे गंभीरता से लेते हुए सोमवार को बैठक बुलाई। जहां धरना को लेकर मन्त्रणा हुई। सैकड़ों अधिवक्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और जमकर हंगामा किया।

अधिवक्ता चंद्र प्रकाश राजपूत के साथ मारपीट होने को लेकर उन्नाव बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश शुक्ला व महामंत्री अरविंद दीक्षित ने बताया कि अधिवक्ता के साथ कानूनगो व लेखपाल ने मारपीट की है। इसमें तहसील के अन्य कर्मचारी भी रहे हैं। यही नहीं अधिवक्ता से अभद्रता, गालीगलौज के साथ उसको एसडीएम सदर के कक्ष तक खींचकर ले गये। एसडीमए सदर प्रज्ञा पांडे ने भी अधिवक्ता को अपमानित किया। इससे अधिवक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। इसे लेकर बार एसोसिएशन की बैठक सोमवार को सुबह 10 बजे बार सभागार में बुलाई गई थी। अधिवक्ताओं ने मंत्रणा के आधार पर निर्णय लेकर एक सैकड़ा से अधिक अधिवक्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रदर्शन किया और अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है।

अध्यक्ष सतीश शुक्ला ने बताया कि अधिवक्ताओं के साथ अभद्रता व मारपीट की घटनाएं बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्रवाई न होने तक हड़ताल जारी रहेगी।


कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

- अधिकारियों से की आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग

## जहरीले कीड़े के काटने से बच्ची की मौत

**हसनगंज उन्नाव।** माता-पिता के साथ आम के बाग की रखवाली करने गई 6 वर्षीय बच्ची की जहरीले कीड़े के काटने से मौत हो गई। जानकारी होने पर गांव में हड़कम्प मच गया।

कोतवाली क्षेत्र के मौला बाकीपुर गांव निवासी मो. अली पुत्र कासिम अली गांव के वीरप्रकाश सिंह के बाग की देखरेख करता था। वीरप्रकाश ने कुछ आम के पेड़ मो. अली को दे रखे थे। उन्हीं के साथ साथ वह बाग की भी निगरानी करता था। सोमवार दोपहर 2 बजे मो. अली अपनी पत्नी गुड्डी व बेटी शिफा के साथ आम के बाग में था। बेटी कुछ दूर पर खेल रही थी। तभी अचानक बेटी को जहरीले कीड़े ने काट लिया। बेटी ने कीड़े काटने की बात पिता से बताई। जानकारी पर आनन-फानन पिता बेटी को लखनऊ के निजी अस्पताल ले गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# मां मुरादें पूरी कर दे हलुआ बाटूंगी...

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

**अमृत विचार।** क्षेत्र के रंग उत्सव संस्था व विधिक सेवा संस्थान के सहयोग से जय मां दुर्गा मंदिर समिति के द्वारा द्वितीय जय मां दुर्गा मेले का आयोजन किया गया। मेले में दिन में विशाल भंडारा व रात में माता रानी का जगराता और सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जय मां दुर्गा मंदिर के वार्षिकोत्सव पर सोमवार रात मंदिर परिसर में माता रानी का जागरण हुआ। जागरण में भजन गायकों ने अपने भजनों से माहौल भक्तिमय कर दिया। माता रानी के भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे।

जागरण की शुरुआत विघ्नहर्ता भगवान गणेश की वंदना के साथ हुई। मां शारदे व गुरु की स्तुति के बाद शुरू हुआ भजनों का सिलसिला रात भर चलता रहा। प्रिया तिवारी ने 'ऐ मां मुझको ऐसा घर दो जिसमें तुम्हारा मंदिर हो' और 'माता किसी गरीब की बिगड़ी संवार दे' भजन प्रस्तुत किए। तो श्रद्धालु भक्तिमय होकर झूमने लगे। सुंदरलाल ने 'भक्तों को दर्शन दे गई एक छोटी सी कन्या' और 'मां मुरादें पूरी कर दे हलुवा बांटूंगी' आदि भजन पेश किए। आरती के पश्चात भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया। जागरण सुनने के लिए पहुंचे लोगों ने माता रानी के लिए चुनरिया, नारियल, मिठाई व पूजन सामग्री भेट की। इस कार्यक्रम में रंग उत्सव संस्था सचिव सूरज गौतम, अध्यक्ष अंशु कनौजिया, प्रेम सिंह, रुस्तम, राजू, शिवकांत जगपाल, मुकेश कश्यप, मौजी लाल यादव, मानसिंह, रवि नादान, प्रधान जितेंद्र राजपूत, संजय, पुत्तीलाल गौतम सहित सैकड़ों की संख्या में भक्त मां के भक्त मौजूद रहे।


देवी गीतों पर झूमते भक्तजन। अमृत विचार

# खेत की रखवाली कर रहे वृद्ध की बिगड़ी हालत, मौत

संवाददाता औरास उन्नाव

**अमृत विचार।** गर्मी में आम के बाग की रखवाली कर रहे वृद्ध की हालत बिगड़ गई। परिजन उसे सीएचसी ले गये। जहां से डॉक्टर ने उसे रेफर कर दिया। रास्ते में ही वृद्ध की मौत हो गई।


ओमप्रकाश मौर्य।

कस्बा औरास के मोहल्ला शांति नगर निवासी ओमप्रकाश मौर्य (65) कस्बा निवासी एक किसान के बाग की रखवाली कर रहे थे। बाग की रखवाली के दौरान गर्मी में लू लगने से बाग में ही बेहोश होकर गिर गए। जहां से परिजन उसकी हालत बिगड़ती देख नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां डॉक्टर उमर फारुक ने प्राथमिक उपचार कर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन, परिजन उसे निजी वाहन से लखनऊ ले जा रहे थे। तभी हाजीपुर गोशा के पास रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी रामकली बदहवास हो गई। शाम को उसके शव का गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया। वहीं कस्बे में असमय मौत होने को लेकर कई चर्चाएं रहीं। जिसमें लोगों ने हीट स्ट्रोक की भी आशंका जताई है।

## अधेड़ ने घर में फांसी लगाकर की खुदकशी

**हसनगंज उन्नाव ।** कस्बा मोहान में संदिग्ध परिस्थिति में 50 वर्षीय व्यक्ति का शव सोमवार दोपहर घर के कमरे में कुंडे के सहारे फंदे पर लटकता मिला। मोहल्ले के लोग दरवाजा तोड़कर नीचे उतारते तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

बता दें कि कस्बा मोहान के पकरा मोहल्ला निवासी राजू पुत्र राधे चौरासिया मोहान में विक्रम ऑटो पाट्‌र्स के नाम से दुकान किये था। परिजनों ने सोमवार दोपहर राजू को घर के अंदर कमरे में लगे कुंडे से फांसी पर लटका देखा तो बदहवास हो गए। आनन-फानन मोहल्ले के लोगों ने कमरे का दरवाजा तोड़कर राजू को फंदे से नीचे उतारा लेकिन, तब तक उसकी सांसे थम चुकी थीं।

# महिला क्रिकेट टीम में चयन को दिखाया दम

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (डीसीए) के बैनर तले जिला महिला क्रिकेट टीम गठन के लिए स्टेडियम में ट्रायल प्रतियोगिता आयोजित हुई। पहले चरण के ट्रॉयल में 12 महिला प्रतिस्पर्धियों ने इसमें अपना दमखम दिखाया।

इन दिनों खेल सत्र 2024-25 के लिए डीसीए अलग-अलग वर्गों की टीम गठन के लिए ट्रायल प्रतियोगिताएं आयोजित करा रहा है। इसी क्रम में महिला टीम गठन के लिए पहले चरण का ट्रॉयल आयोजित कराया गया। इसमें यूपीसीए में पंजीकृत 12 प्रतिभागियों ने परस्पर प्रतिस्पर्धा की। खिलाड़ियों ने निर्धारित ओवर गेंदबाजी व बल्लेबाजी करते हुए स्वयं को साबित करने का प्रयास जारी रखा। इस दौरान चयनकर्ता के तौर पर मसूर खान, संजय श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव शंकर, नवीन सिन्हा व विकास सिन्हा ने प्रतिस्पर्धियों का मूल्यांकन जारी रखा।

इस दौरान डीसीए महासचिव पीके मिश्र भी खिलाड़ियों की प्रतिभा का आकलन करते रहे। इसके अलावा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गंजमुरादाबाद की शारीरिक शिक्षिका पूनम गुप्ता व ओम मिश्रा भी मौजूद रहे।


ट्रॉयल में शामिल महिला खिलाड़ियों को नियम बताते चयनकर्ता व डीसीए पदाधिकारी।

- यूपीसीए में पंजीकृत एक दर्जन क्रिकेटरों ने साबित की अपनी-अपनी प्रतिभा

# डंपर की टक्कर से ट्रक चालक की गई जान, तीन घायल

संवाददाता पुरवा उन्नाव

- पंचर ट्रक किनारे खड़ा कर सो रहे थे चालक और खलासी

**अमृत विचार।** असोहा थानाक्षेत्र के लालाखेड़ा चौराहा के पास खड़े ट्रक में डंपर ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे आगे पंचर खड़े ट्रक के पास सो रहे चालक की मौत हो गई। इसमें बगल में लेटा खलासी व डंपर चालक को चोटें आई हैं।

कानपुर जिला के बिधनू थानांतर्गत शंभुआ गांव निवासी राजू (25) पुत्र मेवालाल ट्रक चालक था। रविवार रात करीब एक बजे वह गांव के ही खलासी रामराज के साथ हमीरपुर से मौरंग लादकर लखनऊ जा रहा था। शाहाबाद गांव के पास उसके ट्रक का पिछला पहिया पंचर हो गया। इस पर वह और खलासी ट्रक के बगल में लेट गए। ट्रक के पीछे एक और ट्रक भी खड़ा था। तभी भल्लाफार्म की ओर से आए डंपर ने अचानक खड़े ट्रक में टक्कर मार दी। इससे ट्रक के बगल में लेटे राजू को ऊपर उसी के ट्रक का पहिया चढ़ गया और उसकी मौत हो गई। हादसे में रामराज, दूसरे ट्रक का चालक संजीव, खलासी राजीव व डंपर चालक रामसेवक को चोटें आईं। पुलिस ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया। पति की मौत की खबर से पत्नी आकांक्षा, मां गुलाबदेई, बड़ा भाई विजय सहित अन्य बेहाल हो गये।

**लोकसभा चुनाव- 2024** — प्रेक्षकों की मौजूदगी में सुबह सात बजे से शुरू होगी पोस्टल बैलेट की गिनती, सुरक्षा के रहेंगे कड़े इंतजाम

# मतगणना आज : कौन पहनेगा ताज, फैसला होगा आज

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** मतदान के 21वें दिन मतों की गिनती पूरी होने के साथ तय हो जाएगा कि 18वीं लोकसभा में जिले का प्रतिनिधित्व करने का सेहरा किसके सिर सजेगा। भारत निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधि प्रेक्षक व जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी की मौजूदगी में सुबह सात बजे से मतदान कार्मिक मतों की गिनती का कार्य शुरू करेंगे।



उल्लेखनीय है कि जिले में 13 मई को चौथे चरण के तहत मतदान कराया गया था। करीब 55 फीसदी मतदाताओं ने अपने-अपने मतदान बूथ पहुंचकर पंसदीदा प्रत्याशियों को निर्वाचित घोषित कराने के लिए मतदान किया था। इसके बाद से जिले का हर खास-ओ-आम लगातार चुनाव परिणामों को लेकर कयास लगाते आ रहे हैं। मतदान के दिन जहां सातवें चरण की वोटिंग और इसके बाद मतगणना दिवस के बीच काफी अंतर महसूस किया जा रहा था।

वहीं अब मतों की गिनती की उल्टी गिनती शुरू होने के साथ प्रत्याशियों सहित उनके करीबियों में परिणामों को लेकर बेचैनी बनी है। बीते कई दिनों से जिला निर्वाचन अधिकारी सहित सभी प्रशासनिक अधिकारी मतगणना की तैयारियों में जुटे थे। अब मंगलवार को सुबह पांच बजे मतगणना कार्मिकों व प्रत्याशियों के अभिकर्ताओं के पहुंचने के साथ मतगणना स्थल राजकीय भंडारण गृह में गहमा-गहमी बढ़ जाएगी। मतों की गिनती शांतिपूर्वक संपंन कराने को जिला प्रशासन ने सुरक्षा बलों की तैनाती कर चाक-चौबंद इंतजाम व्यवस्था कर रखी है।

### कांग्रेस प्रत्याशी रहते अन्नू टंडन को पड़े थे जमानत बचाने के लाले

- पिछले लोकसभा चुनाव में निवर्तमान सांसद भाजपा प्रत्याशी डा. साक्षी महाराज ने 7,03,507 यानी 67.87 फीसदी मत प्राप्त हुए थे। उन्होंने 4,00,956 मतों के अंतर से सपा प्रत्याशी अरुण शंकर शुक्ल अन्ना को मतों के बड़े अंतर से हराया था। वहीं इस बार मुख्य मुकाबले में शामिल मानी जा रहीं इंडिया गठबंधन की सपा प्रत्याशी पूर्व सांसद अन्नू टंडन को कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर 15.1 फीसदी यानी 1,85,634 मत ही प्राप्त हो सके थे। वर्ष 2019 के चुनाव में मौजूदा सपा प्रत्याशी की जमानत नहीं बची थी।

### सबसे अधिक समय तक गिने जाएंगे भगवंतनगर क्षेत्र के मत

- बांगरमऊ व सदर विधानसभा क्षेत्रों के मतों की गिनती सबसे पहले पूरी होने की उम्मीद है। वहीं बूथों की संख्या अधिक होने से भगवंतनगर विधानसभा क्षेत्र की मतगणना सबसे अंत में पूरी होगी। बांगरमऊ विधानसभा क्षेत्र में 391 और सदर में 399 पोलिंगबूथ हैं। बांगरमऊ में 28 राउंड और सदर में 30 राउंड होंगे400 पोलिंग बूथ वाले सफीपुर और 401 पोलिंग बूथ वाले मोहान विधानसभा की गिनती पूरी होगी। पुरवा में 446 बूथों की मतगणना होनी है। भगवंतनगर में 461 बूथों की मतगणना होगी।

### आठ से नौ घंटे में विजेता को प्राप्त होगा जीत का प्रमाण पत्र

- माना जा रहा है कि विधानसभा क्षेत्रों के मतों की गिनती का कार्य आठ-नौ घंटे में पूरा हो जाएगा। इसके लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए विधानसभावार 14-14 टेबल लगाई जाएंगी। मतगणना हाल में मतदान कार्मिकों को गर्मी से राहत देने के लिए पंखों की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। गणना हाल में कोई भी इलेक्ट्रानिक डिवाइस लेकर नहीं जाया जा सकेगा।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे रोपें

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** नेहरू युवा केंद्र के क्षेत्रीय निदेशक श्रीकांत पांडेय ने कार्यालय भवन निर्माण स्थल पहुंचकर शिलान्यास किया। इसके अलावा कार्यालय का निरीक्षण करने के बाद युवाओं के साथ बैठक करते हुए उन्होंने युवा मंडल के सदस्यों को पांच जून को अधिक से अधिक पौधरोपण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्लोबल वार्मिंग को देखते हुए पीपल, बरगद व नीम आदि के पौधे रोपित करना वर्तमान की आवश्यकता बन चुकी है।

क्षेत्रीय निदेशक सुबह तकरीबन सात बजे ही यहां पहुंच गए। उन्होंने स्थानीय स्टाफ की मौजूदगी में कार्यालय का निरीक्षण किया। साथ ही भवन निर्माण के लिए जिला प्रशासन की ओर से लोधनहार के आगे उपलब्ध कराई गई भूमि पर पहुंचकर शिलान्यास किया। केंद्र के कार्यालय में युवा मंडल के सदस्य युवाओं की बैठक में उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना वर्तमान की सबसे बड़ी जरूरत बन चुका है। इसलिए विश्व पर्यावरण दिवस पांच जून को युवा मंडल के सभी सदस्यों को अभियान के तहत छाया प्रदान करते हुए प्राण वायु का अधिक उत्सर्जन करने वाले पौधों का रोपण करना चाहिए। इस दौरान जिला युवा अधिकारी विनीत गहलावत, जिला प्रभारी एनसीसी डा. विपिन सिंह, रवि रंजन, अनिल पांडेय, पंकज गुप्ता, भरत लोधी, धर्मेंद्र शर्मा, अभिषेक मिश्र, संजय, कुलदीप, अंकित, दीपेंद्र सिंह व तरन्नुम खान आदि मौजूद थे।


क्षेत्रीय निदेशक को पौधा भेंट करते नेहरू युवा केंद्र के अधिकारी।

# सफलता : चोरी गई सवा सात किलो चांदी के साथ दो गिरफ्तार

## सर्राफ ने कारीगर को बिछिया बनाने के लिये दी थी चांदी, पुलिस ने भेजा जेल

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कप्तान साहब हाता निवासी एक सर्राफ करोबारी ने कारीगर को बिछिया बनाने के लिये चांदी दी थी, जिस पर कारीगर ने बिछिया चोरी होने की जानकारी दी। करोबारी ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। जिस पर एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान पुलिस ने चोरी गई चांदी के साथ कारीगर और उसके साथी को गिरफ्तार कर कोर्ट भेजा है।

कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि कप्तान साहब हाता निवासी किशोर वर्मा चांदी सर्राफ कारोबारी है। उन्होंने कुछ दिन पहले ब्रह्मनगर में रहने वाले कारीगर दीपक वर्मा को बिछिया बनाने के लिए साढ़े सात किलो चांदी दी थी, लेकिन रविवार की रात लगभग 11 बजे दीपक ने किशोर को दी गई चांदी से बनाई बिछिया चोरी होने की जानकारी दी। जिस पर उन्होंने कारीगर पर चांदी की बिछिया चोरी करने का आरोप लगाते हुये पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने कारीगर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इधर एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान गंगाघाट पुलिस ने दीपक और उसके साथी सुमित सोनी को श्रीनगर पोनी रोड सरकारी स्कूल के पास से गिरफ्तार किया । जहां पुलिस ने उनके पास से 7 किलो 220 ग्राम चांदी की बिछिया छल्ले व चांदी का चूरा व पीतल का छल्ला बरामद किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुये कोर्ट भेजा है।


चोरी की चांदी के साथ पुलिस की गिरफ्त में खड़े आरोपी। अमृत विचार

● कारोबारी से कहा था कि बनाई गईं बिछिया हुईं चोरी

### लड़की को भगा ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

शुक्लागंज उन्नाव। एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने लड़की को भगा ले जाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके खिलाफ कार्यवाही कर कोर्ट भेजा है। कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि सम्भर खेडा देवारा कला निवासी विमल एक लड़की को बहला फुसला कर भगा ले गया था। जिस पर कोतवाली में विमल के खिलाफ मुकदमा दर्ज था। वह दर्ज मुकदमे में वांछित चल रहा था। एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान सोमवार को पुलिस ने उसे मरहला चौराहे के पास से गिरफ्तार किया और दर्ज मुकदमे के आधार पर कार्रवाई करते हुये उसे कोर्ट भेजा गया है।

# छत पर सोता रहा परिवार पार हो गया लाखों का माल

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

● चोरों को लोगों ने दौड़ाया तो ईंट-पत्थर चलाकर भागे चोर

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोवताली क्षेत्र के चंपापुरवा मोहल्ले में रहने वाला एक परिवार रात छत पर सो रहा था, तभी चोर घर में घुस गये। जहां चोरों ने नकदी जेवर समेत लाखों का माल पार कर दिया। जानकारी होने पर परिवार के लोग बाहर की ओर भागे। जहां भाग रहे चोरों ने परिवार पर ईंट पत्थरों से हमला कर दिया। पीड़ित ने चोरी की जानकारी पुलिस को दी है।

चंपापुरवा निवासी रिंकू पुत्र शिवशंकर ने बताया कि रविवार रात वह परिवार के छत पर सो रहा था, तभी कुछ चोर उसके घर में घुस गये। और सोने चांदी के जेवरात समेत 15 हजार रुपये नकद पार कर दिये। रात करीब तीन बजे वह नीचे उतरा तो देखा कि घर का सामान बिखरा पड़ा था। यह देख उसने शोर मचाया। जिस पर परिवार के लोग जागे और बाहर की ओर भागे।

जहां उसने अपने चचेरे भाई को कुछ लोगों के साथ देखा। जिस पर शोर मचाते हुये चोरों को दौड़ा लिया। बचने के चक्कर में चोरों ने दौड़ा रहे लोगों पर ईंट पत्थर चला दिये। जिसके बाद गलियों से होकर भाग निकले। पीड़ित ने चोरी के बावत कोतवाली पुलिस को सूचना दी। जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और चोर को पकड़ने का आश्वासन दिया है।


चोरी के बाद कमरे में बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### गर्मी से परेशान लोगों का हाल- बेहाल

**उन्नाव।** तापमान कम रहने के बावजूद सूर्य की किरणों की तीव्रता से पनपी गर्मी पूरे दिन लोगों को बेहाल किए रही। दोपहर दो बजे के बाद राहगीर रास्ते में पानी की व्यवस्था दिखते ही नलों से हाथ-पैर धोते हुए मिली राहत की वजह से कपड़े पहने हुए नहाते दिखाई दिए। वहीं लगातार गर्मी से आजिज लोगों ने अब ऊपर वाले से रहम की भीख मांगनी शुरू कर दी है। बीते पूरे मई के बाद सोमवार तक यहां प्री मानसूनी बारिश नहीं पहुंच सकी है। इससे पूरे दिन धूप में तपने के बाद देर रात तक धरती गर्म महसूस होती रहती है। अव्वल तो हवा चलनी बंद हो जाती है और हवा चलने के बावजूद गर्मी से निकलने वाला पसीना सूखने का नाम नहीं लेता है। सोमवार को सुबह तापमान भले कम था, लेकिन सूरज की किरणें सात बजे से ही शरीर बर्दास्त नहीं कर पा रहा था। वहीं समय बीतने के साथ पारा बढ़ने का सिलसिला जारी रहा। दोपहर दो बजे के तापमान 43 डिग्री के ऊपर भले नहीं पहुंचा, लेकिन सूरज की किरणें शरीर को झुलसाती रहीं। इससे राहगीरों को जहां भी पानी दिखा वह रुककर पहले हाथ-पैर और मुंह धुलते समय मिले शकून के चलते बिना कपड़े उतारे टोटियों और हैंड पंप के नीचे बैठकर गर्मी से राहत प्राप्त करते दिखाई दिए। उन्होंने बताया कि देर से धूप में रहते हुए शरीर जल रहा था। अब गीले कपड़ों में शकून प्राप्त हो रहा है।


कपड़े पहने हुए नल के नीचे बैठकर नहाता राहगीर।

### बस स्टॉप न होने से भीषण गर्मी में यात्री परेशान

**उन्नाव।** लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित लखनऊ बाईपास के अन्नपूर्णा मंदिर के पास चिलचिलाती धूप में यात्रियों के लिए बैठने की और पीने के पानी की व्यवस्था न होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यात्री हाईवे के किनारे लगी दुकानों के पास रुककर बस का इंतजार करते हैं। बता दें कि हाईवे के दोनों ओर यात्रियों के लिए बस स्टॉप की सुविधा नहीं है। राहगीर सड़क किनारे खड़े होकर भीषण धूप में रोडवेज बस का इंतजार करते हैं। बस स्टॉप करीब तीन किमी दूर शहर के अंदर बना है। जबकि, हाईवे के दोनों तरफ किनारे लखनऊ बाईपास पर बसें रुकती हैं। इनसे नौकरी पेसा लोग आवागमन करते हैं। यहां से लखनऊ, कानपुर, अयोध्या व गोरखपुर सहित सैकड़ों शहरों के लिये रोडवेज बस यात्रियों को आसानी से मिल जाती हैं। यात्रियों की मानें तो यहां बसें रुकती भी हैं। 30 लाख से अधिक आबादी वाले जिले में रोज हजारों यात्री लखनऊ बाईपास के सामने चिलचिलाती धूप में हाईवे के किनारे खड़े होकर घंटों वाहनों का इंतजार करते है। लखनऊ कानपुर हाईवे दीनदयाल स्टेडियम के पास एक छोटा सा यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण शुरू हुआ था। लेकिन विभागीय अफसरों की लापरवाही के चलते निर्माण अधूरा पड़ा है। यह हाईवे कानपुर, एटा, मैनपुरी, कानपुर देहात, वहीं लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या, गोंडा और गोरखपुर सहित कई बड़े जिलों को जोड़ता है। यहां से सैकड़ों रोडवेज व निजी बसों का संचालन हो रहा है। लेकिन इस भीषण गर्मी में यात्रियों व राहगीरों को लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित बाईपास पर अन्नपूर्णा मंदिर के सामने यात्रियों के लिए यात्री प्रतीक्षालय न बना होने से राहगीरों व यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा उन लोगों को भुगतना पड़ रहा है। अधूरा प्रतीक्षालय बन जाये तो उन्हें कुछ राहत मिल जाये। अभी भीषण गर्मी में हाईवे किनारे खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ता है। यात्रियों के लिए कोई सुविधा नहीं है। एआरएम गिरीश चंद्र वर्मा ने बताया कि यात्रियों के लिए हाईवे किनारे यात्री प्रतीक्षालय सहित अन्य सुविधाओं की जिम्मेदारी एनएचएआई की होती हैं। इसे लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों से कहा जा चुका है। लेकिन अभी तक कुछ भी नहीं किया गया।

### मांझे से एसएनटी कर्मी की कटी गर्दन,भर्ती

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव अमृत विचार। गंगाघाट स्टेशन पर तैनात एसएनटी कर्मी सोमवार को ड्यटी आ रहा था, तभी उसकी पतंग के मांझे से गर्दन कट गई। उसे इलाज के लिये ले जाया गया। एसएनटी कर्मी रामकुमार सोमवार सुबह बाइक से गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी आ रहा था, तभी कैंट क्षेत्र में पतंग के मांझे से उसकी गर्दन कट गई। किसी तरह रूमाल बांधकर स्टेशन पहुंचे। जहां उन्हें इलाज के लिये ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसका इलाज किया।

### कार की टक्कर से महिला घायल

**उन्नाव।** सदर कोतवाली की पीआरवी में तैनात महिला सिपाही मंजू (40) पत्नी स्व. प्रदीप कुमार को जिला अस्पताल के बाहर तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। इसमें सिपाही घायल हो गई। आसपास के लोग दौड़े तो चालक कार लेकर भाग निकला। लेकिन टक्कर लगने से उसकी नंबर प्लेट वहीं गिर गई। सूचना पर अस्पताल चौकी पुलिस ने घायल महिला सिपाही को इमरजेंसी में भर्ती कराया।



बैठक को संबोधित करते पदाधिकारी। अमृत विचार

### संगठन विस्तार को बनाई रणनीति

**शुक्लागंज उन्नाव।** राजधानी मार्ग स्थित डीएसएम पब्लिक स्कूल में भारत विकास परिषद की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों ने संस्था को क्रियाशील बनाने को लेकर चर्चा की। जिला समन्वयक सूर्य कुमार बाजपेयी ने बैठक का संचालन किया। इस दौरान प्रांतीय अध्यक्ष विमलेश अवस्थी, महासचिव, राकेश श्रीवास्तव आदि ने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। इस मौके पर आशुतोष शुक्ला, अंजनीकांत मिश्रा, अनुज तिवारी, अशोक तिवारी, ओमप्रकाश मिश्रा, कैलाश नाथ द्विवेदी, रूपकांत, जयकरन सिंह, विनोद अवस्थी, आशीष शुक्ला, अवनीश शुक्ला मौजूद रहे।

### घर में घुसकर मारपीट करने का लगाया आरोप

**औरास।** दीपू पुत्र मोलहे राठौर निवासी गांव टिकरा सामद थाना औरास ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार रात उसके घर बहन बहनोई भी आये थे। रात करीब तीन बजे पुरानी खुन्नस के चलते पड़ोसी संग्राम पुत्र विमल सिंह उसके घर में दीवार फांदकर घुसा और उसके धोखे उसके बहनोई पर हमला कर दिया।

# घर में बागवानी तैयार कर पर्यावरण को दे रहे बढ़ावा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर के अवधपुरी नाथू खेड़ा में रहने वाला एक परिवार पर्यावरण को बनाये रखने के लिये घर की छत पर बागवानी तैयार की है। रविवार को उन्होंने तमाम प्रकार के फलदार और औषधि वाले पौधों का वितरण किया। इसके साथ ही पर्यावरण का संतुलन बनाये रखने को लेकर सकंल्प भी लिया।

अवधपुरी नाथू खेड़ा निवासी देवी प्रसाद मौर्य ने बताया कि उन्होंने पांच सालों में अपनी छत पर बागवानी तैयार कर रहे हैं। जिसमें उन्होंने गेंदा, गुलाब, गुड़हल, मोगरा, चम्पा, चाँदनी, कनेर, गुलदाऊदी, टिकोमा, मधु मालती, बैंगन, टमाटर, धनिया, मिर्च, पुदीना, सूदर्शन के अलावा तमाम प्रकार के पौधे लगा रखे हैं। जिनकी देख रेख उनके भाई सत्यवान मौर्य, भाभी पुनाती मौर्या और उनके पिता छविलाल मौर्या के अलावा वह खुद करते आ रहे हैं।

उन्होंने छत पर डेढ़ सौ अधिक पौधे लगाये है। जिसमें पानी के गैलन, खराब बोतल, दालमोठ, धूपबत्ती हैण्डवाश के पैकेट, खराब टायर आदि चीजों का इस्तेमाल पौधे लगाने के लिये बनाये हैं। पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए देवी प्रसाद ने सदर विधायक पंकज गुप्ता, कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति समेत कई समाजसेवियों को तुलसी का पौधा भेंट किया।



इस तरह छत पर तैयार की गई बागवानी। अमृत विचार

# मुख्य आरोपी के देवर की दोबारा हाईकोर्ट से जमानत खारिज

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**शुभममणि हत्याकांड**

**अमृत विचार।** 19 जून 2020 को ब्रम्ह नगर निवासी पत्रकार शुभममणि त्रिपाठी की सहजनी के पास गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। हत्या में शामिल आरोपियों पर पत्रकार के भाई ने मुकदमा दर्ज कराया था। वहीं मुख्य आरोपी के देवर की सोमवार को हाईकोर्ट ने दोबारा जमानत खारिज कर दी।

कोतवाली क्षेत्र के ब्रम्ह नगर निवासी पत्रकार शुभममणि त्रिपाठी की वर्ष 2020 की 19 जून को उन्नाव से लौटते समय सहजनी दूध मंडी के पास बदमाशों ने गोलियों से भूनकर उसकी निर्मम हत्या कर दी थी। मृतक के भाई ऋषभ मणि त्रिपाठी ने हत्या में मुख्य आरोपित दिव्या अवस्थी उसके पति कन्हैया अवस्थी के अलावा राघवेन्द्र उर्फ यशू समेत दस के खिलाफ नामजद हत्या, बलवा व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। मुख्य आरोपी दिव्या, कन्हैया ने जमानत की अर्जी दी। जिस पर कई बार लखनऊ उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया और दोनों मुख्य आरोपितों को जमानत नहीं हो पाई थी। इधर राघवेन्द्र ने जमानत के लिये अर्जी दाखिल की गई। हाईकोर्ट ने फैसले के आधार पर राघवेन्द्र की जमानत को दोबारा खारिज कर दी। साथ ही इस मामले को छह माह में समाप्त करने का आदेश देकर सप्ताह में दो बार सुनवाई किये जाने का आदेश भी दिया है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद जेल में बंद हत्योरोपियों की बाहर निकलने की मुश्किल और बढ़ गई हैं। वहीं हत्या में शामिल एक आरोपी कौशल किशोर को पुलिस तीन साल से अधिक के बाद भी गिरफ्तार नहीं कर सही है।

# घर वाले देखते रहे नौटंकी चोरों ने किया हाथ साफ

**उन्नाव।** माखी थानांतर्गत घत्ताखेडा गांव चोरों ने एक घर का तला तोड़ कर वहां रखा बक्सा उठा कर खेत ले गए। जहां उन्होंने उसमें रखे जेवर और नकदी पार कर दी। घटना के वक्त गृहस्वामी परिवार के साथ गांव में हो रही नौटंकी देखने गया था।

पावा चौकी क्षेत्र के बंदाखेडा के मजरा धत्ताखेडा स्थित झूरी बाबा परिसर में रविवार को मेला लगा था। इसमें रात को नौटंकी का आयोजन था। घसीटे पुत्र भगवती भी नौटंकी देखने के लिए घर में ताला डालकर गया था। भोरपहर वापस लौटने पर ताला टूटा मिला और अंदर सारा सामान बिखरा देखा। गृहस्वामी के मुताबिक उसका बक्सा आधा किमी दूर बंधवा तालाब में पड़ा मिला । बक्से में रखे जेवर और पांच हजार रुपये गायब थे। पावा चौकी पुलिस ने पहुंचकर जोच पड़ताल की है।

# किशोरी से छेड़छाड़ के आरोपी को पांच साल कैद

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

● 28 अप्रैल 2017 को आरोपी ने किशोरी के साथ की थी छेड़छाड़

**अमृत विचार।** माखी थानांतर्गत किशोरी से हुई छेड़छाड़ के मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद कोर्ट ने निर्णय देते हुए युवक को पांच साल की सजा सुनाई है।

बता दें कि माखी थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 28 अप्रैल-2017 की शाम उसकी नाबालिग बेटी खेत जाने की बात कह घर से गई थी। तभी रास्ते में उससे शाहपुर गांव निवासी विनोद ने छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर उसने बेटी से गालीगलौज व मारपीट की थी। इसमें बेटी घायल हो गई थी। शोर सुन आते ग्रामीणों को देख आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर भाग गया था। आईओ बालिस्टर सिंह ने जांच के बाद आरोपी के विरुद्ध चार्जशीट पेश की थी। सोमवार को मामले की अंतिम सुनवाई विशेष पाक्सो कोर्ट में पूरी हुई। एडीजे शैलेंद्र सिंह यादव ने शासकीय अधिवक्ता प्रदीप श्रीवास्तव की दलील व साक्ष्य के आधार पर विनोद को दोषी करार देते हुए उसे पांच साल की सजा सुनाई है।

# गर्मी से युवक की गई जान, मचा कोहराम

**शुक्लागंज उन्नाव।** प्रेम नगर निवासी एक युवक की सोमवार दोपहर गर्मी के चलते तबीयत बिगड़ गई। जिस पर उसे इलाज के लिये ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

प्रेम नगर बड़ी मस्जिद निवासी राजकुमार गुप्ता उर्फ कल्लू (45) जनरेटर का काम करता था। सोमवार दोपहर गर्मी के चलते अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी। जिस पर परिजन उसे इलाज के लिये नगर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां से कानपुर रेफर कर दिया गया। कॉर्डियोलॉजी में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर पत्नी, तीन बेटे और एक बेटी का रो रो कर बुरा हाल है।

# रास्ते में पत्नी की बिगड़ी तबीयत, मौत

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली के देवारा के रहने वाले एक विवाहिता को उसका पति ससुराल ले जा रहा था, तभी रास्ते में उसकी तबीयत बिगड़ गई। जिससे उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पर विवाहिता के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया।

देवारा गांव निवासी रामखिलावन की बेटी शिवकांती की शादी दो साल पहले पुरवा कोतवाली के मदाखेड़ा गांव में शिवकुमार के साथ हुई थी। 15 दिन पहले उसने बेटे को जन्म दिया था। रविवार को उसकी तबीयत खराब हुई। जिस पर पति उसे लेने के लिये पहुंचा, तभी रास्ते में उसकी तबीयत बिगड़ गई। जिस पर पति उसे अचलगंज के लोहचा पीएचसी ले गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बेटी की मौत पर मां कृष्णावती समेत परिवार के अन्य सदस्यों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिये भेजा है।


पीएम हाउस में गमगीन बैठे मृतका के परिजन। अमृत विचार

● 15 दिन पहले उसने बेटे को दिया था जन्म

**लोकसभा चुनाव -2024**

**उच्चाधिकारियों ने मतदान कार्मिकों को दिए पारदर्शी व निष्पक्ष मतगणना कराने के निर्देश**

# प्रेक्षकों की मौजूदगी में कराया गया द्वितीय रेंडमाइजेशन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** भारत निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक बाबू ए और कविता रानी आर ने जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) गौरांग राठी की मौजूदगी में मतगणना स्थल की तैयारियों का जायजा लिया। प्रेक्षकों ने कहा कि मतगणना में किसी तरह का व्यवधान नहीं होना चाहिए। साथ ही निष्पक्षतापूर्वक पारदर्शी मतगणना होनी चाहिए। अधिकारियों ने द्वितीय रेंडमाइजेशन के साथ् समय पर डयूटी पत्र वितरित किए।

प्रेक्षकों ने यहां रविवार देर शाम पहुंचकर डेरा जमा लिया। साथ ही दिन में करीब 11 बजे राजकीय भंडारण गृह पहुंचकर स्ट्रांग रूम सहित विधानसभावार सभी छह मतगणना हाल का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम से ईवीएम को मतगणना स्थल पहुंचाने का प्रबंधन पूरी तरह व्यवस्थित दुरस्त होना चाहिए। अलग-अलग मतगणना हाल का निरीक्षण करते हुए प्रेक्षकों ने मौके पर मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों से मतों की गिनती के संबंध में सवाल दागने का सिलसिला जारी रखा। साथ गिनती के बाद ईवीएम व चक्रवार शीट भरने के संबंध में भी पूछताछ की। मतगणना स्थल का निरीक्षण कराने के बाद डीएम ने प्रेक्षकों की मौजूदगी में ही मतगणना कार्मिकों को रेंडमाइजेशन शुरू कराया। रेंडमाइजेशन के बाद प्रेक्षकों ने कार्मिकों को निष्ठापूर्वक दायित्व निर्वहन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ईवीएम में दर्ज मतों का विवरण मौके पर मौजूद सभी प्रत्याशियों के मतगणना अभिकर्ताओं को दिखाते हुए अगली ईवीएम को कनेक्ट किया जाए। प्रेक्षकों सहित डीईओ ने कार्मिक प्रभारी सीडीओ प्रेम प्रकाश व एडीएम नरेंद्र सिंह को सभी मतदान कार्मिकों को समय पर ड्यूटी पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हिमांशु गुप्ता, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज व डीडीओ संजय पांडेय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


मतगणना के संबंध में मतदान कार्मिक से बात करते प्रेक्षक बाबू ए व कविता रानी आर ।


रेंडमाइजेशन में शामिल मतदान कार्मिक। अमृत विचार

# एकल विद्यालय द्वारा वन यात्रा कार्यक्रम आयोजित

**चकलवंशी उन्नाव।** क्षेत्र के गांव बरभौला स्थित विद्यालय में नगर से समिति वन्यत्रियों का ग्राम समिति द्वारा तिलक कर भव्य स्वागत किया गया और आचार्या द्वारा बच्चों से कहानी ,गीत, बाल गीत भोजन मंत्र इत्यादि सुना गया।

ग्राम समिति के द्वारा सत्संग के माध्यम से कार्यक्रम भी किया गया। जिसमें उपस्थित वनयात्री अंचल से अंचल कार्यालय प्रभारी सुनील पांडे, संच सफीपुर के संच अध्यक्ष अकबाल बहादुर, संच कोषाध्यक्ष कमलेश गुप्ता, संच सचिव बद्रीनाथ मिश्रा, संच समिति सदस्य सुरेंद्र चौहान, कौशल किशोर सिंह, जितेंद्र सिंह, धनंजय सिंह, दीपांशू राठौर, लक्ष्मीकांत शुक्ला, रामजीवन राठौर, रजनीकांत तिवारी रहे।

# उफ! 17 घंटे गुल रही बिजली से बिलबिला उठे लोग

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

● दो मोहल्ले के फुंके ट्रांसफार्मर से मचा कोहराम

**अमृत विचार।** गर्मी के चलते रविवार की रात गांधी नगर और आदर्श नगर में 630 केवीए के ट्रांसफार्मर फुंक गये। जिन्हें सोमवार दोपहर बदला गया। इस दौरान दोनों मोहल्लों के हजारों घरों की लगभग 17 घंटे तक बिजली गुल रही। बिजली न आने से गर्मी में लोग बिलबिला गये। वहीं अन्य मोहल्लों में फाल्ट होने से भी बिजली गुल रही।

रविवार रात 11 बजे विद्युत आपूर्ति चालू होने के दौरान राजधानी मार्ग गांधी नगर केके वर्मा वाली के पास लगा 630 केवीए ट्रांसफार्मर ओवरलोड होने के कारण फुंक गया। इसी तरह रात नौ बजे आदर्श नगर में भी गर्मी के तापमान के बीच 630 केवीए ट्रांसफार्मर भी फुंक गया। दोनों मोहल्लों में रहने वाले लोगों ने बिजली विभाग को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने मरम्मत का कार्य किया लेकिन ट्रांसफार्मर नहीं बन सका। जिस कारण पूरी रात बिना बिजली के हजारों लोगों को रहना पड़ा और गर्मी से लोग परेशान हो गये। सोमवार दोपहर तीन बजे दोनों स्थानों पर ट्रांसफार्मर लगाकर सप्लाई चालू की गई। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। रविवार रात आदर्श नगर की एक गली में एबीसी लाइन टूट गई। जिसकी सोमवार सुबह मरम्मत की गई। सैकड़ों घरों की बिजली गुल रही।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।

## संपादकीय

# चुनाव आयोग की सीख

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में इस बार लोकसभा चुनाव में 31.2 करोड़ महिलाओं समेत 64.2 करोड़ मतदाताओं की भागीदारी के साथ विश्व रिकॉर्ड बनाया है। झुलसाती गर्मी व तूफान के बावजूद सात चरणों वाले लंबे चुनाव अभियान में मतदाताओं का उत्साह दुनिया को भारतीय लोकतंत्र की ताकत दिखाता है। दुनिया की सबसे बड़ी मतदान प्रक्रिया में 68,000 से अधिक निगरानी दल और डेढ़ करोड़ से अधिक मतदान तथा सुरक्षा कर्मी शामिल रहे। इस दृष्टि से लोकसभा चुनाव 2024 विश्व के लोकतांत्रिक इतिहास में भारत का कीर्तिमान कहा जा रहा है। महत्वपूर्ण है कि तमाम सांस्कृतिक, भौगोलिक व राजनीतिक रूझान में विविधताओं वाले इस देश में चवालीस दिन की सबसे लंबी अवधि वाले आम चुनाव की प्रक्रिया विश्वसनीय मानी जाती है। लोकतंत्र के इस उत्सव में चुनाव आयोग से जो अपेक्षाएं थीं, उन पर खरा उतरने के लिए तैयारियां भी की गईं थी। परंतु भारतीय चुनावों की प्रणाली ऐसी है कि इसमें चुनाव के बाद भी जांच की गुंजाइश होती है। इस बात को मुख्य चुनाव आयुक्त ने भी स्वीकार किया है। इसलिए आयोग के कामकाज को लेकर शिकायतें भी रहीं। आम चुनावों में ईवीएम को लेकर भी कई सवाल उठे।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआए) और कॉमन कॉज नाम की दो संस्थाओं ने अदालत में एक आवेदन देकर इस बार के चुनावों में मतदान प्रतिशत के आंकड़े सार्वजनिक करने की मांग उठाई। ऐसे में चुनाव आयोग ने देश में चुनाव प्रक्रिया की शुद्धता, पारदर्शिता और निष्पक्षता को सुनिश्चित करने के लिए आयोग द्वारा की गई व्यवस्थाओं को सोमवार को पुनः रेखांकित करते हुए कहा कि चुनाव के बारे में अनर्गल बातें फैलाने का बाजार एक बड़ा खतरा बन गया है और इसके खिलाफ सावधानी बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर झूठी अफवाहों से निपटने के लिए बहुत तत्पर रहने की जरूरत है। इस चुनाव की कुछ महत्वपूर्ण सीख हैं, एक तो हमें भीषण गर्मी को देखते हुए यह चुनाव एक माह पहले पूरा करा लेना चाहिए था। दूसरी सीख है, (आयोग की व्यवस्थाओं के बारे में) अनर्गल प्रचार से निपटने की जरूरत का सबक। उन्होंने कहा कि इन चुनाव को संपन्न कराने में पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ काम किया गया है और आयोग ने विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों की ओर से आए सुझावों को माना है। क्योंकि ऐसा संदेश नहीं जाना चाहिए कि आयोग सत्तारूढ़ दल के प्रति उदार रुख दिखा रहा है। ध्यान रहे निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव के जरिए ही देश में लोकतंत्र सुरक्षित रखा जा सकता है। ऐसे में निश्चित रूप से चुनाव आयोग के लिए सुगम मतदान की व्यवस्था करना चुनौतीपूर्ण कार्य था।

# गप्प सुनो भाई सप्प नाव में नदिया डूबी जाय



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भाषण देने वाले नेता लोग प्राय: अपनी महानता की गप्पों के साथ विपक्षियों के प्रति नफरत की गप्पें हांकते रहते हैं। गप्पें बोई जाती हैं,उनका अंकुरण होता है,उनको सींचा जाता है,उनका पल्लवन होता है और देखते देखते गप्प का वटवृक्ष बन जाता है। गप्पों के जंगल बन जाते हैं।

लोकसाहित्य में गप्प भी एक महत्वपूर्ण विधा है और गप्पों की उपेक्षा नहीं की जानी चाहिए। यह सच है कि लोग मिलते हैं तो जैसे किस्सा - कहानी कहते हैं,वैसे ही गप्पें भी हांकते हैं, गप्पें सुनते भी हैं और उनसे मनोविनोद भी करते हैं। गप्पें लोगों को जोड़ती भी हैं,गप्पों में लोगों का मन लग जाता है। गप्पों का अध्ययन भी किया जा सकता है। गप्पें हांकना हर एक आदमी के वश की बात नहीं है।

कुछ लोग तो गप्पों के एक्सपर्ट होते हैं। गप्पें मनोरंजन तो करती ही हैं,लोगों को उत्तेजित भी कर देती हैं। आकर्षित भी करती हैं। कभी-कभी आत्मविज्ञापन के लिए गप्पें हांकी जाती हैं तो कभी प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ने के लिए गप्पों का उपयोग किया जाता है,लेकिन कुछ गप्पी बहुत कमाल के होते हैं,वे ऐसी गप्पें हांकते हैं कि बहुत दिनों तक उनकी सच्चाई सामने नहीं आती और लोग उनकी गप्पों को प्रामाणिक तथ्य मान लेते हैं तथा दूसरों से भी आग्रह करते हैं कि वे भी उन गप्पों को ऐतिहासिक सच के रूप में ग्रहण करें। ऐतिहासिक, राजनैतिक,धार्मिक,सामाजिक, आर्थिक-व्यापारिक, सांस्कृतिक, भौगोलिक आदि वर्गों में गप्पों का वर्गीकरण किया जा सकता है।

भाषण देने वाले नेता लोग प्रायः अपनी महानता की गप्पों के साथ विपक्षियों के प्रति नफरत की गप्पें हांकते रहते हैं। गप्पें बोई जाती हैं,उनका अंकुरण होता है,उनको सींचा जाता है,उनका पल्लवन होता है और देखते देखते गप्प का वटवृक्ष बन जाता है। गप्पों के जंगल बन जाते हैं। गप्पों पर कितनी ही फिल्में बन चुकी हैं,अब भी बनाई जा रही हैं ताकि पब्लिक का दिल बहला रहे। एक दिन एक गप्प फिल्म का प्रोग्राम सुन रहा था। हालांकि वे इसे इतिहास बतला रहे थे तो कोई बात नहीं इतिहास को अब गप्प का ही एक दूसरा नाम समझा जाना चाहिए। इधर देश में राजनैतिक क्षेत्र की गप्पों का चलन बढ़ गया है। व्यापारिक गप्पें उत्पादों को लेकर हांकी जाती हैं। इस उत्पाद को खरीद लोगे तो घर में स्वर्ग ही आ जाएगा। धार्मिक मत के प्रचारक लोग अपने संप्रदाय अथवा पंथ की महिमा के लिए इतनी गप्पें हांकते हैं कि उन पर पूरी पुस्तक लिखी जा सकती है। मध्यकाल के भक्त कवियों के संबंध में भी ऐसी गप्पें प्रचलित हैं,वहां प्रोफेसर लोग इन गप्पों का उपयोग करते हैं और आग्रह करते हैं कि यह गप्प नहीं,ऐतिहासिक सच है। गप्प का एक नाम इतिहास भी है। अब इतिहासकार भी गप्प सामग्री का प्रचुर उपयोग करने लगे हैं। ऐसी गप्प,जो इतिहास बन गया या बना दिया गया। इतिहास की गप्प कहो या गप्पों का इतिहास कहो। गूगल, वाट्सऐप,फेसबुक आदि पर गप्पों के विश्वकोष मिल सकते हैं,लेकिन लोकजीवन की गप्पें बड़ी सरल होती हैं,क्यों कि वे गप्प की तरह ही पेश आती हैं,धोखा देने का उनका इरादा नहीं होता। देहाती भाषा में इसे टल्ल भी कहते हैं।

इतिहास? वह तो घंटाघर की सुई की तरह है। राजा बारह बजे नगर यात्रा पर निकलेगा,क्योंकि राजा समय का पक्का है,जब वह निकलेगा तभी बारह बजेंगे। जब निकलता है तभी बारह बजते हैं। इतिहास का काम है राजा को देखना घड़ी की सुई को पकड़ कर खींचना और बारह बजाना। राजाओं की नजरों के अर्थ को समझना।

इतिहास के नाम पर अपने-अपने हिसाब चुकता किए जा रहे हैं,कोई किसी से दुश्मनी निकाल रहा है,कोई किसी से। सबके अपने अपने इतिहास हैं। जनता का इतिहास तो अभी तक किसी ने लिखा ही नहीं है,जो है वह सत्ता का इतिहास है। भारतीय साहित्य में आर्य शब्द कम से कम दो हजार साल पुराना तो है ही, आज तक कोई ऐसा इतिहासकार नहीं हुआ, जो जाति या प्रजाति के अर्थ में आर्य शब्द का एक भी प्रयोग प्रमाणित रूप से बतला सके,लेकिन लिखे जा रहे हैं। आज भी फेसबुक पर ऐसा ही प्रकरण देखा था। सर्वे पंडित मानिनः। गप्प का एक नाम इतिहास भी है। गप्प भी कैसी जिसमें अपने स्वार्थ और मतलब छिपे हैं,अपने-अपने वैमनस्य और वैर भाव छिपे हैं। अपने-अपने मन की ग्रंथियां हैं,कुंठा हैं,जो मन इतिहास ग्रस्त हो चुके हैं,वे इतिहास को जीवनभर ढोते रहने को विवश और बाध्य हैं। संसार के इतिहास में क्रूरता की कहानियां भी हैं,संसार के इतिहास में घृणा की कहानियां भी हैं। भारत के इतिहास में किसी ने बाहर से आए लोगों को खोजा,किसी ने वर्ण को खोजा,किसी ने वर्ग को खोजा,किसी ने युद्ध को खोजा,किसी ने राजा-रानी को खोजा, किसी ने धर्म को खोजा, सामान्य मनुष्य अथवा लोकजीवन को किसने खोजा? वे इतिहासकार,जो सत्ता से ही पुरस्कृत और प्रेरित होते हैं,सत्ता के गीत गाते हैं,उन्हें जनता के इतिहास का क्या करना है? मुगल-दरबार के इतिहासकारों ने मुगलों का जयजयकार किया,ब्रिटिश-इतिहासकारों ने कहा कि आर्य बाहर से आए थे,यदि हम भी बाहर से आ गए तो इसमें नया क्या है?


इतिहास? वह तो घंटाघर की सुईं की तरह है। राजा बारह बजे नगर यात्रा पर निकलेगा,क्योंकि राजा समय का पक्का है,जब वह निकलेगा तभी बारह बजेंगे। जब निकलता है तभी बारह बजते हैं। इतिहास का काम है राजा को देखना घड़ी की सुई को पकड़ कर खींचना और बारह बजाना। राजाओं की नजरों के अर्थ को समझना। राजा सबेरे सात बजे निकले तो भी बारह ही बजने हैं,शाम के छह बजे निकले तो भी बारह ही बजने हैं,क्योंकि राजा समय का पक्का है। सत्ता कुचक्री होती है। भेदभाव को स्थायी बनाने के लिए सत्ता इतिहास की ऐसी व्याख्या को प्रोत्साहित करती है,जिसे पढ़कर कच्चा मन एक दूसरी जाति से नफरत करे। लोकजीवन की एकता को खंड-खंड करना उसका अभीष्ट होता है,सत्ता को जनता की एकता से डर लगता है इसके लिए सत्ता जनता को विभक्त करती है,बांटती है। इस कार्य में मदद करने के लिए वह विद्वानों को उपकृत करती है,अलंकारों से सम्मानित करती है। सत्ता के हजार हाथ हैं।

कहानी है तूने न सही तेरे बाप ने पानी जूठा किया होगा? अब इसी का आधार बनाकर उन्होंने इतिहास रच दिया। हिटलर के जमाने में शारीरिक मानव शास्त्रियों ने नस्ली- निर्णायकवाद का प्रतिपादन किया था कि मानवजीवन का निर्णायक तत्व नस्ल ही होता है। महायुद्ध के बाद सांस्कृतिक मानवशास्त्र आया। यही काम भारत में इतिहास ने किया, कल भी और आज भी, वर्तमान से ध्यान हटाने के लिए आज हम इतिहास में शत्रुताओं को खोज रहे हैं ताकि घृणा-विद्वेष का प्रसार किया जा सके। जातियों को जातियों से और मजहब को मजहब से लड़ाया जा सके। कल की ही तो बात है,जब कबीर और तुलसी को जाति के आधार पर बांटा गया। कोई इतिहास अंतिम नहीं है,इतिहास की व्याख्या हर युग में होती रही है और होती रहेगी। इतिहासकारों ने इतिहास लिखे हैं,अपने-अपने दृष्टिकोण से लिखे हैं,लोक के साथ आज भी कितने हैं? किस इतिहासकार ने लोक जीवन में पैठ कर के इतिहास लिखा है। वह इतिहास तो तुम्हारे वर्ग की चीज है। तुम्हारे हितों से प्रेरित है। तुम लोकमन को नहीं समझ सके। तुमने अपने को लोकमन से ऊपर मान लिया,तुम पढ़े-लिखे हो न? तुम्हारा इतिहास लोकमन से अपरिचित है। तुम आसमान में रहते हो और लोक जीवन धरती पर रहता है। इसीलिए हिन्दू मन, मुस्लिम मन, धार्मिक मन और धर्मनिरपेक्ष मन, ब्राह्मण मन,शूद्र मन जैसे भेद-विभेद पैदा होते हैं। देश के भिन्न-भिन्न जनसमूहों और जनपदों को न देखा और न जाना और आप भारत के इतिहास पर फतवे सुना रहे हैं? इतिहास के दस फीसदी तथ्य भी हमारे सामने नहीं है और आप ने फैसला भी सुना दिया? इतिहास में दायरे खोजने से दायरे ही मिलने थे। सामान्य मनुष्य की सामान्यता दायरों से बाहर है। धर्म,वर्ग,वर्ण,ऊंच-नीच,राजा-रंक ऊपर के छिलके हैं,उपाधियां हैं। उनके भीतर जो मनुष्य है,आप यों कहें कि मनुष्य के भीतर का मनुष्य। राजनैतिक मतवाद की पुष्टि करने के लिए इतिहास के खेत में जाति और मजहब- वैमनस्य के जहर की खेती की।

सचमुच इतिहास बहुत निष्ठुर है। फिर भी यह सच है कि वह इतिहास हमारी सामूहिक चेतना में विद्यमान है। मनुष्य की प्रेरणा भी तो उसी इतिहास में निहित है। यदि इतिहास हमें बदला लेने के लिए कहता है तो सचमुच वह इतिहास मनुष्य के लिए दुर्भाग्य का हेतु ही सिद्ध होगा। हां ,यदि वह समन्वय सिखाता है तो वह अवश्य ही मनुष्य जीवन को गतिशील बना सकता है। इतिहास को हम इसलिए पढ़ें,इसलिए रचें,इसलिए उसकी व्याख्या करें कि वर्तमान को शक्ति मिले,भविष्य उज्ज्वल हो, इतिहास में जाकर शत्रुताओं को खोजना ,शत्रुताएं सामने खड़ी करना सामाजिक विवेक कैसे कहा जाएगा? वह इतिहास,जो बदला लेने को प्रवृत्त करता है, बदला लेने की भावना जगाता है,पैरों की बेड़ी की तरह है,वह एक बंधन है। बदले का कहीं भी अंत नहीं हो सकता।

## प्रसंगवश

# राजधर्म और धर्मदंड



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

सभ्यता संस्कृति के विकास क्रम में पहले मानव समुदाय बना फिर मानव समाज। समाज से राष्ट्र बनने के संबंध में मनुस्मृति के सप्तम अध्याय के श्लोक दो में कहा गया है कि जगत में राजा न होने से सब भय व्याकुल होते हैं। इसलिए समाज की रक्षा के लिए ईश्वर ने राजा उत्पन्न किया। राजा का अर्थ राज्य अथवा स्टेट से है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में भी लोक रूपी जनार्दन जो जनता है वह राज्य-स्टेट स्थापित करता है। लोकतांत्रिक अवधारण का एक मूल तत्व है कि जैसे-जैसे लोकतंत्र सुदृढ़ होता जाएगा, लोक और जनार्दन का शासन होगा। मानव समाज में राज्य बनने की प्रक्रिया वैदिक काल में लोकतांत्रिक ही रही है। अथर्ववेद में कहा गया है कि हे राजा राज्य के लिए जनता तुम्हें वरण करती है अर्थात् राजा का बेटा ही राजा नहीं होता। आगे कहा गया है कि राज्य राजा की संपत्ति नहीं होती,बल्कि प्रजाजनों के कल्याण के लिए होती है। मनुस्मृति में ही राज्य धर्म और धर्म दंड की व्याख्या करते हुए कहा गया है कि राजा के हित के लिए ईश्वर ने पहले से ही प्राणियों का रक्षक धर्म रूप और ब्रह्मतेज रूप अपने पुत्र दंड को उत्पन्न किया है। देशकाल, शक्ति व शास्त्र को भली-भांति देखकर अन्याय करने वाले को यथा योग्य दंड राजा को देना चाहिए। वस्तुतः दंड ही राजा,दंड ही पुरुष,दंड ही राज्य का नेता और शिक्षक है। ऋषियों ने दंड को ही चारो आश्रमों के धर्म का साक्षी कहा है। दंड सब प्राणियों पर राज्य करता है और दंड ही सब प्राणियों की रक्षा करता है। जब सब लोग सो जाते हैं तो दंड ही जगाता रहता है,पंडित लोग दंड को ही धर्म कहते हैं। वह दंड यदि पूर्ण रीति से विचार कर दिया जाए तो सब प्राणी सुखी रहते हैं और बिना विचारे देने से सबका विनाश हो जाता है। वैदिक काल के राज्य और आधुनिक युग के लोकतांत्रिक राज्य जो ईश्वर और जनार्दन द्वारा बनाए गए उसके बीच में अनेक अन्य प्रकार के ईश्वर भी गढ़े गए। सत्ता की लिप्सा का ईश्वर,युद्ध की हिंसा के प्रभुत्व का ईश्वर,कुटनीतिक चालों का ईश्वर,जाति-धर्म और संप्रदाय के उन्माद का ईश्वर जैसे तमाम ईश्वर पुराण इतिहास में बने और उन्होंने अपने आत्मजों को राजा बनाया जिनका धर्म दंड उनके अंहकार और उनकी इच्छा की सीमा में ही बंधे रहे।

# अधर में लटकी जमरानी बांध परियोजना



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

स्थानीय लोग बताते हैं कि 1993 तक बांध स्थल पर थोड़ी बहुत चहल-पहल जरूर नजर आती थी,पर कई सालों से बांध स्थल के पास निर्माण संबंधित कोई कार्य होता नजर नहीं आ रहा।

उत्तराखंड में कुमाऊं के तराई भावर क्षेत्र तथा हल्द्वानी नगर को पेयजल और सिंचाई हेतु जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लंबे समय से गौला नदी पर जमरानी बांध बनाने की मांग चली आ रही है। हर लोकसभा और विधानसभा चुनाव में जमरानी बांध एक प्रमुख मुद्दा बनकर उभरता है,लेकिन इसके बावजूद 48 साल से यह बहुउद्देशीय बांध परियोजना महज फाइलों में ही दौड़ रही है। कुमाऊं के प्रवेश द्वार काठगोदाम से लगभग 12 किलोमीटर दूर भीमताल क्षेत्र से आने वाली गौला नदी पर प्रस्तावित जमरानी बांध से हल्द्वानी व उत्तर प्रदेश के बरेली, मुरादाबाद और पीलीभीत की सैकड़ों हेक्टेयर कृषि भूमि पर सिंचाई तथा पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराने के साथ-साथ विद्युत उत्पादन का भी लक्ष्य रखा गया था।

26 फरवरी 1976 को केंद्र की कांग्रेस सरकार के तत्कालीन ऊर्जा मंत्री के.सी. पंत ने परियोजना का शिलान्यास किया था तथा उक्त अवसर पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता उस समय उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे नारायण दत्त तिवारी ने की थी। इन दो दिग्गज नेताओं से जुड़े होने के बावजूद चार दशक में बांध के नाम पर काठगोदाम में बैराज,कुछ किमी लंबी नहरे, कॉलोनी तथा गेस्ट हाउस ही बन पाए। अधिकतर लोग और बांध स्थल के स्थानीय ग्रामीण यह मानते हैं कि जमरानी बांध के.सी. पंत और नारायण दत तिवारी की आपसी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की भेंट चढ़ गया था। शिलान्यास के बाद दोनों ही नेताओं ने बांध निर्माण में कोई ज्यादा रुचि नहीं दिखलाई, जबकि दोनों ही कांग्रेस सरकार में उच्च पदों पर रहे। हालांकि बाद में के.सी. पंत भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए थे। देखा जाए तो राजनीतिक उठापटक और सरकारी खामियों का जिंदा स्मारक बनकर रह गई है यह परियोजना। 1976 में यह तय हुआ था कि जमरानी बांध परियोजना का 75 प्रतिशत पैसा केंद्र सरकार और 25 प्रतिशत तत्कालीन उत्तर प्रदेश सरकार को देना था। अब तक के निर्माण की बात करें तो लगभग 24 करोड़ रुपए की धनराशि बैराज,नहरें तथा कॉलोनियों के निर्माण पर खर्च की गई है,लेकिन असल कार्य अर्थात् बांध का निर्माण प्रारंभ होना अभी तक शुरू नहीं हुआ है।

स्थानीय लोग बताते हैं कि 1993 तक बांध स्थल पर थोड़ी बहुत चहल-पहल जरूर नजर आती थी,पर कई सालों से बांध स्थल के पास निर्माण संबंधित कोई कार्य होता नजर नहीं आ रहा। चारों ओर सन्नाटा पसरा है,अगर शोर है तो उन डंपरों का जो बांध स्थल के पास बड़े पैमाने पर रेता-बजरी का खनन कर रहे हैं। पर्यावरण के जानकार बताते हैं कि नियमानुसार बांध स्थल पर खनन पर पाबंदी होनी चाहिए,लेकिन यहां ऐसा नहीं है। कई पर्यावरणविद और भू-वैज्ञानिक बांध निर्माण पर प्रश्न चिह्न भी लगाते हैं। उनका कहना है कि हिमालय के उच्च भूकंपीय जोन चार व जोन पांच के मध्य में आने वाले क्षेत्र में यह बांध बनाया जाना है। निचले हिमालय की यह पहाड़ियां कमजोर पहाड़ियां हैं,जो समय-समय दरकती रहती हैं। हालांकि 48 साल बाद ही सही,लेकिन अब लोगों में बांध बनाने को लेकर कुछ उम्मीद बंधी है।

पिछले साल 150.60 मीटर ऊंचे इस बांध निर्माण को केन्द्र सरकार ने अपनी मंजूरी दी और कहा कि मार्च 2028 तक इस परियोजनाओं को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है,जिस पर 2584 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसमें 1557 करोड़ रुपए केंद्र सरकार व्यय करेगी। इस परियोजना के जरिए 57065 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई के दायरे में लाया जाएगा। इसमें 9458 हेक्टेयर भूमि उत्तराखंड की और 47607 हेक्टेयर भूमि उत्तर प्रदेश की है। यह भी तय हुआ है कि काठगोदाम में पहले से मौजूद बैराज में दो नई नहरों का निर्माण किया जाएगा तथा 207 किलोमीटर लंबी मौजूदा नहरों का जीर्णोद्धार भी होगा। इस परियोजना से 14 मेगावाट की बिजली उत्पन्न की जाएगी तथा हल्द्वानी और आसपास के क्षेत्र को 42 मिलियन क्यूबिक मीटर पेयजल उपलब्ध होगा।

इन सबके बीच सबसे बड़ा मुद्दा बांध से प्रभावित गांवों के लोगों के पुनर्वास का भी है। इसके लिए टिहरी बांध प्रभावितों के पुनर्वास व विस्थापन के लिए वर्ष 2013 की नीति को आधार बनाया गया है। कई जगहों पर जमीन ढूंढने के बाद अंत में यह निर्णय हुआ कि विस्थापन के लिए उधमसिंह नगर जनपद में किच्छा के पास पराग फॉर्म की खाली पड़ी 300 एकड़ भूमि में बांध विस्थापितों का पुनर्वास किया जाएगा। बहरहाल अब देखना यह है कि क्या सरकार 2028 तक जमरानी बांध परियोजना को पूर्ण कर पाती है अथवा नहीं।

## सोशल फोरम

# नून और नोनिया



सचिदानंद सिंह
मुंबई

मध्य युग की शुरुआत में ही चीन में बारूद की खोज हो गई थी। चीनी बारूद में गंधक, पोटेशियम नाइट्रेट और कुछ वनस्पति रहते थे। बारूद का उपयोग सदियों से बस आतिशबाजी में होता रहा,पर नौवीं सदी आते-आते उसके सामरिक उपयोग शुरू हुए। चीनियों से बारूद के सामरिक प्रयोग मंगोल लोगों ने सीखा और मंगोल सेना के साथ बारूद मध्य एशिया और पश्चिम एशिया गया।

बारूद का एक महत्वपूर्ण घटक है पोटेशियम नाइट्रेट। इसका स्वाद तीखा, नमकीन होता है। फारसी लोगों ने इसे चीन के दलदल का नमक या नमक शूरा चीनी कहा है। शायद इसी शूरा से पोटेशियम नाइट्रेट को भारत में निमक-ए-शोरा या निमकी शोरा या बस शोरा कहा जाने लगा। शोरा यानी पोटेशियम नाइट्रेट रसायन विज्ञान की दृष्टि से एक नमक (सॉल्ट) है,किंतु इसकी संभावना कम है कि मध्य युग के कीमियागरों ने इसे नमक (सॉल्ट) समझा था। अधिकतर कीमियागर इसे क्षार मानते थे। इसे "निमकी शोरा" इसके स्वाद के चलते कहा जाने लगा। नमक को भारत में अनेक जगह नून कहा जाता है। यहां से शोरा का एक नाम नून आया और नून बनाने वाले लोग नोनिया कहलाने लगे। यह नून विशेष जगह की मिट्टी से बनता था। मिट्टी का काम करने वाले बेलदार जाति से आते थे। बिहार में सभी नोनिया बेलदार जाति से ही आए। वे कहलाते थे नोनिया, लेकिन उनकी जाति बेलदार ही थी।

बेलदारों का एक विशेष त्यौहार था लाढ़ा का पूजन। लाढ़ा लोहे का एक भारी दंड था जिससे पत्थर या पकी ईंटों को तोड़कर उनका चूर्ण बनते थे जिसे चूने के साथ मिलाकर मजबूत गारा/ मसाला (मॉर्टर) बनता था। हाल तक सुर्खी-चूने के मसाले से ईंटें जोड़ी जाती रहीं। सुर्खी बनाना बेलदारों का काम था। एक रोचक तथ्य है कि शोरा जो विध्वंस का औजार बारूद बनाता था वही उर्वरक के रूप में फसलों की उपज भी बढ़ाता था।

-फेसबुक वॉल से

# चाह गई चिंता मिटी, मनुआ बेपरवाह



अनूप शुक्ल
कानपुर

पुलिया पर बैठे हुए दो बुजुर्ग एक्जिट पोल की चर्चा करते हुए अपने जननायकों को ठेठ अंदाज में गरियाते हुए याद कर रहे थे। गाली निकालकर कुछ डायलॉग जो याद रह गए-अरे उसने पेंशन बंद करवा दी। अब तो मर गया वो। अरे ये भी जाएगा। मरेगा। दस साल से आंख मूंदे बैठा है। कुछ करना धरना नहीं बस झूठ बोलवा लेव।


आज सुबह टहलने निकले तो गेट के बाहर ही कुत्ते भौंकते दिखे। ऐसा लगा कि किसी बड़े चैनल में प्राइम टाइम बहस हो रही हो। थोड़ी देर में अपने आप शांत भी हो गए जैसे बहस के बीच कमर्शियल ब्रेक होने पर होता है। थोड़ा आगे सड़क पर पत्तियां बिखरी हुई थीं। मानों यूकेलिप्टिस के पेड़ ने हमारे रास्ते में पलक पांबड़े बिछा दिए हों। वीआईपी भाव ने मन पर कब्जा कर लिया।

एक मोर सड़क पर इतराता हुआ टहल रहा था। ऐसे जैसे सड़क रैंप हो और वह कोई सुंदर मॉडल। टहलते हुए मोड़ उचककर एक घर के अंदर टहलने लगा। पार्क के पास कुछ बच्चे नीचे उतरकर पोज देते हुए पालथी मारकर बैठे फोटो खिंचा रहे थे। टेढ़े होते हुए उंगली से वी बनाते हुए। फोटोबाजी के बाद बच्चे चले गए। टहलते हुए उस जगह से गुजरे जहां शाखा लगती है।

पुलिया पर बैठे हुए दो बुजुर्ग एक्जिट पोल की चर्चा करते हुए अपने जननायकों को ठेठ अंदाज में गरियाते हुए याद कर रहे थे। गाली निकालकर कुछ डायलॉग जो याद रह गए-अरे उसने पेंशन बंद करवा दी। अब तो मर गया वो। अरे ये भी जाएगा। मरेगा। दस साल से आंख मूंदे बैठा है। कुछ करना धरना नहीं बस झूठ बोलवा लेव। इसके बाद मुफ्त बंटने वाले अनाज की खराब क्वालिटी, महंगाई और दीगर समस्याओं का जिक्र करते हुए सरकार के प्रति मुक्तकंठ, सेंसर विहीन प्रेम प्रदर्शन करते रहे दोनों बुजुर्ग। अपन चुपचाप उनके द्वारा अभिव्यक्ति के अधिकार का उपयोग होते सुनते रहे। अपन तमाम सरकार समर्थक मित्रों की बातें भी इसी तरह सुनते रहते हैं। आजकल दुनिया में हर बात के समर्थन में अनगिनत रेडीमेड तर्क सर्वसुलभ हैं। हाल यह कि इंसान अपना कत्ल करने वाले के पक्ष में भी तर्क करते हुए अपनी गर्दन उसके सामने झुकाने में लिए तैयार रहता है-'ले भाई काट ले गर्दन मेरी बिना किसी संकोच के।'

शाखा में एक नए बुजुर्ग का स्वागत पहले से मौजूद बुजुर्गों ने 'युवा साथी' कहते हुए किया। मेसेजिंग घराने की बातचीत का पुराना चलन है यह। बिना 'बेबी' कहे लोगों को जवानी का एहसास नहीं होता। सारे 'बुजुर्ग बेबी' लोग आपस में मजे लेते हुए बतियाने लगे। अपन बाहर निकल आए। पार्क में कुछ बच्चे क्रिकेट खेलने के लिए टीम बना रहे थे। टीम बनाने के बाद बच्चों ने चंदा जमा करके 'दांव' लगाया। दस-दस, बीस-बीस रुपये इकट्ठा करके सौ रुपये का 'दांव' लगाया एक टीम ने। दूसरी ने उकसाते हुए कहा-'अरे, बढ़ा के दांव लगावो यार।'लेकिन शायद उस टीम के साथियों के पास और पैसा नहीं था इसलिए दांव आगे नहीं बढ़ा। खेल शुरू हुआ। ओपनिंग करने वाले बच्चे ने पहले ओवर में ही 20 रन बना डाले। बॉलर बिना विचलित हुए गेंद फेंकता रहा। ईंटों का विकेट था। एक बच्चा गेंदबाज के पास से अंपायरिंग कर रहा था। दूसरा अंपायर विकेट के पीछे फिसलपट्टी पर बैठा लेग अंपायर का रोल निभा रहा था। दूसरे ओवर की पहली गेंद टेढ़ी-मेढ़ी पड़ी। उस पर भी छक्का पड़ गया। कप्तान ने पहली गेंद के बाद ही बॉलर बदल दिया। खेल आगे बढ़ गया। अपन भी। रास्ते में यूट्यूब पर जस्टिस काटजू जी का इंटरव्यू सुनते गए। काटजू जी अपने अंदाज में बोल रहे थे। किसी सवाल के जवाब में एंकर को हड़का भी दे रहे थे-'आप सुनती तो हैं नहीं। हम जवाब दे तो रहे हैं।' काटजू जी के बेबाक इंटरव्यू के खत्म होने से पहले एंकर ने पूछा-'आप सरकार की इतनी खिलाफत करते हैं। कहीं आपके खिलाफ कोई कार्रवाई हो गई तो क्या होगा?' काटजू जी ने जवाब में दोहा सुनाया-चाह गई, मिटी, मनुआ बेपरवाह, जिनको कछू न चाहिए, वे शाहन के शाह। हमारा भी मन करता है कि अपन भी अपना यूट्यूब चैनल शुरू करें। रोजनामचा का वीडियो बनाया करें,लेकिन फिर सोचते हैं कि इतने यूट्यूब चैनल चल रहे हैं। एक ठो और चालू करके ध्वनि प्रदूषण फैलाने से क्या फायदा। लिखना होता रहे नियमित यही बहुत है। है कि नहीं?

# चुनाव: सेटिंग या संयोग



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

लोकसभा चुनाव संपन्न हो गए। ये पंक्तियां आप तक पहुंचने तक परिणाम धड़ाधड़ आ रहे होंगे। वही जनादेश होगा और तदानुसार सरकार का गठन होगा। हालांकि इस बीच यह देखने में आया है कि विपक्ष या अन्य स्वतंत्र संस्थाओं द्वारा पद्धति और व्यवस्था के प्रति जो भी आपत्तियां उठाईं गईं,उनमें एक भी मान्य नहीं हुई। फोरम कोई भी रहा हो। प्रारंभ में विपक्ष ईवीएम से चुनाव न कराकर बैलट से कराने की बात करता रहा है,जिसे सिरे से खारिज कर दिया गया। हालांकि साफ्टवेयर पद्धति है तो हैकिंग क्यों नहीं हो सकती है।

अमेरिका में बैलट से चुनाव होते हैं,जहां तकनीक अपनी उच्चतम स्थिति में है। पश्चात् यह बिंदु उठाया गया कि मशीनों से मतदान के बाद प्रदर्शित होने वाली वीवीपैट पर्चियों का कम से कम 50 प्रतिशत मिलान/गिनती करवा ली जाए,इससे ज्यादा पारदर्शिता आ जायगी। आखिर यह देश की सरकार बनाने का जनादेश है। यह विपक्षी प्रयास भी विफल रहा। विपक्ष ने एक छोटी सी यह मांग भी रखी कि गणना के समय पहले डाक मतपत्र गिनवा लिए जाए। इसे नहीं माना गया। हालांकि यह मांग चुनाव आयोग से फिर की जा रही हैं जिसके माने जाने की संभावना न के बराबर है। बताते चलें कि निर्वाचन आयोग गठन हेतु जो चयन समिति है,उसमें प्रधानमंत्री नामित उनकी कैबिनेट का एक मंत्री तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष होता है। स्पष्ट है कि इसमें सत्तारूढ़ दल जो चाहेगा,वही होगा। यानी चुनाव आयोग और सरकार एक दूसरे के पर्यायवाची हो गए। कभी सुप्रीमकोर्ट ने कहा था कि जब तक चयन संबंधी कानून न बने, तब तक एक न्यायिक सदस्य भी इसमें रखा जाए। इसके बाद सरकार ने कानून बनाकर सुप्रीमकोर्ट की इस मंशा को विफल कर दिया और संप्रति यह समिति सरकार जैसी ही है। ऐसे में विपक्ष के प्रति चुनाव आयोग न्यायप्रिय कैसे होगा?

इस चुनाव आयोग ने संपन्न हुए चुनावों के शुरुवाती दो चरणों का मतदान प्रतिशत तत्काल कुछ और घोषित किया,लेकिन हफ्तों बाद लगभग पांच प्रतिशत की इसमें बढ़ोतरी करके आंकड़े बता दिए। यह सरासर संदेह उत्पन्न करने की स्थिति है। इससे एक करोड़ सात लाख मत ज्यादा पड़े बताए जा रहे हैं। इस बिंदु पर एक एनजीओ द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में प्रार्थना की गई कि मतदान बाद तैयार किया गया फार्म 17 सी चुनाव आयोग अपनी वेब साइट पर शत प्रतिशत प्रख्यापित करे जिससे पारदर्शिता आ जाए,क्योंकि इस फार्म में किसी बूथ पर हुए मतदान की पूरी जन्म कुंडली रहती है। विपक्ष और लोकतांत्रिक संगठनों का दुर्भाग्य रहा कि उच्चतम न्यायालय ने यह प्रार्थना ठुकरा दी। कुल मिलाकर सांविधानिक मंचों पर सभी विपक्षी याचनाएं अमान्य ही रहीं। अब इसे प्रबल सत्ता पक्ष की जबरदस्त 'सेटिंग' कहा जाए या संयोग,यह तय करना बड़ा मुश्किल है। अनुमान जो जैसा लगावे। बहरहाल असहाय विपक्ष का दुर्भाग्य तो साफ नजर आ रहा है।

# राम मंदिर में मार्बल से बनेगा राम दरबार

## अक्टूबर तक बनकर तैयार हो जाएगा सप्त ऋषियों का मंदिर, 13 मंदिरों की मूर्तियां भी बनेंगी

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

**अमृत विचार।** राममंदिर के प्रथम तल पर बनने वाले राम दरबार की मूर्तियां संगमरमर की बनेंगी। इसके साथ ही परकोटे में बनने वाले छह मंदिर और जन्मभूमि परिसर में शेषावतार, सप्त ऋषियों के मंदिरों के गर्भगृह में मूर्तियों के निर्माण की तैयारी भी शुरू हो गई है। इन मूर्तियों को भी संगमरमर की शिलाओं से बनाया जाएगा। जिसकी डिजाइन प्रसिद्ध चित्रकार वासुदेव कामत तैयार कर रहे हैं।

राम मंदिर पर प्रथम तल के बाद के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। मंदिर के 800 मीटर की परिधि में बनाये जा रहे परकोटे में भी छह मंदिरों के निर्माण कार्य की समीक्षा प्रत्येक माह की जा रही है। मूर्तिकारों के साथ रविवार शाम भी मंथन किया गया था।

बैठक से पूर्व सोमवार को निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेन्द्र मिश्रा ने कहा कि लक्ष्य है कि दिसंबर 2024 तक मंदिर पूर्ण होना है। मंदिर के निर्माण की समीक्षा की विशेष बैठक बहुत ही महत्वपूर्ण है। पहला निर्णय लिया गया है कि सप्त मंदिर को हम अक्टूबर माह तक पूरा करना चाहेंगे।

वहीं दूसरा जो महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि 25 वर्ष पुराने शेषावतार मंदिर की पुरानी आधारशिला परीक्षण में उपयुक्त नहीं पाया गया। जिस पर निर्णय लिया गया की आधारशिला को नए सिरे से रखी जाए। साथ ही परिसर में ऑडिटोरियम के लिए जुलाई के प्रथम सप्ताह में फाउंडेशन का कार्य शुरू हो जाएगा। जिसे लगभग 12 महीने में पूर्ण कर लिया जाएगा। जहां भगवान राम से संबंधित सभी कार्यक्रम संपन्न किए जाएंगे। इसी जगह साधु संतों के लिए एक विश्रामालय का निर्माण भी किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सप्त मंडपम के लिए जयपुर से संगमरमर खरीदा जा रहा है। संभवत वहीं के शिल्पकार निर्माण भी करेंगे। वहीं परकोटा के छह मंदिर को भी पंचायतन के आधार पर संगमरमर से बनाया जाएगा, लेकिन जो भगवान शिव का मंदिर है वह संगमरमर का नहीं होगा। उसके लिए विचार किया जा रहा है। प्रथम तल पर विराजमान होने वाले राम दरबार की मूर्ति संगमरमर की होगी।



अयोध्या पहुंचे राम मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्रा। अमृत विचार

### श्रमिकों की संख्या बढ़कर तेज किया जाएगा काम

**अयोध्या।** राम मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के पहले दिन तीन शिफ्टों में हुई। इसमें श्रमिकों की संख्या बढ़कर काम तेज करने समेत कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र की अध्यक्षता में सुबह 9:30 बजे से 11 बजे तक राम जन्मभूमि परिसर के निर्माणाधीन स्थल यात्री सुविधा केंद्र, सप्त ऋषि मंडपम और परकोटे के निर्माण को देखा। दूसरी शिफ्ट की बैठक राम जन्मभूमि परिसर में स्थित प्रशासनिक भवन में हुई। इसमें एलएंडटी ने प्रोजेक्टर के जरिए समयबद्ध तरीके से किए जाने वाले निर्माण कार्य की जानकारी दी। इस दौरान श्रमिकों की संख्या बढ़कर कार्य तेज किए जाने का निर्णय लिया गया। तीसरी शिफ्ट की बैठक अंतर्राष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय में हुई। जिसमें रामायण कालीन म्यूजियम को तैयार करने के मंथन में दिल्ली के म्यूजियम एक्सपर्ट भी शामिल हुए। अंतर्राष्ट्रीय श्री राम कथा संग्रहालय में बने म्यूजियम की संख्या को बढ़ाये जाने के साथ आधुनिक तकनीकी लैस किये जाने सहित विभिन्न बिंदुओं पर मंथन हुआ।

### टेक्नोलॉजी के जरिए दिखेगा राम मंदिर का इतिहास

- सरयू तट स्थित अंतरराष्ट्रीय श्रीराम कथा संग्रहालय में म्यूजियम को टेक्नोलॉजी के जरिए दिखाये जाने का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि नए सिरे से गैलरी के निर्माण का कार्य नौ माह में पूर्ण कर करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके म्यूजियम में भगवान राम से सम्बंधित सभी वस्तुएं टेक्नोलॉजी से नई शैली में दिखाने का प्रयास किया जाएगा। वहां मंदिर की खुदाई में मिले अवशेषों को भी रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि संघर्षों के बाद मंदिर का निर्माण हुआ है। 500 वर्षों का जो संघर्ष रहा है उसे भी म्यूजियम के माध्यम से दिखाने का प्रयास होगा।

# डांट से क्षुब्ध किशोरी ने की खुदकुशी

**खीरो, रायबरेली।** खीरो क्षेत्र के गांव पाहो गांव में सोमवार की शाम परिजनों की डांट से क्षुब्ध लक्ष्मी (17) पुत्री शिवनरेश ने घर के अंदर पंखे के हुक में साड़ी से फांसी लगाकर जान दे दी।

पाहो गांव निवासी शिवनरेश ने बताया कि मेरी पुत्री लक्ष्मी (17) का गांव के एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। सोमवार को युवक शहर से गांव आकर मृतका से मिलने उसके घर आ गया। दोपहर बाद मृतका के पिता ने उसे देखकर दोनों को डांटा। युवक के जाने के बाद वह घर से बाहर चला गया। शाम लगभग 5 बजे जब वह घर पहुंचा तो लक्ष्मी को घर के अंदर पंखे के हुक में साड़ी के सहारे लटका देखा। मृतका के पिता ने पड़ोसियों के सहयोग से उसे नीचे उतारकर सीएचसी खीरों पहुंचाने का प्रयास किया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतका लक्ष्मी की घर के कामकाज के साथ अपने छोटे भाइयो आयुष, अनुभव, छोटी बहन रागिनी, कल्पना, चांदनी की देखरेख करती थी। लक्ष्मी की मौत के बाद सभी परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# रजनीकांत ने महावतार गुफा में लगाया ध्यान

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार।** दक्षिण भारतीय और हिंदी फिल्मों के मशहूर अभिनेता रजनीकांत प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी उत्तराखंड के बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम के दर्शन कर द्वाराहाट स्थित योगदा आश्रम पहुंचे।

रविवार को योगदा आश्रम पहुंचे अभिनेता रजनीकांत ने यहां पहुंचने पर आश्रम के सन्यासियों से मुलाकात की और उसके बाद आश्रम परिसर में स्थित कृष्ण मंदिर तथा ध्यानमंदिर के दर्शन किए और योगदा संन्यासियों से आध्यात्मिक चर्चा की। उन्होंने आश्रम में प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद भी लिया। सोमवार को रजनीकांत द्वाराहाट से करीब पंद्रह किमी दूर स्थित महावतार गुफा पहुंचे और उन्होंने वहां ध्यान लगाया। अभिनेता रजनीकांत पिछले कई सालों से अपनी आध्यात्मिक यात्रा के दौरान अल्मोड़ा जिले के द्वाराहाट स्थित योगदा आश्रम में आ चुके हैं। पिछले वर्ष वह अगस्त महीने में योगदा आश्रम आए थे। इस बार भी वह अपनी तीन दिवसीय यात्रा के तहत यहां पहुंचे हैं। योगदा आश्रम पहुंचे रजनीकांत ने यहां के प्राकृतिक सौंदर्य की खूब प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह ध्यान के लिए काफी माकूल है।

रजनीकांत के यहां पहुंचने पर वरिष्ठ स्वामी नित्यानंद गिरि, आश्रम अध्यक्ष स्वामी वासुदेवानंद गिरि, अम्यानंद गिरि, स्वामी धैर्यानंद गिरि आदि ने उनका यहां स्वागत किया और उनके साथ विभिन्न आध्यात्मिक मुद्दों पर चर्चा भी की।



अभिनेता रजनीकांत। अमृत विचार

# प्रशासनिक अधिकारी समेत छह हत्यारों को कठोर कारावास की मिली सजा

**विजय गुप्ता हत्याकांड**

- साहबगंज में पान खाकर थूकने पर हुआ था विवाद

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

**अमृत विचार।** बहुचर्चित विजय कुमार गुप्ता हत्याकांड में कलेक्ट्रेट के प्रशासनिक अधिकारी रामकृष्ण तिवारी समेत छह हत्यारों को कोर्ट ने आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई है। प्रत्येक पर 96 हजार जुर्माना भी लगा है। जुर्माने की रकम में से 80 फीसदी वादी मुकदमा को प्रतिकर के तौर पर देने का आदेश हुआ है।

गिरोह बंद अधिनियम के विशेष लोक अभियोजक विकास शुक्ला और जितेंद्र तिवारी ने बताया कि वारदात 25 अप्रैल 2000 की है। कोतवाली नगर के साहबगंज मोहल्ला निवासी श्यामसुंदर गुप्ता के भतीजे विश्वनाथ और गगन उर्फ गोगा श्रीवास्तव के बीच पान खाकर थूकने के मामले को लेकर विवाद हो गया। गोगा ने यह बात जाकर अपने घर बताई। वहां से श्री कृष्ण तिवारी, रामकृष्ण तिवारी जो अब कलेक्ट्रेट में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी हैं, राजन उर्फ हरि कृष्ण तिवारी, गगन उर्फ गोगा श्रीवास्तव, साजिद व अजय कुमार द्विवेदी असलहा व तलवार से लैस होकर घटनास्थल पर पहुंचे।

लाइसेंसी बंदूक और तमंचे से ताबड़तोड़ फायरिंग करके श्याम सुंदर के पुत्र विजय गुप्ता और उनके पिता अयोध्या कुमार गुप्ता को घायल कर दिया। परिजनों ने घायल अवस्था में दोनों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां विजय कुमार को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया जबकि अयोध्या का कई दिन तक इलाज चला। प्रशासन ने मामले में गिरोह बंद अधिनियम के तहत कार्रवाई भी सभी आरोपियों पर की थी। इसकी रिपोर्ट मृतक के पिता ने सभी के खिलाफ जानलेवा हमला, हत्या, जान से मारने की धमकी देने समेत अन्य धाराओं में लिखाई थी। विवेचना के बाद पुलिस ने सभी धाराओं में आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया।

सुनवाई के बाद कोर्ट ने सभी छह आरोपियों को जानलेवा हमला, हत्या व गैंगस्टर अधिनियम के तहत दोषी पाते हुए न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया था। सोमवार को सुनवाई के बाद सभी को सजा सुनाई और जेल भेज दिया।

# 30 तक पोर्टल पर दर्ज कर सकेंगे चल अचल संपत्ति का ब्योरा

**लखनऊ।** शासन ने राज्य के उन पीसीएस अधिकारियों को अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा पोर्टल पर दर्ज कराने का अंतिम अवसर दिया है जिन्होंने बीती 28 फरवरी तक यह विवरण दर्ज नहीं कराया है।

शासन ने ऐसे अधिकारियों के लिए समय सीमा बढ़ाकर 30 जून कर दी है जिसमें उन्हें 31 दिसंबर 2023 तक अर्जित संपत्ति की जानकारी देनी होगी। शासन ने हर हाल में उक्त तारीख तक पीसीएस अधिकारियों से अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा ऑनलाइन दर्ज कराने की उम्मीद की है। आगामी वर्ष एक जनवरी से 31 जनवरी तक संपत्ति का ब्योरा ऑनलाइन दर्ज न कराने पर लापरवाह सिविल सेवा के अधिकारियों के खिलाफ विभागीय व अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

# पति की हत्या में महिला व उसके प्रेमी को उम्रकैद

संवाददाता, एटा

- चार साल पहले महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की गला घोंटकर की थी हत्या
- 1.10 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया, अर्थदंड अदा न करने पर एक वर्ष की कैद और

**अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश ने पति की हत्या मामले में महिला और उसके प्रेमी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। महिला ने करीब चार साल पहले प्रेमी के साथ मिलकर पति की गला घोंटकर हत्या कर दी थी और उसका शव अकराबाद में फेंक दिया था जो वहां के चौकीदार को लावारिस हाल में मिला। पुलिस द्वारा छपवाए गए पंफलेट के आधार पर मृतक के पिता ने पांच दिन बाद पहचान की थी।

मामले की रिपोर्ट अलीगढ़ के थाना अकराबाद में कप्तान सिंह निवासी ग्राम पुराहार बुलाकी नगर थाना अलीगंज ने 10 फरवरी 2020 को दर्ज कराई थी। बताया कि उनका पुत्र देवेंद्र उर्फ दुशेंद्र (40) अपने दो नाबालिग बच्चों और पत्नी राधा के साथ एटा शहर के शांतिनगर में रहता था। 5 जनवरी 2020 को जब वह वहां गए तो पुत्रवधू मिली। देवेंद्र के बारे में पूछने पर बताया कि वह 2 जनवरी को सुबह 6 बजे काम से नोएडा गए हैं। नोएडा सहित अन्य स्थानों पर तलाश करने पर वह नहीं मिला। 6 जनवरी को कोतवाली नगर एटा में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई।

वहां अकराबाद पुलिस ने पंफलेट दिखाए तो पुत्र की पहचान की। इसके बाद घर आकर उन्होंने और परिजन ने पुत्रवधू से कड़ाई से पूछताछ की। इसमें उसने कबूला कि 1 जनवरी की रात उसने अपने प्रेमी संजय यादव निवासी नगला चमन थाना जसरथपुर व दो अज्ञात लोगों को बुलाकर गला घोंटकर देवेंद्र की हत्या कर दी और शव को अकराबाद थाना क्षेत्र के गांव रामपुर लधौआ में जीटी रोड किनारे ले जाकर फेंक दिया। पुलिस ने जांच करने के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की। न्यायाधीश निशांत शैव्य ने सभी गवाहों व सबूतों को परखा और दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद संजय यादव और राधा को दोषी ठहराया और दोनों को आजीवन कारावास और 1.10 लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित करने का आदेश दिया है। अर्थदंड अदा न करने पर एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

### बेटी की गवाही रही महत्वपूर्ण

- जिस रात देवेंद्र की हत्या की गई, उसकी नाबालिग बेटी भी उसी कमरे में सोई थी। अदालत में उसने अपनी मां के खिलाफ गवाही दी तो केस अधिक मजबूत हो गया। बेटी ने बताया कि मम्मी, पापा, मैं और भाई कमरे में सो रहे थे। मम्मी के मोबाइल पर कॉल आया और उन्होंने दरवाजे की कुंडी खोल दी। संजय यादव सहित तीन लोग अंदर आए। मम्मी ने चारपाई के नीचे से केबल निकालकर उन्हें दे दी जिसे संजय ने पापा के गले में बांध दिया और मम्मी ने पापा के पैर पकड़ लिए। इनमें से एक आदमी ने मुझे चुप रहने की कहकर जान से मारने की बात कहकर डराया भी। अदालत में विचारण के दौरान यह बात भी सामने आई कि 16 सितंबर 2019 को राधा अपने प्रेमी संजय के साथ चली गई थी। बाद में वापस आई तो संजय को बुलाकर पंचायत की गई। संजय और उसने फिर आपस में संबंध न रखने की बात कही। देवेंद्र ने पंचायत के दौरान ही संजय को चार-पांच थप्पड़ मारे थे। इससे अपमानित संजय ने राधा संग मिलकर हत्या की साजिश रची थी।

# दुष्कर्म के बाद खाते से निकाले 63.60 लाख

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

- कोर्ट ने खारिज की जमानत की याचिका

**अमृत विचार।** दुष्कर्म करने और पीड़िता व उसकी बहन के खाते से 63 लाख 60000 रुपये निकाल लेने के आरोपी को कोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया।

एससी एसटी एक्ट के विशेष लोक अभियोजक नरसिंह नारायण उपाध्याय ने बताया कि कैंट थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला एक शीतल पेय फैक्ट्री में काम करती है। उसके विभागाध्यक्ष श्रीकांत यादव ने 2 अक्टूबर 2019 को अपनी पत्नी की जन्मदिन पार्टी के बहाने से महिला को घर बुलाया और घर में पीने के पानी में कुछ मिलाकर पिला दिया। जिससे वह बेहोश हो गई। बेहोशी की हालत में श्रीकांत ने उसके साथ दुष्कर्म किया और अश्लील तस्वीरें खींच ली। होश में आने पर डराया धमकाया और कहा कि किसी से बताया तो अश्लील तस्वीरें पूरे शहर में पोस्टर बना कर लगा दूंगा। कुछ दिन बाद इसी फैक्ट्री में काम करने वाले श्रीकांत के भतीजे शशिकांत ने भी पीड़िता को अश्लील तस्वीरों के सहारे ब्लैकमेल करके उसके साथ दुष्कर्म किया। इस घटना के बाद तस्वीर वायरल करने की धमकी देते हुए वादिनी और उसकी जुड़वा बहन का एटीएम कार्ड जबरन लेकर 63 लाख 60000 रुपये भी निकाल लिए। यह रुपये पीड़िता और उसकी बहन को एयरपोर्ट में जमीन अधिग्रहित होने से मिले थे।

# 22 लाख से भरा एटीएम ले गए बदमाश

संवाददाता सीतापुर

- दूसरा एटीएम उखाड़ने में रहे असफल रहे बदमाश

**अमृत विचार।** दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से नकाबपोश बदमाश एटीएम उखाड़ ले गए। वे 22 लाख रुपयों से अधिक कैश से भरा एक एटीएम मशीन को तो अपने साथ ले जाने में सफल रहे, लेकिन दूसरे एटीएम का शीशा टूटने की आवाज सुनकर स्थानीय लोगों के जगने पर बदमाश एटीएम को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। बैंक के कंट्रोल रूम से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है। एक ही रात में भारतीय स्टेट बैंक के दो एटीएम मशीनों को लूटने की वारदातों ने पुलिस की नींद उड़ा दी है।

एटीएम उखाड़कर ले जाने की पहली वारदात लहरपुर कोतवाली इलाके की है। यहां लहरपुर तंबौर मार्ग पर स्थित ग्राम गौरिया प्रहलादपुर में भारतीय स्टेट बैंक शाखा के समीप लगे स्टेट बैंक एटीएम मशीन के शटर का ताला तोड़कर रविवार देर रात अज्ञात बदमाश एटीएम को उखाड़कर उसे लेकर रफूचक्कर हो गये। बदमाशों ने किसी अज्ञात वाहन से किसी पट्टे के सहारे एटीएम को खींचकर जड़ से उखाड़ा और अपने साथ लेकर फरार हो गए।

सुबह जब लोग नमाज पढ़ने के लिए सड़कों पर निकले तो लोगों को एटीएम चोरी की वारदात की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक ने मौका मुआयना कर जल्द से जल्द से घटना के खुलासे के निर्देश दिए। पुलिस ने गहन छानबीन के बाद एटीएम मशीन को टुकड़ों में धोंधी इलाके के किसान पुतान के खेत में बरामद किया। बदमाश एटीएम में मौजूद कैश को लेकर पहले ही फरार हो चुके थे। पुलिस अधीक्षक ने टीमें बनाकर घटना के खुलासे के लिए लगाया है।

### टूटा एटीएम छोड़कर भाग खड़े हुए चोर

एटीएम मशीन को उखाड़ने की दूसरी वारदात सदरपुर थाना इलाके की है। यहां गोड़ैचा चौराहे पर पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर रविवार देर स्थित स्टेट बैंक के एटीएम को अज्ञात बदमाश पिकअप के सहारे बांधकर उखाड़ने का प्रयास कर रहे थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि एटीएम मशीन के उखड़ते ही शीशे टूटने की तेज आवाज के साथ मशीन बाहर आ गई। आवाज सुनकर स्थानीय लोग बाहर निकले तो बदमाश पिकअप वाहन को लेकर मौके से फरार हो गए। लेकिन वे एटीएम ले जाने में असफल रहे। स्थानीय लोगों के विरोध पर बदमाश गोली मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

# रियल टाइम खतौनी में ढिलाई बरतने पर कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्य सचिव ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए दी चेतावनी

**अमृत विचार।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए रियल टाइम खतौनी के काम में ढिलाई बरतने वालों पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

रियल टाइम खतौनी से भूमि संबंधी विवादों पर न केवल अंकुश लगेगा बल्कि जमीन बेचने वाले का नाम खारिज कर खरीददार का नाम तत्काल दर्ज होगा। तुरंत यह विवरण ऑनलाइन भी हो जाता है।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने सोमवार को लोकभवन में राजस्व विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि अभी तक नामांतरण खतौनी रोस्टर के अनुसार हर छह वर्ष पर किया जाता रहा है। रियल टाइम खतौनी में भूमि के सही खातेदारों के नामों को एक क्लिक से पता किया जा सकेगा। इसमें खातेदार स्पष्ट होने से कृषि योजनाओं और किसान क्रेडिट कार्ड आदि बनवाने के लिए किसान को सुविधा होगी। उन्होंने रियल टाइम खतौनी का कार्य आगामी 30 जून, अंश निर्धारण का कार्य आगामी 31 दिसम्बर जबकि घरौनी का कार्य 31 दिसम्बर तक पूरा कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि जिन जिलों में कार्यों की अपेक्षित प्रगति नहीं हैं, वहां का अधिकारियों द्वारा दौरा किया जाये।

# फौजी ने ट्रेन से कटकर दी जान

**नैनी, प्रयागराज।** मामला यमुनानगर के सारंगापुर घूरपुर क्षेत्र का है। यहां फौज से रिटायर्ड 80 साल के एक बुजुर्ग ने सोमवार सुबह मुंबई- हावड़ा रेल मार्ग पर ट्रेन से कटकर जान दे दी।

वह वर्ष 2023 में जेल से रिहा होकर घर आया था। साल 2016 में घरेलू विवाद में उसपर अपने ही बेटे की पत्नी की हत्या का आरोप लगा था। विवाद के दौरान उसने अपनी लाइसेंसी बंदूक से बेटे राजीव की पत्नी अंजू की गोली मारकर हत्या कर दी थी और असलहे समेत खुद थाने में जाकर जुर्म कबूल कर लिया था। रिटायर्ड फौजी शिवमूरत मूल रूप से प्रयागराज के करैली थाना क्षेत्र के करेहदा गांव का रहने वाला था। 20 साल पहले रिटायर्ड होने के बाद परिवार समेत अपने ससुराल सारंगापुर घूरपुर रहने लगा था।

**हादसे** ग्रामीणों ने प्रशासन से पशुपालकों को मुआवजा देने की उठाई मांग, पशुपालकों आक्रोश व्याप्त है

# मुनस्यारी में बिजली गिरने से 80 बकरियों की मौत

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार।** पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम का मिजाज बदलता और बिगड़ता जा रहा है। रविवार देर शाम प्रदेश के सीमांत जिले पिथौरागढ़ के मुनस्यारी विकास में अचानक तेज अंधड़ और तूफान आ गया। इस दौरान विकास खंड के विभिन्न गांवों के पशुपालकों की करीब 80 बकरियां आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई और उनकी मौत हो गई। जिसके बाद पशुपालक खासे निराश हैं।

रविवार देर शाम मुनस्यारी विकास खंड के होकरा, गोला, खोयम गांव निवासी जसमल सिंह, गंगा सिंह, किशन सिंह, सुर सिंह, जगदीश सिंह और मान सिंह अपनी बकरियों को चराने के लिए पास के जंगल में ले गए थे। इसी बीच अचानक मौसम का मिजाज बिगड़ गया और तेज अंधड़ के साथ तूफान आने लगा।

इस बीच तेज गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरी और जंगल में चर रही करीब 80 बकरियों की मौत हो गई। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता भगत वाछमी ने बताया कि यह ग्रामीण पशुपालन कर अपने परिवार को गुजर बसर करते थे। लेकिन अचानक हुई इस घटना के बाद इन पशुपालकों की कमर टूट गई है।

वाछमी ने कहा है कि इस घटना से किसानों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। जिस कारण अब उनकी आजीविका प्रभावित होने की संभावना बनी हुई है। वाछमी ने जिला प्रशासन से प्रभावित पशुपालकों को आपदा मद से मुआवजा दिए जाने की मांग की है। ताकि उनकी आजीविका प्रभावित न हो सके।

### ट्रांजिट कैंप में कुत्ते को पीट-पीटकर मार डाला

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक व्यक्ति द्वारा कुत्ते को पीट-पीटकर मार डालने का मामला सामने आया है। महिला ने पड़ोसी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने घटना की जानकारी लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना ट्रांजिट कैंप के आजाद नगर की रहने वाली रिंकू देवी ने बताया कि रविवार की दोपहर को उसका पालतू कुत्ता घर के बाहर खड़ा था कि उसका कुत्ता दूसरे कुत्ते को देख कर भौंकने लगा। आरोप था कि इसे देखकर पड़ोसी को गुस्सा आ गया और उसने कुत्ते को डंडे से पीटना शुरू कर दिया। आरोप था कि जब उसके बेटे विक्रम ने पिटाई का विरोध किया तो आरोपी पड़ोसी ने जोर से पुनः कुत्ते के सिर पर डंडा मार दिया। इससे पालतू कुत्ते की मौके पर ही मौत हो गई। महिला ने घटना की सूचना थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को दी। जिस पर पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद कुत्ते के शव को पशु चिकित्सालय भेज दिया। कुत्ते का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

### ट्रेन से कटकर मगरमच्छ की मौत

**कछला (बदायूं)।** कोतवाली उझानी क्षेत्र में कछला हाल्ट के पास रेलवे लाइन पर मगरमच्छ का क्षत विक्षत शव मिला। माना जा रहा है कि ट्रेन की चपेट में आने से मगरमच्छ की मौत हुई होगी। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने शव का पोस्टमार्टम किया। ग्रामीणों ने सोमवार सुबह कछला रेलवे हाल्ट के पास मगरमच्छ का शव देखा। पहले तो वे डर गए। हरकत न आने पर पास जाने पर देखा कि मगरमच्छ का क्षतविक्षत शव पड़ा है। पुलिस और वन विभाग के उपनिरीक्षक नरेश कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि गंगा पास में हैं। मगरमच्छ गंगा से निकलकर रेलवे लाइन पर आ गया होगा और रविवार रात ट्रेन से कटकर मौत हो गई होगी। मगरमच्छ कटकर दो हिस्सों में बंट गया था। एक हिस्सा तकरीबन सौ मीटर दूर रेलवे लाइन किनारे मिला। वन विभाग की सूचना पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोहर सिंह ने शव का पोस्टमार्टम किया। नवादा चौराहे के पास बने वन विभाग के आरबोरेटम में मगरमच्छ को दफना दिया गया।

# टोल टैक्स में बढ़ोतरी व दूध के बढ़े दाम जनता पर बोझ : प्रमोद तिवारी

संवाददाता, लालगंज प्रतापगढ़

- राज्यसभा में उपनेता ने कहा निष्पक्षता के लिए पोस्टल बैलेट की पहले गिनती जरूरी

**अमृत विचार।** राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी ने केन्द्र की मोदी सरकार पर चुनाव के ठीक बाद टोल टैक्स व अमूल दूध के दामों में बढोत्तरी को लेकर जनता के साथ एक और छल तथा विश्वासघात बताया। वहीं मतगणना को लेकर कांग्रेस व विपक्षी इण्डिया गठबंधन द्वारा चुनाव आयोग से पहले पोस्टल बैलेट की गिनती की मांग को निष्पक्ष चुनावी पारदर्शिता के लिए अपरिहार्य बताया।

उन्होने कहा कि चुनाव के ठीक बाद टोल टैक्स में पांच प्रतिशत टैक्स बढोत्तरी से सफर मंहगा हुआ है। अमूल तथा मदर डेयरी ने दूध के दामों में दो रूपये प्रति लीटर बढोत्तरी के सरकार के फैसले से बच्चों की खुराक तक मंहगी हुई है। पीएम मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि मंहगाई का एम से भाजपा का जुड़वा रिश्ता है। एम से मंहगाई और एम से ही मोदी की पहचान देश की जनता को लगातार पीड़ा दे रही है। चुनाव आयोग में कांग्रेस और इण्डिया गठबंधन द्वारा मतगणना में ईवीएम की गिनती से पहले बैलेट पेपर गिने जाने को कानूनन जायज बताया है। कहा कि 1961 में बने कानून के तहत अब तक सबसे पहले पोस्टल बैलेट की ही गिनती होती आयी है। पहले भी पोस्टल बैलेट और बाद में बैलेट की गिनती होती रही अब पहले पोस्टल बैलेट तथा ईवीएम की गिनती की प्रक्रिया बनायी गयी है। उन्होंने प्रधानमंत्री का जनता के नाम लिखे गये पत्र पर भी तीखी प्रतिक्रिया दी। दस साल में मंहगाई, बेरोजगारी और सीमाओं पर असुरक्षा मोदी सरकार को आदर्श सरकार नहीं बल्कि जनता पर बोझ उठाने की पीड़ा दे गयी है। एग्जिट पोल को लेकर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि पिछले कई चुनावों की तरह यह एग्जिट पोल फिर झूठे साबित होंगे। गठबंधन के कार्यकर्ताओं से मतगणना अभिकर्ता के रूप में साहस और हौंसले के साथ हर एक मत की निगरानी में सतर्क रहने को भी कहा है। राज्यसभा सदस्य का बयान सोमवार को यहां मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल के द्वारा जारी किया गया।




# सिंहासन किसका
## किसको मिलेगी कितनी ताकत

**272** लोकसभा सीटें बहुमत के लिए जीतना जरूरी है

**8360** प्रत्याशियों की किस्मत का होगा फैसला

**01** सीट गुजरात में सूरत लोकसभा भाजपा निर्विरोध जीत चुकी है

**03** लगातार जीत हासिल करके मोदी कर सकते पं. नेहरू के रिकार्ड की बराबरी

**43** केंद्रीय मंत्रियों ने लड़ा है लोकसभा का चुनाव

**12** पूर्व मुख्यमंत्री भी इस बार उतरे हैं चुनावी मैदान में

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** 18 वीं लोकसभा की 542 सीटों के लिए सात चरणों में हुए मतदान के बाद चुनाव परिणाम जानने के लिए हर कोई आतुर है। मंगलवार सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होनी है ऐसे में लोगों का ध्यान टीवी चैनलों पर ही रहेगा। सबसे पहले पोस्टल बैलट की गणना होनी है ऐसे में हर कोई जानना चाहेगा कि इसमें किसे सर्वाधिक मत मिले। इसके बाद तो राउंडवार ईवीएम की गणना पर हर किसी की निगाह होगी। मुकाबले में एक तरफ एनडीए और दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन है। एग्जिट पोल्स के निचोड़ के मुताबिक एनडीए गठबंधन 365 और इंडिया गठबंधन 146 तथा अन्य 32 सीटें प्राप्त करते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि कुछ एग्जिट पोल्स में एनडीए के खाते में 400 या अधिक सीटें आने की संभावना जताई गई है। लोकसभा चुनाव के साथ आंध्र प्रदेश और ओडिशा विधानसभा चुनाव के परिणाम भी आएंगे। इस बार 19 अप्रैल से चार जून तक 46 दिन चुनाव प्रक्रिया चली। साल 2019 में 39 दिन में लोकसभा चुनाव पूरे कर लिए गए थे और 67.4 प्रतिशत वोट डाले गए थे, जबकि अबकी बार मतदान प्रतिशत 66.07 प्रतिशत ही रहा है।

### जीत की हैट्रिक और 414 के रिकार्ड पर नजर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास इस बार के चुनाव में जीत की हैट्रिक लगाकर करके देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के लगातार तीन बार लोकसभा चुनाव जीतने के रिकार्ड की बराबरी करने का मौका है। इसके साथ ही एनडीए गठबंधन की नजर 400 से ज्यादा सीटें जीतकर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का रिकार्ड तोड़ने की तरफ भी लगी है। 1984 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए चुनाव में राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने 414 सीटें जीती थीं, तब 541 लोकसभा सीटों के लिए मतदान हुआ था।



**2014**
भाजपा ने घर-घर मोदी का नारा दिया था
44 - सीटों पर सिमट गई थी कांग्रेस पार्टी

**2019**
फिर एक बार मोदी सरकार के लिए मांगे वोट
52 - सीटें ही जीतने में सफल हुई थी कांग्रेस

**2024**
अबकी बार 400 पार का चुनावी अभियान
03- अंकों में पहुंच पाएंगी कांग्रेस की सीटें

# कांटे के मुकाबले वाली आधी सीटों पर पिछली बार जीता था एनडीए

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** साल 2019 के चुनाव में देश की 543 में 30 सीटें ऐसी थीं, जहां जीत और हार का अंतर 10 हजार वोट से कम था। इस बार दोनों ही गठबंधनों ने इन सीटों पर पूरा जोर लगाया है। कांटे के मुकाबले वाली इन सीटों पर भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए भारी पड़ा था। 30 में 15 सीटों पर एनडीए को जीत मिली थी। भाजपा को 10, टीडीपी को तीन, जेडीयू और एनसीपी को एक-एक सीटों पर जीत मिली थी। इंडिया गठबंधन को 10 हजार से कम अंतर वाली आठ सीटों पर जीत मिली थी।

इनमें कांग्रेस को पांच, डीएमके को एक, वीसीके को एक और तृणमूल कांग्रेस ने एक सीट जीती थी। अन्य के हिस्से में सात सीटें आई थीं, जिनमें एआईएमआईएम, बसपा और बीआरएस को एक-एक सीट पर जीत मिली थी।



- भाजपा ने 226 लोकसभा सीटें एक लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीती थीं
- कांग्रेस और डीएमके 22-22 सीटें ही एक लाख से ज्यादा वोटों से जीत सकी थीं

## एक लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से हुआ था 371 सीटों पर फैसला

लोकसभा चुनाव 2019 में 543 में 371 सीटों पर सांसद का चुनाव एक लाख से अधिक वोटों के अंतर से हुआ था। इनमें एनडीए को 259, इंडिया गठबंधन को 78 और अन्य को 34 सीटें मिली थीं। एनडीए में भाजपा के 226 उम्मीदवार एक लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीते थे। जनता दल (यू) ने 13, शिवसेना ने 11, लोजपा ने छह और अपना दल (सोनेलाल) ने एक सीट एक लाख से अधिक वोटों के अंतर से जीती थी। इंडिया गठबंधन में कांग्रेस और डीएमके को 22-22 सीटें एक लाख से ज्यादा वोटों से जीतने में सफलता मिली थी। एक लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीती गई सीटों में शिवसेना (उद्धव) को चार तो आईयूएमएल और समाजवादी पार्टी को तीन-तीन, एनसीपी (शरद पवार) और सीपीआईएम को दो-दो, आरएसपी, आम आदमी पार्टी, आरएलटीपी और सीपीआई को एक-एक सीट पर एक लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीत मिली थी। इनके अलावा तृणमूल कांग्रेस को 16 सीटों पर एक लाख से अधिक वोट के अंतर से जीत मिली थी। इसी तरह बीजद के छह, बीआरएस के पांच, बसपा के चार, एआईयूडीएफ और एआईएमआईएम के एक-एक उम्मीदवार एक लाख से अधिक वोट से जीतकर संसद पहुंचे थे।

### तीन सीटों पर पिछले दोनों चुनाव हार गई थी भाजपा

- साल 2014 में प्रचंड मोदी लहर के बाद भी भाजपा प्रदेश में सात लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज नहीं कर सकी थी, तो 2019 में 16 लोकसभा सीटें ऐसी थीं, जहां भाजपा का कमल नहीं खिल सका था। आजमगढ़, रायबरेली और मैनपुरी सीट पर दोनों ही चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। 2014 में मुलायम सिंह ने आजमगढ़ और मैनपुरी सीट से चुनाव लड़कर दोनों ही सीटों से जीत दर्ज की थी। 2019 में अखिलेश यादव ने आजमगढ़ से जीत हासिल की थी। हालांकि उपचुनाव में भाजपा के दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' ने यहां कमल खिला दिया था। 2019 में मैनपुरी सीट से डिंपल यादव सांसद बनी थीं। इस बार भी वे चुनाव मैदान में हैं, तो आजमगढ़ में निहुआ के सामने धर्मेंद्र यादव उतरे हैं।

# ...कुछ मुद्दे दिल में उतरे तो कुछ हवा में मुट्ठियां भींचते नजर आए



मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव का संग्राम भले दोनों गठबंधनों एनडीए और इंडिया के बीच उत्तर भारत की प्रचंड गर्मी में लड़ा गया हो, लेकिन हकीकत यह है कि इसकी बुनियाद भाजपा ने राम मंदिर की स्थापना के साथ ही जनवरी के अंतिम सप्ताह में रख दी थी। इसके बाद शुरू हुए चुनाव अभियान में मोदी की गारंटी उन गरीब या निम्न मध्यमवर्गीय मतदाताओं को जातीय बेड़ियों से ज्यादा राशन, शौचालय, आवास, पेंशन, गैस कनेक्शन, किसान सम्मान निधि जैसी कल्याणकारी योजनाएं पर भरोसा रखने का हौसला प्रदान करती रहीं, जिनका लाभ उन्हें मोदी सरकार के कारण पिछले दस सालों में हासिल हुआ था। उत्तर प्रदेश में महिला मतदाताओं के लिए इसमें नारी सुरक्षा का मुद्दा जुड़ने से भाजपा को और मजबूती मिलती नजर आई। इसके मुकाबले इंडिया गठबंधन ने भाजपा के 400 पार नारे से संविधान और आरक्षण को खतरा बताते हुए बेरोजगारी और महंगाई के साथ देश को बांटने जैसे मुद्दे उछालकर मतदाताओं के ध्रुवीकरण का पुरजोर प्रयास किया। तमाम सीटों पर जातीय समीकरणों के हिसाब से प्रत्याशी उतारकर भाजपा के लिए चुनौती बढ़ा दी। इससे इंडिया गठबंधन समर्थक मुखर होकर सड़क पर आ गए और डिजिटल प्लेटफार्म पर उनका आक्रोश नजर आने लगा। इससे ऐसा माहौल बना कि इस बार मुकाबला कांटे का होने जा रहा है। भाजपा का मानना है कि विपक्ष की तमाम कोशिशों के बावजूद उसकी सीटें नहीं घट रही हैं, जीत का अंतर जरूर कई सीटों पर कम हो सकता है, जबकि प्रदेश में सपा-कांग्रेस गठबंधन और बिहार में इंडिया गठबंधन की अगुवाई कर रहे राजद का मानना है कि मतदाताओं ने बदलाव के लिए वोट दिए हैं। अब जनता ने किसलिए वोट किया है, इसका फैसला मंगलवार को सुना दिया जाएगा।

- चुनावी अभियान शुरू होने से पहले राम मंदिर की स्थापना से भाजपा को मिल गई थी हिंदुत्व की ताकत
- लाभार्थी वोट बैंक को बूथ से जोड़कर और घर-घर दस्तक देकर पार्टी ने दिखाई संगठन की मजबूती
- संविधान और आरक्षण को खतरा तथा बेरोजगारी व महंगाई पर जनता कितनी गुस्सा आज चलेगा पता

### हिंदुत्व की राह से खुलता नजर आया दक्षिण के किले का रास्ता

विपक्ष चुनाव अभियान के दौरान राम मंदिर का मुद्दा जोर-शोर से जमीन पर नहीं दिखने को अपनी जीत जैसा मान रहा था, लेकिन इस तस्वीर का दूसरा पहलू हिंदुत्व के लिए मौन समर्थन जैसा था, जिसके चलते ऐसा लगा कि मतदाताओं का बड़ा वर्ग मजबूती के साथ मोदी सरकार को तीसरी बार मौका देने का फैसला कर चुका है। इनमें खासतौर पर केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना जैसे देश के दक्षिणी राज्य थे, जहां के मतदाता प्रधानमंत्री मोदी की रैली रही हो या रोड शो बड़ी संख्या में उनके साथ जुड़ते नजर आए। यही नहीं, हिंदुत्व के अंडर करंट से कर्नाटक, ओडिशा, असम और झारखंड जैसे राज्यों में भी प्रचार अभियान के दौरान भाजपा के समर्थन का दायरा बढ़ता हुआ साफ नजर आया। इन राज्यों में भाजपा का मुकाबला कांग्रेस या क्षेत्रीय दलों से था, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने प्रभावी चुनावी अभियान से लगातार निशाने पर बनाए रखा।

### प्रदेश में भाजपा का मजबूत संगठनिक ढांचा हर कहीं भारी पड़ता नजर आया

- उत्तर प्रदेश में चुनाव अभियान के दौरान भाजपा के मजबूत संगठनिक ढांचे का मुकाबला सपा और बसपा ही करते नजर आए। लेकिन यह स्थिति हर लोकसभा क्षेत्र में नहीं थी। कांग्रेस की हालत तो हर जगह पतली रही। इसके विपरीत लाभार्थी वर्ग कमल खिलाने के लिए साइलेंट वोटर जैसा दिखाई दिया। डायरेक्ट बेनिफिट स्कीम का लाभ उठाने वाले इन मतदाताओं का भाजपा ने बूथ स्तर पर जोड़कर अपने वोटों का आधार मजबूत किया।

### जातीय समीकरणों ने जरूर बढ़ाए रखी चुनौती

- ऐसा माना जा रहा था कि इस बार कई जातियां भाजपा से थोड़ा नाराज हैं। इसमें ओबीसी की कई जातियां थीं। सपा ने इसे भुनाने का प्रयास किया और जातीय समीकरण देखकर प्रत्याशी उतारे। बसपा के गैर जाटव वोट बैंक में भी बिखराव दिख रहा था। ऐसे में भाजपा ने पहले ठाकुरों की नाराजगी को दूर किया। कई सीटों पर मतदान से पहले जातीय संतुलन दुरुस्त किया और बसपा के बिखरते वोट बैंक को अपनी तरफ मोड़ने की व्यूह रचना की। अलग चुनाव लड़ने से कई सीटों पर बसपा प्रत्याशी भाजपा के लिए संजीवनी बन गए। हालांकि इसके बावजूद विश्लेषक इस संभावना से इंकार नहीं कर रहे हैं कि जातीय खेमेबंदी ने ही भाजपा के लिए चुनौती कठिन बना दी है।

### विपक्ष का दांव भांपकर मोदी ने की जवाबी व्यूह रचना

- विपक्ष के जातीय जनगणना और जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उसकी उतनी भागादारी जैसे अभियान से चुनाव को जातियों में बांटने की कोशिश भांपकर ही प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी ने साफ कर दिया था कि उनके लिए चार जातियां नारी शक्ति, युवा शक्ति, किसान शक्ति और गरीब परिवार हैं। इन चार जातियों को ही सशक्त करने से ही देश सशक्त होगा। इस बात का सकरात्मक असर हुआ, इसके मुकाबले मतदाताओं के एक वर्ग ने विपक्ष के प्रचार को नकरात्मक माना। प्रधानंत्री मोदी ने चतुराई से विपक्ष के जातीय जनगणना के दांव को संपत्ति के बंटवारे और धर्म के आधार पर आरक्षण से जोड़कर ऐसा विमर्श खड़ा कर दिया जिसमें विपक्ष खुद फंसता नजर आने लगा।

**08** एनडीए | **04** इंडिया | **02** अन्य

### पिछली बार पांच हजार से कम जीत के अंतर वाली 14 सीटें

| | | | |
|---|---|---|---|
| मछलीशहर | भाजपा | भोलानाथ सरोज | 181 |
| लक्षद्वीप | एनसीपी | मो. फैजल | 824 |
| आरामबाग | टीएमसी | अपरूपा पोद्दार | 1142 |
| अंडमान-निकोबार | कांग्रेस | कुलदीप राय शर्मा | 1407 |
| खूंटी, झारखंड | भाजपा | अर्जुन मुंडा | 1445 |
| जहानाबाद | जद-यू | चंदेश्वर प्रसाद | 1751 |
| चामराजनगर | भाजपा | श्रीनिवास प्रसाद | 1817 |
| बर्धबान-दुर्ग | भाजपा | एसएस अहलूवालिया | 2,439 |
| चिदंबरम | वीसीके पार्टी | थिरुमावलावन | 3,219 |
| कोरापुट | कांग्रेस | सप्तगिरि शंकर | 3,613 |
| गुंटूर | टीडीपी | जयदेव गल्ला | 4205 |
| विशाखापत्तनम | वाईएसआरसीपी | एमवीवी सत्यनारायण | 4414 |
| औरंगाबाद | एआईएमआईएम | इम्तियाज़ जलील | 4492 |
| मेरठ | भाजपा | राजेन्द्र अग्रवाल | 4729 |

### 2019 में 5 से 10 हजार वोटों के अंतर से जीते थे ये सांसद

| सीट | राज्य | विजेता | पार्टी | अंतर |
|---|---|---|---|---|
| भोंगीर | तेलंगाना | कोमाटी वेंकट रेड्डी | कांग्रेस | 5219 |
| श्रावस्ती | यूपी | राम शिरोमणि | बसपा | 5320 |
| जहीराबाद | तेलंगाना | बीबी पाटिल | बीआरएस | 6229 |
| मुजफ्फरनगर | यूपी | संजीव बालियान | भाजपा | 6526 |
| श्रीकाकुलम | आंध्र प्रदेश | किंजरापु नायडू | टीडीपी | 6653 |
| अनंतनाग | जम्मू-कश्मीर | हसनैन मसूदी | नेकां | 6676 |
| कांकेर | छत्तीसगढ़ | मोहन मंडावी | भाजपा | 6914 |
| रोहतक | हरियाणा | अरविन्द शर्मा | भाजपा | 7503 |
| मिजोरम | मिजोरम | सी लालरोसांगा | एमएनएफ | 8140 |
| वेल्लोर | डीएमके | डी एम कथिर आनंद | – | 8141 |
| मालदा दक्षिण | पं. बंगाल | अबू हासेम चौधरी | कांग्रेस | 8222 |
| विजयवाड़ा | आंध्र प्रदेश | केसिनेनी श्रीनिवास | टीडीपी | 8726 |
| दादरा-नगर हवेली | डेलकर | सांजीभाई | निर्दलीय | 9001 |
| संबलपुर | ओडिशा | नितेश गंगा देब | भाजपा | 9162 |
| दक्षिण गोवा | गोवा | कॉस्मे फ्रांसिस्को | कांग्रेस | 9755 |
| दमन और दीव | – | लालूभाई बाबूभाई पटेल | भाजपा | 9942 |

# कांटे की टक्कर, वोट शेयर में फंसा दिख रहा जीत का अंतर

चुनाव डेस्क

- एक सर्वेक्षण में अमेठी, फतेहपुर और बाराबंकी में कड़े मुकाबले की चौंकाने वाली तस्वीर
- इंडिया गठबंधन के वोट शेयर में 14 फीसदी तक का अनुमान कई सीटों पर फंसा सकता पेंच

**अमृत विचार।** एग्जिट पोल्स, राजनीतिक विश्लेषकों का आकलन और जानकारों की राय के बीच भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन के दावों ने उत्तर प्रदेशकी 80 सीटों को चुनाव परिणाम के लिहाज से काफी रोचक बना दिया है। हालांकि कड़े मुकाबले में फंसी हुई सीटों की संख्या को लेकर हर किसी का आंकड़ा थोड़ा अलग है, लेकिन मोटे तौर पर 20-22 ऐसे लोकसभा क्षेत्रों के नाम गिनाए जा रहे हैं, जहां वोट शेयर में मामूली उतार-चढ़ाव से ही जीत-हार तय होना माना जा रहा है।

एक सर्वेक्षण में तो अमेठी में कांग्रेस और भाजपा में जीत-हार का मार्जिन बेहद कम रखते हुए दोनों दलों के बीच अंतर सिर्फ 1.52 प्रतिशत वोट का बताया गया है। इसी तरह बाराबंकी में भी कांग्रेस और भाजपा के बीच तगड़ी लड़ाई बताते हुए जीत हार का अंतर सिर्फ 4.66 प्रतिशत वोट रहने का अनुमान लगाया गया है। एक सर्वेक्षण में तो लालगंज सीट पर सपा और भाजपा के बीच वोटों का अंतर तो सिर्फ 0.21% वोट निकल कर सामने आया है, तो गाजीपुर में भी सपा-भाजपा के बीच कांटे की टक्कर में जीत हार का अंतर सिर्फ 2.10 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। ऐसी ही चौंकाने वाली सीट फतेहपुर भी गिनाई जा रही है, जहां भाजपा और सपा के बीच जीत-हार का अंतर सिर्फ एक फीसदी से भी कम वोट का है। उधर, अंबेडकर नगर में भाजपा और सपा में सिर्फ 4.46 प्रतिशत वोटों के अंतर से फैसला होने की संभावना जताई गई है। एक एग्जिट पोल के अनुसार, इंडिया गठबंधन को प्रदेश में 36.9 फीसदी और एनडीए को 44.1 फीसदी वोट मिल सकते हैं। बसपा का वोट प्रतिशत 14 प्रतिशत तक रहने का अनुमान है। एक सर्वेक्षण के मुताबिक इंडिया गठबंधन का वोट शेयर 2019 की तुलना में 14 फीसदी तक बढ़ा नजर आ रहा है। ऐसे में माना जा रहा है कि जिन सीटों पर भाजपा का वोट प्रतिशत घटता है और सपा या कांग्रेस का 15 फीसदी तक बढ़ता है, तो संघर्ष नजदीकी होगा।

# विपक्षी अभियान से मतदाता मुखर तो कमजोर नहीं मोदी का मोहपाश

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश में एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच प्रमुख रूप से भाजपा और सपा में कड़े मुकाबले वाली दो दर्जन सीटों पर परिणाम का अनुमान लगाने में बड़े-बड़े महारथियों को पसीने छूट रहे हैं। इसकी वजह यह है कि विपक्ष के संविधान, आरक्षण, बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दों ने उसके मतदाताओं में जोश भरा, जिससे वह मुखर होकर सामने आए। चुनावी रैलियों में जोश भरा इसमें जातीय समीकरणों के सहारे सपा-कांग्रेस गठबंधन द्वारा की गई भाजपा की कड़ी घेरेबंदी ने माहौल और तीखा कर दिया। इस वातावरण में भाजपा समर्थक मतदाता पिछले दो चुनावों की तरह मोदी..मोदी.. का शोर मचाते तो नहीं दिखे, लेकिन ईवीएम का बटन दबाते समय वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम और काम पर मजबूती से डटे रहे।

प्रदेश में चरणवार मतदान प्रतिशत के आंकड़ें इस बात का साफ इशारा करते हैं कि पहले दो चरणों में कम मतदान को राजनीतिक दलों ने गंभीरता से लिया और प्रचंड गर्मी में भी अपने पक्ष में मतदान कराने के लिए जोर कसा। यही वजह रही कि पारा ऊपर चढ़ने के साथ मतदान प्रतिशत नीचे नहीं गया और पिछली बार के आसपास ही दर्ज होता रहा। मतदान सर्वे एजेंसी के लिए काम करने वाले विवेक द्विवेदी ने बताया कि वोटर को बूथ तक ले जाने में भाजपा की मशीनरी आगे नजर आई।

### भाजपा के 40 सांसदों ने 50 फीसदी से ज्यादा वोट पाए थे

- लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा को प्रदेश में करीब 50 प्रतिशत वोट मिले थे। पार्टी के जो 62 सांसद जीते थे, उनमें 40 सांसदों का वोट शेयर 50 प्रतिशत से अधिक रहा था। इसके मुकाबले 2014 में जीते भाजपा के 71 सांसदों में केवल 17 ने ही 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट का मुकाम हासिल किया था। ऐसे में साफ है कि भाजपा द्वारा सपा-बसपा में गठबंधन के बावजूद बड़े वोटों के अंतर से जीती गई सीटों पर सपा-कांग्रेस गठबंधन के लिए 20 से 25 प्रतिशत तक का स्विंग हासिल करना कठिन काम है, क्योंकि सपा-कांग्रेस को मिलाकर 2019 में 25 प्रतिशत वोट ही मिले थे। एग्जिट पोल करने वाली एक एजेंसी से जुड़े चुनाव विश्लेषक राजपुरुष का मानना है कि सपा-कांग्रेस गठबंधन राज्य में करीब दो दर्जन उन्हीं सीटों पर भाजपा को कड़ी टक्कर देता नजर आया है, जहां चुनाव मोदी-योगी की जगह जातीय समीकरण या भाजपा प्रत्याशी पर फोकस हो गया है। ऐसी सीटों में कैराना, सहारनपुर, कन्नौज, मैनपुरी, बदायूं, बांदा, आजमगढ़, घोसी, जौनपुर, गाजीपुर, कौशांबी, प्रतापगढ़, अंबेडकर नगर प्रमुख रूप से शामिल हैं।



### खास बात

- 2019 में भाजपा को प्रदेश में करीब 50 फीसदी वोट मिले थे, विपक्ष के लिए वोटों का यह अंतर पाटना हर कहीं मुमकिन नहीं
- सपा-कांग्रेस गठबंधन दो दर्जन उन्हीं सीटों पर दे रहा चुनौती, जहां चुनाव जातीय समीकरण या भाजपा प्रत्याशी पर जाकर टिक गया

| यूपी में वोट प्रतिशत -2019 | |
|---|---|
| भाजपा | 49.60 |
| कांग्रेस | 6.36 |
| बसपा | 19.40 |
| सपा | 18.11 |

**50% से ज्यादा**

2019 में वोट पाकर जीते थे प्रदेश में भाजपा के 40 सांसद

## एक नजर

### ई-मंडी से 20,750 लाइसेंस जारी, प्रक्रिया हुई आसान

**अमृत विचार, लखनऊ :** मंडियों में डिजिटल कारोबार के साथ लाइसेंस बनवाना भी आसान हो गया है। प्रदेश में ई-मंडी योजना से पिछले वर्ष 20,450 लाइसेंस जारी हुए हैं। इससे ऑनलाइन डिजिटल कारोबार को रफ्तार मिली है ई-मंडी योजना के अंतर्गत डिजिटल कारोबार के लिए व्यापारियों के पास ई-लाइसेंस जरूरी है। इससे व्यापारी किसानों से ऑनलाइन कहीं से उनकी उपज खरीद सकते हैं। नई व्यवस्था लागू होने पर मंडी परिषद ने 2023-24 में 20,750 ई लाइसेंस बनाए हैं। इन लाइसेंस से कारोबारियों को बाहरी मंडियों से उपज खरीदने की सुविधा मिली है।

# 81 मतगणना स्थलों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा, एक लाख सुरक्षाकर्मी तैनात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाई तो सख्त कार्रवाई को तैयार रहें : डीजीपी
- मतगणना स्थल पर बनाई गई है मीडिया गैलरी, सूचना अधिकारी होंगे प्रभारी

**अमृत विचार:** प्रदेश में 80 लोकसभा सीटों और 04 विधानसभा सीटों के उपचुनाव की मतगणना मंगलवार सुबह आठ बजे से 07 पुलिस कमिश्नरेट एवं 68 जनपदों में कुल 81 स्थानों पर होगी। मतगणना केंद्र की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सुरक्षा के मद्देनजर मतगणना स्थल पर एक लाख पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को तैनात किया गया है। इसके साथ ही सीआरपीएफ और पीएसी की कंपनियों को भी तैनात किया गया है। इसके अलावा सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक खबरों, अफवाहों के खंडन एवं सत्यता की जानकारी कर कार्रवाई के लिए प्रत्येक कमिश्नरेट और जिलों में सोशल मीडिया टीम द्वारा 24 घंटे मॉनीटरिंग की जा रही है। ये जानकारी लोकभवन के सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार और डीजीपी प्रशांत कुमार ने दी।

**प्रथम घेरा सीआरपीएफ के हवाले:** डीजीपी ने बताया कि मतगणना स्थल की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए 81 स्थानों पर 160 उपायुक्त एवं अपर पुलिस अधीक्षक, 476 सहायक पुलिस आयुक्त एवं पुलिस उपाधीक्षक, 2248 निरीक्षक, 12883 उपनिरीक्षक, 20876 महिला आरक्षी, 50697 आरक्षी और 6149 होमगाड्र्स को तैनात किया गया है। इसके साथ ही सीआरपीएफ की 145 और पीएसी की 102 कंपनियां तैनात की गई हैं। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के लिहाज से मतगणना केन्द्र की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके तहत प्रथम घेरे (इनरमोस्ट कार्डन) की सुरक्षा सीएपीएफ, द्वितीय घेरे (इनर कार्डन) की सुरक्षा पीएसी एवं जनपदीय पुलिस बल और तृतीय घेरे (आउटर कार्डन) की सुरक्षा व्यवस्था जनपदीय पुलिस बल के साथ अन्य अनुपूरक बलों द्वारा सुनिश्चित की गई है। तृतीय घेरे (आउटर कार्डन) के 100 मीटर दूरी का दायरा स्टेराइल रखा गया है।

### सीसीटीवी से लैस किए गए मतगणना स्थल

अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में बने मतगणना स्थलों की सीसीटीवी के जरिए निगरानी की जाएगी। इसके साथ ही मतगणना स्थल पर मीडिया गैलरी भी बनाई गई है। इसके प्रभारी सूचना अधिकारी होंगे, जो समय-समय पर पत्रकारों को मतगणना हाल का भ्रमण कराएंगे।

### चेकिंग के बाद ही प्रवेश

डीजीपी ने बताया कि मतगणना केंद्र पर अधिकृत व्यक्ति को ही प्रवेश दिया जायेगा। प्रवेश करते समय प्रत्येक व्यक्ति को डीएफएमडी, एचएचएमडी द्वार फ्रिस्किंग और चेकिंग के बाद ही प्रवेश दिया जायेगा। इस दौरान आपत्तिजनक वस्तु, सामग्री ले जाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। महिलाओं की चेकिंग एवं फ्रिस्किंग उनकी निजता को ध्यान में रखते हुए महिला पुलिस कर्मियों द्वारा ही की जायेगी। वहीं मतगणना स्थल के आस-पास जाम न लगे इसके भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। प्रदेश के विभिन्न जिलों के संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस और रिजर्व क्यूआरटी टीमों को लगाया गया है।

### 30 तक दर्ज कर सकेंगे संपत्ति का ब्योरा

**अमृत विचार, लखनऊ:** शासन ने राज्य के उन पीसीएस अधिकारियों को अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा पोर्टल पर दर्ज कराने का अंतिम अवसर दिया है जिन्होंने बीती 28 फरवरी तक यह विवरण दर्ज नहीं कराया है। शासन ने ऐसे अधिकारियों के लिए समय सीमा बढ़ाकर 30 जून कर दी है जिसमें उन्हें 31 दिसंबर 2023 तक अर्जित संपत्ति की जानकारी देनी होगी। शासन ने हर हाल में उक्त तारीख तक पीसीएस अधिकारियों से अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा ऑनलाइन दर्ज कराने की उम्मीद की है।

# रखरखाव की कमी से बंद हो रहीं बिजली इकाइयां

## अब तक बंद हो चुकी हैं आधा दर्जन यूनिट, एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से खरीदनी पड़ रही महंगी बिजली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- लगातार बिजली की मांग बने रहने व वित्तीय दिक्कतों के कारण नहीं हो पा रहा रखरखाव

**अमृत विचार:** प्रदेश में समय पर रखरखाव न होने से उत्पादन बिजली इकाइयां ठप हो रही हैं। अब तक करीब आधा दर्जन इकाइयां बंद होने से बिजली उत्पादन प्रभावित हो चुका है। कुछ इकाइयां अभी तक चालू नहीं हो पाई हैं। नतीजा यह है कि पावर कॉरपोरेशन को एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से महंगी बिजली खरीदनी पड़ रही है। भविष्य में इसका असर उपभोक्ताओं की बिजली दरों पर पड़ना तय है।

बीते माह में भीषण गर्मी के कारण अब तक एनटीपीसी की ऊंचाहार इकाई के साथ ही, ओबरा, रोजा, ललितपुर, अनपरा, टांडा, बारा, जवाहरपुर व पारीछा की इकाइयों में उत्पादन ठप हो चुका है। सूत्रों के अनुसार राज्य विद्युत उत्पादन निगम के साथ ही केंद्रीय सेक्टर के बिजलीघरों का रखरखाव साल में एक बार होने का प्रावधान है, पर लगातार बिजली की मांग बने रहने व वित्तीय दिक्कतों के कारण इकाइयां का समुचित रखरखाव नहीं हो पा रहा है। स्थिति यह है कि उन्हीं इकाइयों का रखरखाव हो पा रहा है, जो इकाइयां तकनीकी कारणों से बंद हो जा रही हैं। इकाइयों के बंद होने पर उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन को एनर्जी एक्सचेंज से महंगी बिजली खरीदनी पड़ रही है। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर के निदेशक अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि इकाइयों के लगातार बंद होने के बाद भी बिजली मांग के अनुसार लोगों को बिजली आपूर्ति मुहैया कराई जा रही है।

**अधिकतम मांग की स्थिति**

| राज्य | मेगावाट |
|---|---|
| उत्तर प्रदेश | 29,727 |
| पंजाब | 14,000 |
| हरियाणा | 12,000 |
| दिल्ली | 8,300 |

### फिर चार उत्पादन इकाइयां ठप

ललितपुर की छह सौ मेगावाट, रोजा की तीन सौ मेगावाट, अनपरा की पांच सौ मेगावाट व ओबरा सी की छह सौ मेगावाट क्षमता की इकाइयां बीती देर रात ठप हो गई। इससे प्रदेश में बिजली संकट बढ़ गया है। पिछले दिनों ठप हुई सिंगरौली की पांच सौ मेगावाट व अनपरा की पांच सौ मेगावाट की ठप इकाइयों को सोमवार को चालू करने के प्रयास जारी रहे। बिजली अभियंता रात में ही इन इकाइयों के चालू होने की उम्मीद जताते रहे, जबकि ओबरा सी के चार जून व अन्य इकाइयों के पांच जून को चालू होने की संभावना है।

### गर्मी को प्राकृतिक आपदा घोषित करे केंद्र सरकार: शैलेंद्र

बिजली की मांग को देखते हुए ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजकर हीट वेव को प्राकृतिक आपदा घोषित करने की मांग की है। एआईपीईएफ के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने पत्र की प्रति सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को भी भेजी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश समेत उत्तर भारत में अत्यधिक गर्मी के कारण उत्तरी राज्यों में बिजली की मांग चरम पर है। 30 मई को उत्तरी क्षेत्र में रिकॉर्ड मांग 86.7 गीगावॉट पर पहुंच गई थी।

**मांग में कुछ कमी, अधिकतम मांग 28,456 मेगावाट दर्ज**

गर्मी में कुछ कमी होने के कारण प्रदेश में बिजली की मांग भी घट गई है। सोमवार को अधिकतम बिजली मांग 28,456 मेगावाट दर्ज हुई, जबकि बीते एक जून को बिजली की अधिकतम मांग का रिकॉर्ड टूट गया था। बिजली की अधिकतम मांग 29,727 मेगावाट पर पहुंच गई थी। इससे पहले 18 मई को बिजली की अधिकतम मांग 28 हजार मेगावाट, 24 मई को 29,197 मेगावाट, 25 मई को 29,215 मेगावाट, 26 मई को 29,084 मेगावाट, 27 मई को 29,261 मेगावाट,, 28 मई को 29,282 मेगावाट व 29 मई को 29,077 मेगावाट दर्ज हुई थी। कॉरपोरेशन के अधिकारियों का कहना है कि अगर तापमान में कमी बनी रही, तो मांग में भी कमी बनी रहेगी।

### धीमी हो सकती है मतगणना बिजली हो सकती है गुल

**अमृत विचार, लखनऊ:** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर आरोपों की झड़ी लगाते हुए मतगणना में धांधली की आशंका प्रकट की है। सोमवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक पत्रकारवार्ता में सपा प्रमुख ने कहा कि हो सकता है भाजपा कॉउंटिंग धीमी करवा दें और रात में बत्ती गुल करवा दें।

उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल करने वाली कंपनियों से यह सवाल पूछा जाना चाहिए कि क्या वे भाजपा के बूथ प्रबंधन का काम नहीं करती रही हैं? भाजपा पर तंज कसते हुए अखिलेश ने कहा- जितनी ऊंचाई पर जाकर कटती है पतंग, उतना ही बड़ा होता है उसका पतन। लोकसभा चुनाव-2024 के एग्जिट पोल सामने आने के बाद पहली बार पत्रकारों से बात कर रहे अखिलेश यादव ने दावा किया कि इंडी गठबंधन उप्र. में सबसे ज्यादा सीटें जीतेगा। उन्होंने कहा कि हमारे आंतरिक सर्वे में विपक्षी गठबंधन को आ रही सीटों का नंबर बहुत बड़ा है। अखिलेश यादव ने भाजपा पर सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने, माब लिंचिंग, मुनाफ़खोरी को बढ़ावा देने, गलत वैक्सीन लगवाने जैसे आरोप लगाए।

# मतगणना से पहले भाजपा व सपा ने एक-दूसरे पर लगाया आरोप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपते भाजपा प्रतिनिधिमंडल के सदस्य।

- सपा व कांग्रेस जिलों में कर रहे दंगा कराने की साजिश : भाजपा
- सपा ने मतगणना को लेकर आयोग को ज्ञापन सौंपा

**अमृत विचार:** मतगणना के पहले सोमवार को भाजपा व सपा ने एक-दूसरे पर आरोप लगाये और मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा को ज्ञापन सौंपा। भाजपा ने कहा कि सपा व कांग्रेस जिलों में दंगा कराने की साजिश कर रहे हैं, जबकि सपा ने मतगणना को लेकर आयोग को ज्ञापन सौंपा, जिसमें मिर्जापुर के जिलाधिकारी व देवीपाटन मंडल के मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील की भूमिका पर सवाल उठाये।

भारतीय जनता पार्टी का प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार की शाम मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा, जिसमें सपा व कांग्रेस पर जिलों में हुड़दंग मचाकर दंगा कराने की साजिश करने का आरोप लगाया गया है। प्रतिनिधिमंडल ने विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं के जमावड़ा करने से रोकने व मतगणना को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने की मांग की गई है। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह व सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर शामिल थे।

दूसरी ओर, समाजवादी पार्टी ने निष्पक्ष मतगणना के मद्देनजर मिर्जापुर के जिलाधिकारी को मतगणना स्थल में प्रवेश से रोक लगाए जाने की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने सोमवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर महिला से छेड़खानी के आरोपी शशि भूषण लाल सुशील को देवीपाटन का मंडलायुक्त नियुक्त किए जाने पर भी आपत्ति जताई है।ज्ञापन में कहा गया है कि सपा मिर्जापुर के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने शिकायत की है कि वहां मतगणना स्थल पालीटेक्निक कालेज के पीछे की बाउंड्री तोड़ दी गई है और कैमरा भी नहीं लगा है। शासन-प्रशासन की मंशा ठीक नहीं लग रही है। जिलाधिकारी भाजपा प्रत्याशी के रिश्तेदार भी हैं इसलिए मतगणना निष्पक्ष होने में संशय है। निर्वाचन आयोग पहुंचकर ज्ञापन देने वाले सपा के प्रतिनिधिमण्डल में केके. श्रीवास्तव और डॉ. हरिश्चंद्र शामिल रहे।

## धर्म दर्शन

# पौराणिक नदी सरयू

अंग्रेजों की घाघरा या गोगरा, उत्तर प्रदेश के पश्चिमी भागों की शारदा, किंतु धर्मप्राण सनातनियों और बहुसंख्यक हिन्दुओं की परम पुनीत सरयू नदी को ही 'रामप्रिया' तथा 'देविका' नाम से भी संबोधित किया गया है। इसकी यशोगाथा के चतुर्दिक प्रचार में सराहनीय भूमिका निभाने वाले ब्राह्मणों का सम्मानित संबोध नहीं 'सरयूपारीण' बन गया है।

रामायण में राजा दशरथ की राजधानी तथा मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या की चरण पखारने वाली पवित्र नदी सरयू, श्रीराम के जन्म से लेकर उनके वनगमन, पुनरागमन और अंत में स्वयं में जलसमाधि के साथ, महाप्रयाण की साक्षी रही है। करोड़ों लोगों की आस्था का आकर्षण केन्द्र रही है, श्री राम की प्रिया 'रामप्रिया' सरयू या 'सरजूमाई'।

अयोध्या की युगयुगीन पहचान रही है। साधु-संतों तथा तपस्वियों की पूजनीय और असंख्य श्रद्धालुओं की पाप नाशिनी सरयू। चिकित्सा विज्ञान में भी सरयू के जल में औषधीय गुणों का समावेश वर्णित है। रामचरितमानस में महाकवि तुलसीदास ने स्वयं श्रीराम के मुख से अयोध्या पुरी तथा सरयू नदी की महिमा का बखान इस चौपाई में करा किया है- 'अवधपुरी मम पुरी सुहावनि। उत्तर दिशि बह सरयू पावनि।।' मानस का यह कथन, अथर्ववेद की उस उक्ति का स्मरण दिला देता है, जहां अयोध्या को 'ईश्वर पुरी' कहा गया है।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक


महाभारत के आदि पर्व (169/20-21) में सरयू की गणना हिमालय के स्वर्ण शिखर से निकलने वाली गंगा की सात धाराओं में की गई है और कहा गया है कि जो इसका जल पीते हैं, उनके पाप नष्ट हो जाते हैं। महाभारत के सभापर्व (8/22) में उनकी वरुण की सभा में उपस्थिति और वरुण की उपासना उल्लिखित है। पाण्डवों की राजधानी इन्द्रप्रस्थ से जरासंध की राजधानी गिरिव्रज को जाते समय श्री कृष्ण, अर्जुन तथा भीमसेन ने इसको पार किया था (सभा.20/28)। वनपर्व (222/22) में सरयू को अग्नि की उत्पत्ति का स्थान बताया गया है।

भीष्म पर्व (2/19) के अनुसार यह भारत की उन सात नदियों में एक है जिसका जल वहां की प्रजा पीती है। अनुशासन पर्व (155/23-24) में अंकित है कि वसिष्ठ जी कैलास की ओर जाती हुई गंगा को मानसरोवर लाए। यहां आते ही गंगा ने मानसरोवर का बांध तोड़ दिया था। सरोवर के भेदन से निकले जलस्रोत का नाम सरयू पड़ा। स्पष्ट है कि यहां मानसरोवर से गंगा की उत्पत्ति संकेतित है।

# बरगद की आराधना का पर्व

ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि से अमावस्या तक उत्तर भारत और इसी माह के शुक्ल पक्ष में इन्हीं तिथियों में दक्षिण भारत में वट सावित्री का व्रत और पूजा आस्था के साथ सौभाग्यवती महिलाएं अपने अखंड और दीर्घकाल तक के सौभाग्य के लिए करती हैं।

वट प्रजाति के वृक्षों में बरगद के साथ पीपल, गूलर, पाकर, ढेसूर पेड़ शामिल हैं। अपनी टहनियों से स्वयं को वेष्टित (स्वयं को लपेट लेना) करने के कारण ये वटवृक्ष हैं। इसमें सबसे अधिक वेष्टन करने वाला वृक्ष बरगद ही है। ढेसूर तो चट्टानी पहाड़ों के पत्थरों पर उगता है, पीपल अहर्निश आक्सीजन देता है, लेकिन बरगद तो धरती को आग का गोला होने से बचाता है। केवल भारत में नहीं, बल्कि कई विकसित देशों में इन पेड़ों का नामकरण धर्म के साथ जोड़कर फाइबर रिलीजियस, फाइकस ग्लूमेरेटियस आदि से किया गया है। अरब देशों में भी भारत में पूजे जाने वाले अनेक वृक्षों को महत्व दिया जाता है। इस तरह के वृक्षों को आजाद-ए-दरख्त-ए-हिन्द कहा जाता है। वट-सावित्री व्रत के दौरान बरगद की विधिवत पूजा की जाती है। तीन दिन के व्रत में पहले दिन एक वक्त आहार (नक्तव्रत) लेकर व्रत का संकल्प, दूसरे दिन फलाहार और अंतिम दिन अमावस्या को पेय पदार्थो के साथ व्रत का विधान है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

तीन दिवसीय जितने व्रत हैं उसमें इन नियमों का पालन करने का विधान है। सबसे पहले विमाता सुरुचि के अपमान से आहत उत्तानपाद के पुत्र बालक ध्रुव ने 15-15 दिनों तक इस नियम का पालन किया था। जिस पर प्रसन्न होकर स्वयं नारायण को आना पड़ा था। इन व्रतों के माध्यम से मानव खुद को प्रकृति के साथ संघर्ष और तालमेल दोनों बनाता है। वटसावित्री व्रत की मान्यता तो सत्ययुग में पतिव्रता सावित्री द्वारा अपने पति को कठोर तपस्या के बल पर यमराज के बंधन से मुक्त कराने से जुड़ी है, लेकिन त्रेता में श्रीराम एवं द्वापर में योगेश्वर श्रीकृष्ण ने भी इन पेड़ों की पूजा की।


## वर्ग पहेली-90

**बाएं से दाएं**

1. बड़े पर्वत या पहाड़ के पास का भाग जहां से पहाड़ की चढ़ाई शुरू होती है, पहाड़ी।
5. 1. छोटे-छोटे कीड़े 2. कीटाणु समूह।
6. छोटी नालियों आदि को पार करने के लिए लोहे या लकड़ी से निर्मित छोटा पुल।
8. 1. परोसा हुआ भोजन 2. वह पत्तल जिसमें एक आदमी के खाने-भर का भोजन रखा गया हो।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. वह व्यक्ति जो पुरुषों में श्रेष्ठ हो 2. परमात्मा 3. विष्णु।
3. ऐसी भूमि जो निश्चित और नियत रूप से ख़िराज देने की व्यवस्था के लिए अधिगृहीत की गई हो।
4. 1. मोटी
7. मज़बूत रबर की गेंद और जालीदार बल्ले (रैकिट) की सहायता से खेला जाने वाला एक प्रतियोगी खेल जिसमें दोनों तरफ़ एक-एक या दो-दो खिलाड़ी रहते हैं।



**वर्ग पहेली-89 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 मं | था | न | | 2 सं | पा | त |
| दि | | | | को | | |
| र | | | | च | | 3 गो |
| | 4 अ | पो | 5 ह | न | | टी |
| | भि | | म | | 6 ठे | |
| 7 ख | जा | | 8 पा | ठि | क | |
| | त | | या | | ना | |

## सुडोकू-3

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 6 | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 6 | | 9 |
| | 8 | 2 | | | | 1 | | |
| 2 | | 4 | | | 6 | | | |
| 8 | | 6 | 1 | | 9 | 4 | | 2 |
| | | | 7 | | | 8 | | 5 |
| | | 7 | | | | 3 | 4 | |
| 1 | | 3 | 5 | | | | 2 | |
| | 6 | | | 3 | | 5 | | |

**सुडोकू-2 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 8 | 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 4 | 9 | 6 | 8 | 2 |
| 3 | 7 | 9 | 6 | 5 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 6 | 5 | 8 | 1 | 2 | 3 | 7 | 4 | 9 |
| 2 | 4 | 1 | 8 | 9 | 7 | 5 | 3 | 6 |
| 5 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 | 3 | 2 | 7 |
| 4 | 2 | 3 | 9 | 7 | 5 | 8 | 6 | 1 |
| 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 जून मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 22.01 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**आज का पंचांग**




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 22.35 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

**मेष:** आज आप लोगों से काफी अच्छी तरह से बात करेंगे जिससे लोग आपसे प्रभावित रहेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद ले सकते हैं। शेयर मार्केट में निवेश को लेकर उत्साहित रहेंगे। अपनी परिस्थितियों को लेकर के रोष समाप्त होगा। धन कमाने के नए मौके मिल सकते हैं।

**वृष:** आज दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने से पूर्व उसे अच्छी तरह से जांच लें। भविष्य को लेकर काफी आशान्वित रहेंगे। विदेशी भूमि से कारोबार अथवा नौकरी के ऑफर मिल सकते हैं। आपका धन काफी खर्च हो सकता है।

**मिथुन:** आज जॉब में आपकी पदोन्नति हो सकती है। विद्यार्थी पढ़ाई के साथ व्यवसाय को लेकर भी विचार कर सकते हैं। सहकर्मियों के ऊपर आपका प्रभाव बढ़ेगा। आप काफी प्रसन्न रहेंगे। दांपत्य संबंध काफी रोमान्टिक होने वाले हैं।

**कर्क:** आज अटके हुए मामलों को अपने पक्ष में कर लेंगे। यदि आप किसी से प्रेम करते हैं तो उनसे अपने हृदय की बात कह सकते हैं। धनी और प्रभावशाली लोगों से आपका संपर्क मजबूत होगा। स्वास्थ्य समस्याओं का निवारण होगा।

**सिंह:** आज आपसे काफी प्रभावी लोग जुड़ेंगे जो आपको अच्छे प्रपोजल भी दे सकते हैं। युवा लोग नए कारोबार को लेकर उत्साहित रहेंगे। इंटरव्यू आदि में उत्तम सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। आप परिस्थितियों को समझने में चूक कर सकते हैं।

**कन्या:** आज आप कुछ अधार्मिक हो सकते हैं। धन उधार देने से बचें। कानूनी मामलों को फिलहाल टालना ही हितकर होगा। आपको अपने भविष्य को लेकर कुछ चिंता होगी। विवादित विषयों पर टिप्पणी न करें।

**तुला:** आज सेहत से जुड़ी परेशानियों का निवारण होगा। आय के दूसरे स्रोतों पर काम करने के लिए समय उत्तम है। विपरीत लिंग के लोग आपसे ज्यादा आकर्षित हो सकते हैं। आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। अध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में हो सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज पैतृक संपत्ति आपको प्राप्त हो सकती है। प्रतियोगी परीक्षाओं के परिणाम आपके पक्ष में होंगे। व्यवसाय में पार्टनर्स के साथ आपके संबंध अच्छे होंगे। समाज से जुड़े कार्यों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। बच्चे स्पोर्ट्स में विशेष रुचि ले सकते हैं।

**धनु:** आज प्रेमी जन को महंगा उपहार दे सकते हैं। यदि आप व्यवसायी हैं तो आप अपने एकाउन्ट्स को लेकर काफी सतर्क रहें। कुछ लोग आपके साथ धोखाधड़ी कर सकते हैं। आपकी दिनचर्या में अच्छी आदतें जुड़ सकती है।

**मकर:** आज राजनीति से जुड़े लोगों को बहुत अच्छी खबरें मिल सकती है। आप लोगों के लिए काफी सम्मानित रहेंगे। अपने कौशल विकास पर आप ध्यान दे सकते हैं। विद्यार्थियों के लिए दिन काफी अच्छा है। परीक्षा परिणाम आपके पक्ष में हो सकते हैं।

**कुंभ:** आज व्यवसाय में अपनी कार्ययोजना में सुधार करेंगे। आप घर में भी साफ-सफाई पर काफी ध्यान देंगे। नए वस्त्र अथवा महंगे इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों पर धन खर्च होगा। ऐसे सभी कार्य जो अटके हुए थे, वह पूर्ण रूप से सुलझ सकते हैं।

**मीन:** आज तीर्थ क्षेत्र की यात्रा की योजना बना सकते हैं। नए विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे। जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा। आप धन को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे, लेकिन परिजन के विषय में खबर सुनकर मन प्रसन्न होगा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
करिश्मा कुदरत का — सुबह : 10.11
जागृति — शाम : 05.00

**&pictures**
चुप — सुबह : 10.53
रुस्तम — रात : 08.00

**Sony Pix**
रैमपेज — सुबह : 10.21
मॉन्स्टर हंटर — रात : 07.12

**Zee Cinema**
लाडला — सुबह : 09.35
सत्याग्रह — रात : 07.25

**Colors Cineplex**
मोहब्बत — दोपहर : 12.00
देवदास — रात : 06.00

**आज की सुपरहिट फिल्म**




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीचर- दिल्ली से आगरा की दूरी 210 किमी है तो मेरी उम्र क्या है?
स्टूडेंट- 50 वर्ष।
टीचर- सही है, कैसे पता चला?
स्टूडेंट- मेरे भाई की उम्र 25 वर्ष है और वो आधा पागल है।

पति- मैं नाश्ता नहीं करूंगा, लेट हो रहा है।
पत्नी- मैंने पराठे आज वाइन डालकर बनाए हैं।
4 पराठे के बाद पति- मजा आ गया, कौन सी वाइन डाली थी?
पत्नी- अजवाइन।

## खेल डायरी



सोमवार को कोलकाता में एक खेल पत्रिका को लॉन्च करते पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली।

### अलीरेजा से हारे आर प्रज्ञाननंदा कार्लसन को एकल बढ़त

**स्टवांगर (नॉर्वे)।** भारत के भाई बहन की जोड़ी आर प्रज्ञाननंदा और आर वैशाली को नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट छठे दौर में हार का सामना करना पड़ा जबकि मैग्नस कार्लसन ने खराब फॉर्म में चल रहे डिंग लिरेन को हराकर 12 अंकों के साथ एकल बढ़त हासिल कर ली। अमेरिका के फैबियानो कारूआना ने हमवतन हिकारू नाकामुरा को हराकर छह खिलाड़ियों के बीच डबल राउंड रॉबिन आधार पर खेली जा रही इस प्रतियोगिता में कार्लसन को बढ़त हासिल करने में मदद पहुंचाई। प्रज्ञाननंदा को क्लासिकल मैच में फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के खिलाफ थोड़ा संघर्ष करना पड़ा लेकिन वह इसके बाद आर्मगेडन टाईब्रेकर में हार गए। उनकी बहन वैशाली को चीन की विश्व महिला चैंपियन वेनजुन जू से हार का सामना करना पड़ा। अब जबकि चार दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं तब शीर्ष पर काबिज कार्लसन के बाद नाकामुरा का नंबर आता है जिनके 11 अंक हैं जबकि प्रज्ञाननंदा 9 .5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बने हुए हैं।

### म्यूनिख विश्व कप में पदक की दौड़ में बरकरार ईशा

**म्यूनिख।** भारत की रमिता जिंदल कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद सोमवार को यहां महिला 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में छठे स्थान पर रही जबकि ईशा सिंह ने 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल स्पर्धा के क्वालीफिकेशन में छठे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाकर आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप में पदक की उम्मीद बरकरार रखी। ओलंपिक चयन ट्रायल में दूसरे स्थान पर रही रमिता आठ निशानेबाजों के फाइनल में बाहर होने वाली तीसरे नंबर की निशानेबाज रहीं। उन्हें फाइनल में एकाग्रता टूटने के कारण 9 .9 और 9 .8 के दो खराब स्कोर का खामियाजा भुगतना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता चीन की 17 साल की हुआंग यूटिंग (252 .7) ने अंतिम शॉट पर कोरिया की 16 साल की बेन ह्योजिन (252 .7) को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता। रमिता ने क्वालीफिकेशन में 633 .0 के स्कोर से चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। यूटिंग ने इस दौरान 635 .3 अंक के साथ क्वालीफिकेशन विश्व जूनियर रिकॉर्ड बनाया।

### वर्ल्ड एथलेटिक्स ने की नई वैश्विक चैंपियनशिप की घोषणा

**मोनाको।** एथलेटिक्स की वैश्विक संचालन संस्था वर्ल्ड एथलेटिक्स ने सोमवार को एक नई सत्रांत चैंपियनशिप की घोषणा की जिसमें एक करोड़ अमेरिकी डॉलर की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि दी जाएगी और विश्व तथा ओलंपिक चैंपियन के साथ-साथ डाइमंड लीग विजेताओं के बीच मुकाबले से सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी तय होंगे। इस टूर्नामेंट का नाम 'वर्ल्ड एथलेटिक्स अल्टीमेट चैंपियनशिप' रखा गया है और इसका उद्देश्य व्यापक दर्शकों तक पहुंच बनाना है। ट्रैक एवं फील्ड के इतिहास में सबसे अधिक पुरस्कार राशि प्रदान करने वाली यह चैंपियनशिप 2026 के ट्रैक एवं फील्ड सत्र का समापन करेगी। बुडापेस्ट 11-13 सितंबर तक पहले टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा और चैंपियनशिप हर दो साल में आयोजित की जाएगी। चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेताओं को 150,000 डॉलर मिलेंगे।

# विश्वकप के पहले सुपर ओवर में नामीबिया ने ओमान को हराया

## नामीबिया की जीत में ट्रम्पेलमैन और वीज चमके, दोनों टीमों ने बनाए 109 रन

ब्रिजटाउन, एजेंसी



रुबेन ट्रंपलमन 21 रन पर चार विकेट और डेविड वीजा तीन विकेट के हरफनमौला प्रदर्शन के साथ यान फ्रारायलिंक (45) रनों की बेहतरीन पारी से नामीबिया ने ग्रुप बी में टी-20 विश्वकप के तीसरे मैच में 109 रन पर टाई हुए मैच के सुपर ओवर में ओमान पर जीत दर्ज की है।

रविवार रात नामीबिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ओमान की टीम को नामीबिया के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए 19.4 ओवर में 109 रन पर सिमेट दिया। ओमान की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 10 रन पर अपने तीन विकेट गवां दिए। उसके बाद जीशान मकसूद (22) और खालिद केल (34) रन ने पारी संभालने का प्रयास किया। अयान खान (15) और शकील अहमद (11) रन बनाकर आउट हुए। नामीबियाई गेंदबाजों के आगे ओमान का कोई भी बल्लेबाज नहीं टिक सका। छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। नामीबिया की ओर से रुबेन ट्रंपलमन ने चार विकेट लिए। डेविड वीजा को तीन विकेट मिले। एरार्ड इरास्मस ने दो और बर्नार्ड स्कोल्ट्ज ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

110 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नामीबिया ने पहले ही ओवर में माइकल वैन लिंगेन (शून्य) का विकेट गवां दिया। निकोलस डेविन (24), कप्तान एरार्ड इरास्मस (13), जेन ग्रीन (शून्य) पर आउट हुए। यान फ्रारायलिंक ने सर्वाधिक 45 रनों की पारी खेली। ओमान की गेंदबाजों ने नामीबिया के बल्लेबाजों खुलकर बल्लेबाजी नहीं कर दी और नामीबिया निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 109 रन बनाकर मैच टाई करने में सफल रही। इसके बाद हुए सुपर ओवर में डेविड वीजा के ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए पहले सुपर ओवर की चार गेंदों पर 13 रन बनाए और फिर गेंदबाजी में 21 रन का बचाव करते हुए केवल 10 रन दिए। इससे पहले मैच के दौरान उन्होंने ओमान के तीन विकेट लिए थे तथा नाबाद नौ रन भी बनाए थे। सुपर ओवर में नामीबिया ने ओमान पर जीत दर्ज की। डेविड विजा ने उनके शानदान प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच मिला।

### विश्व कप के लिए रिकॉर्ड 11.25 मिलियन डॉलर के ईनाम की घोषणा

**न्यूयॉर्क।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने टी-20 विश्व कप के लिए रिकॉर्ड 11.25 मिलियन डॉलर (करीब 93 करोड़ 51 लाख रूपये) पुरस्कार राशि का ऐलान किया है जिसमे से विजेता को 2 .45 मिलियन डॉलर (करीब 20 करोड़ 36 लाख रूपये) दिए जाएंगे। उपविजेता को 1 .28 मिलियन डॉलर मिलेंगे जबकि सेमीफाइनल हारने वाली टीमों को 787500 डॉलर दिये जाएंगे। पिछली बार कुल ईनामी राशि 5 .6 मिलियन डॉलर थी जिसमे से विजेता इंग्लैंड को 1 .6 मिलियन डॉलर मिले थे। आईसीसी ने कहा आईसीसी पुरूष टी-20 विश्व कप के नौवे सत्र में 20 टीमों के टूर्नामेंट के विजेता को 2 .45 मिलियन डॉलर ईनाम के तौर पर मिलेंगे जो टूर्नामेंट के इतिहास में सर्वोच्च ईनामी राशि है। इसके अलावा ट्रॉफी भी 29 जून को बारबडोस में फाइनल के बाद दी जाएगी। सुपर आठ से आगे नहीं जा पाने वाली चारों टीमों में से प्रत्येक को 382500 डॉलर दिये जाएंगे जबकि नौवें से 12वें स्थान की टीमों को 247500 डॉलर और 13वें से 20वें स्थान की टीमों को 225000 डॉलर मिलेंगे।

### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

**ओमान** : 109/10, 19 .4 ओवर।
**रन** : जीशान मकसूद 22, खालिद 34, शकील अहमद 11। **विकेट** : रुबेन ट्रंपलमन 4, वीज 3, इरासमूस 2।

**नामीबिया** : 109/6, 20 ओवर।
**रन** : निकोलस डाविन 24, जान निकोलास फ्राइलिनक 45, इरासमूस 13। **विकेट** : महरन खान 3, आकिब इलियास 1, बिलाल खान 1, अयान खान 1।

## स्कॉटलैंड के सामने इंग्लैंड, युगांडा के खिलाफ अफगानिस्तान दावेदार

ब्रिजटाउन (बारबडोस), एजेंसी

- रात 8 बजे होगा पूर्व चैंपियन इंग्लैंड और स्कॉटलैंड का मैच
- गयाना के प्रोविडेंस में खेलेगा अफगानिस्तान और युगांडा



बारिश के कारण तैयारियों को अंतिम रूप देने से महरूम रहा गत चैंपियन इंग्लैंड मंगलवार को यहां स्कॉटलैंड के खिलाफ टी-20 विश्व कप के अपने पहले मैच में जीत के साथ अपने अभियान की विजयी शुरुआत करने के इरादे से उतरेगा। फिल सॉल्ट इंडियन प्रीमियर लीग की शानदार फॉर्म को टी-20 विश्व कप में जारी रखना चाहेंगे जबकि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की वापसी से इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है।

स्वदेश में पाकिस्तान के खिलाफ चार मैच की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला बारिश से प्रभावित रही लेकिन इसके बावजूद इंग्लैंड खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा और तीसरी बार खिताब जीतने का प्रयास करेगा। टी-20 प्रारूप में पहली बार स्कॉटलैंड का सामना करने जा रही जोस बटलर की अगुआई वाली इंग्लैंड की टीम केनसिंगटन ओवल में होने वाले मुकाबले में जीत की मजबूत दावेदार के रूप में उतरेगी। स्कॉटलैंड के अलावा इंग्लैंड के साथ ग्रुप बी में चिर प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया, नामीबिया और ओमान को भी जगह मिली है। सुपर आठ चरण में जगह बनाने के लिए टीमों को अपने ग्रुप में शीर्ष दो में जगह बनानी होगी। सफेद गेंद के क्रिकेट में टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ 50 ओवर और 20 ओवर दोनों प्रारूप की श्रृंखला में हार का सामना करना पड़ा।

वहीं दिन के दूसरे मैच में अफगानिस्तान की टीम गयाना के प्रोविडेंस में होने वाले मुकाबले में युगांडा के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। अफ्रीका की टीम टूर्नामेंट में पदार्पण कर रही है। अफगानिस्तान ने भारत में पिछले साल हुए आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान जैसी टीमों को हराया था और टीम उस प्रदर्शन से आत्मविश्वास हासिल करने की कोशिश करेगी।

## भारतीय बल्लेबाज केदार जाधव ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

पुणे, एजेंसी



भारत और महाराष्ट्र के बल्लेबाज केदार जाधव ने राष्ट्रीय टीम के लिए आखिरी मैच खेलने के चार साल बाद सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। भारत के लिए नवंबर 2014 में रांची में श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले के साथ अंतर्राष्ट्रीय पदार्पण करने वाले 39 साल के जाधव ने 73 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय और नौ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले खेले।

भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के करीबी माने जाने वाले जाधव ने इस दिग्गज विकेटकीपर-बल्लेबाज की शैली में ही संन्यास की घोषणा की। जाधव ने 'एक्स' पर लिखा मेरे करियर के दौरान आपके प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद। मुझे क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया हुआ समझिए। जाधव रविवार को पुणे में शुरू हुई महाराष्ट्र प्रीमियर लीग में कोल्हापुर टस्कर्स की कप्तानी कर रहे हैं और उनकी पोस्ट से यह स्पष्ट नहीं होता कि वह इस टूर्नामेंट में आगे खेलेंगे या नहीं। जाधव ने भारत के लिए 73 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय में दो शतक और छह अर्धशतक की मदद से 42.09 के औसत से 1389 रन बनाए। उन्होंने नौ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबलों की छह पारियों में 122 रन भी बनाए। जाधव ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी जनवरी 2017 में पुणे में एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान इंग्लैंड के खिलाफ खेली जब उन्होंने बड़े स्कोर वाले मैच में 76 गेंद में 12 चौकों और चार छक्कों से 120 रन की पारी खेलते हुए अपना दूसरा शतक जड़ा और भारत को तीन विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

### मुंबई का ऑफ-सत्र शिविर शुरू रहाणे का फिटनेस पर जोर

**मुंबई।** मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने सोमवार को फिटनेस पर काम करने के महत्व पर जोर दिया और अपने राज्य की टीम के खिलाड़ियों को बेहतर होने के लिए ऑफ-सत्र (जब सत्र नहीं चल रहा हो) ट्रेनिंग शिविर का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने आगामी सत्र के लिए 'होम ऑफ द चैम्पियंस' थीम पर तीन महीने का शिविर शुरू किया। पिछले सत्र में रणजी ट्रॉफी में मुंबई को रिकॉर्ड में इजाफा करने वाली खिताबी जीत दिलाने वाले रहाणे ने कहा कि खिलाड़ियों के लिए मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए पर्दे के पीछे काम करना महत्वपूर्ण है। रहाणे ने मीडिया से कहा यह कई युवाओं को मुंबई के लिए अच्छा प्रदर्शन करने और विरासत को आगे बढ़ाने और सभी आयु वर्गों (टीमों) में मुंबई के लिए अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा।

## आर अश्विन की आत्मकथा का विमोचन 10 को

**नई दिल्ली।** मैदान पर अपनी चतुराई के लिए पहचाने जाने वाले भारत के शीर्ष ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की आत्मकथा का 10 जून को विमोचन होगा। पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया (पीआरएचआई) ने सोमवार को यह घोषणा की।

सिद्धार्थ मोंगा के साथ इस अनुभवी क्रिकेटर द्वारा लिखी गई 'आई हैव द स्ट्रीट्सः ए कुट्टी क्रिकेट स्टोरी' क्रिकेट स्टार बनने से पहले अश्विन के जीवन का एक सूक्ष्म और स्पष्ट चित्रण पेश करने का वादा करती है। अश्विन ने कहा एक क्रिकेटर बनने की अपनी कहानी साझा करते हुए मुझे खुशी हो रही है। इस पुस्तक के माध्यम से मुझे कई महत्वाकांक्षी क्रिकेटरों को प्रेरित करने की उम्मीद है।

पुस्तक में उनकी बचपन की स्वास्थ्य समस्याओं, उनके मध्यमवर्गीय परिवार के अथक समर्थन और चेन्नई में क्रिकेट के दीवाने इलाके में पले-बढ़े होने की खुशी के बारे में बताया गया है। टेस्ट क्रिकेट में भारत के सबसे बड़े मैच विजेताओं में से एक माने जाने वाले अश्विन को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए जाना जाता है जिसमें 300 टेस्ट विकेट तक सबसे जल्दी पहुंचने वाला गेंदबाज बनना भी शामिल है।

## 77 रन के मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका को हराया

न्यूयार्क, एजेंसी



टी-20 विश्वकप के चौथे मुकाबले में सोमवार को एनरिक नॉर्टजे सात रन पर चार विकेट की घातक गेंदबाजी और उसके बाद हाइनरिक क्लासन नाबाद (19) क्विंटन डिकॉक (20) रनों की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका को छह विकेट से हरा दिया है।

बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों को 77 रनों के छोटे स्कोर हासिल करने में अपने धैर्यपूर्ण कौशल का प्रदर्शन करना पड़ा। दक्षिण अफ्रकी की भी शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ओवर में रीजा हेंड्रिक्स (4) का विकेट गवां दिया। इसके बाद पांचवें ओवर में कप्तान एडन मारक्रम (12) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। 11वें ओवर में क्विंटन डिकॉक (20) के रूप में दक्षिण अफ्रीका का तीसरा विकेट गिरा। उस समय दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 51 रन था। बीच-बीच में श्रीलंकाई गेंदबाजों ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका को छोटे स्कोर के लक्ष्य के लिए भी फंसाए रखा। ट्रिस्टन स्टब्स (13) आउट होने वाले दक्षिण अफ्रीका के चौथे बल्लेबाज थे। हाइनरिक क्लासन (19) और डेविड मिलर छह रन बनाकर नाबाद रहे। डेविड मिलर ने 16वें ओवर की दूसरी गेंद पर चौका लगाकर दक्षिण अफ्रीका को जीत दिलाई।

इससे पहले दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने श्रीलंका की पूरी टीम को 19.1 ओवर में 77 के न्यूनतम स्कोर पर धराशाई कर दिया था। आज ग्रुप डी मुकाबले में टॉस जीतकर श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही उसने चौथे ओवर की पहली गेंद पर पथुम निसंका (3) का विकेट गवां दिया। उन्हें ऑटनील बार्टमैन ने क्लासन के हाथों कैच आउट कराया। आठवें ओवर में कुसल मेंडिस (19) रन बनाकर आउट हुए। उन्हें एनरिक नॉर्टजे स्टब्स के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद तो दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों के आगे श्रीलंकाई बल्लेबाजों ने हथियार डाल दिये। कामिंडु मेंडिस (11), एंजलो मैथ्यूज (16) दसून शानका (9), चरिथ असलंका (6), कप्तान वानिंदु हसरंगा सहित चार बल्लेबाज शून्य पर आउट हुये। महीश थीक्षणा सात रन बनाकर नाबाद रहे। श्रीलंका की पूरी टीम 19.1 ओवर में 77 रन पर ढ़ेर हो गई। दक्षिण अफ्रीका की ओर से एनरिक नॉर्टजे ने चार विकेट लिये। कगिसो रबाडा और केशव महाराज ने दो-दो विकेट चटाये। ऑटनील बार्टमैन ने एक बल्लेबाज को आउट किया। गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन करने वाले एनरिक नॉर्टजे को मैन ऑफ द मैच मिला।



## पेरिस ओलंपिक के लिए फ्रांस की टीम में एमबाप्पे को जगह नहीं

**पेरिस।** स्टार खिलाड़ी काइलियान एमबाप्पे पेरिस ओलंपिक में फ्रांस के लिए नहीं खेलेंगे क्योंकि उन्हें सोमवार को थियेरी हेनरी की इन खेलों के लिए अस्थाई टीम में जगह नहीं मिली। विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे एमबाप्पे ने अपने देश में होने वाले ओलंपिक में खेलने की इच्छा व्यक्त की थी।

हेनरी और यहां तक कि फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भी चाहते थे कि एमबाप्पे पुरुष ओलंपिक टीम का हिस्सा बनें लेकिन उन्हें 25 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया। पेरिस सेंट जर्मेन को एक स्वतंत्र एजेंट के रूप में छोड़ने के बाद एमबाप्पे के रीयाल मैड्रिड से जुड़ने की उम्मीद की जा रही है।

### रॉय कृष्णा ने ओडिशा एफसी के साथ अनुबंध बढ़ाया

**भुवनेश्वर।** फिजी के फारवर्ड रॉय कृष्णा ने सुपर कप चैंपियन ओडिशा एफसी के साथ अपने अनुबंध को एक साल के लिए बढ़ा दिया है। इंडियन सुपर लीग फुटबॉल टीम ओडिशा एफसी ने सोमवार को यह घोषणा की। रॉय ने आईएसएल के इस सत्र में 13 गोल किए जबकि तीन गोल करने में मदद भी की। उन्होंने माजिया एस एंड आरसी के खिलाफ मालदीव में एएफसी कप मैच में पिछड़ने के बाद 3-2 की जीत के दौरान विजयी गोल भी दागा।

## एडीडीपी ने बजरंग पर लगा अस्थाई निलंबन हटाया

नई दिल्ली, एजेंसी



राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी की अनुशासन पैनल (एडीडीपी) ने पहलवान बजरंग पूनिया को नाडा द्वारा आरोप का नोटिस नहीं दिए जाने तक उन पर लगा अस्थाई निलंबन हटा दिया है।

पूनिया ने मार्च में चयन ट्रायल के बाद डोप टेस्ट के लिए नमूना देने से इनकार किया था। नाडा ने 23 अप्रैल को तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूनिया पर 23 अप्रैल तक का प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने भी यही कार्रवाई की थी। बिश्केक में हुए एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के लिये पुरूष टीम के चयन ट्रायल 10 मार्च को सोनीपत में हुए थे और बजरंग हारने के बाद मूत्र का नमूना दिये बिना स्थान से चले गए थे। उन्होंने तीसरे चौथे स्थान के मुकाबले में भाग भी नहीं लिया था।

बजरंग ने अपने वकील के मार्फत अस्थायी निलंबन को चुनौती दी थी। एडीडीपी ने अपने आदेश में कहा सुनवाई पैनल की राय है कि इस स्तर पर जब एथलीट को आरोप का नोटिस जारी किया जाना बाकी है और नमूना देने से इनकार करने के लिए एथलीट द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण/औचित्य के गुण-दोष पर विचार किए बिना और नाडा की ओर से पेश वकील की दलील का जवाब दिये बिना, एथलीट का अस्थायी निलंबन तब तक के लिए रद्द किया है जब तक कि एथलीट को डोपिंग निरोधक नियम, 2021 के उल्लंघन के लिए औपचारिक रूप से आरोप लगाने का नोटिस जारी करने का फैसला नहीं करता।

## टी-20 विश्व कप का प्रसारण करेगा दूरदर्शन

**नई दिल्ली।** प्रसार भारती ने सोमवार को घोषणा की कि वह अपने डीडी स्पोर्ट्स चैनल पर मौजूदा टी-20 विश्व कप, पेरिस ओलंपिक और विंबलडन का प्रसारण करेगा। प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी ने सोमवार को यहां मीडिया के साथ बातचीत के दौरान यह घोषणा की।

प्रसार भारती ने इस मौके पर टी-20 विश्व कप के लिए विशेष गान जज्बा भी लॉन्च किया।

दूरदर्शन ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक पेरिस ओलंपिक और 28 अगस्त से आठ सितंबर तक पेरिस पैरालंपिक का सीधा प्रसारण, स्थगित प्रसारण और मुख्य आकर्षण के प्रसारण की भी घोषणा की। साथ ही छह से 14 जुलाई तक भारत के जिम्बाब्वे दौरे का भी प्रसारण किया जाएगा। टी-20 विश्व कप के बाद इस दौरे पर पांच टी-20 मैच खेले जाएंगे। 27 जुलाई के सात अगस्त तक श्रीलंका में भारत की सीमित ओवरों की श्रृंखला का प्रसारण भी डीडी स्पोर्ट्स पर होगा। दूरदर्शन इसके अलावा फ्रेंच ओपन और विंबलडन के फाइनल का भी प्रसारण करेगा। प्रसार भारती अपने खेल चैनल पर विभिन्न खेल लीग और प्रतियोगिताओं को दिखाने के लिए विभिन्न खेल संस्थाओं और एजेंसियों के साथ बातचीत के अग्रिम चरण में है।

## दिमित्रोव और सिनर फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में

पेरिस, एजेंसी

ग्रिगोर दिमित्रोव ने एक कड़े मुकाबले में ह्यूबर्ट हर्काज को हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन यानिक सिनर से होगा। दिमित्रोव ने हर्काज को 7-6 (5), 6-4, 7-6 (3) से हराया। यह पहला अवसर है जबकि दिमित्रोव ने फ्रेंच ओपन के अंतिम आठ में जगह बनाई।

सिनर ने फ्रांस के गैर वरीयता प्राप्त कॉरेंटिन मौटेट के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके 2-6, 6-3, 6-2, 6-1 से जीत दर्ज की। पुरुष वर्ग में दो बार के ग्रैंडस्लैम विजेता कार्लोस अल्काराज और स्टेफानोस सिटसिपास ने भी क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया जहां इनका आमना सामना होगा। तीसरे वरीय अल्काराज ने कनाडा के 21वें वरीय फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को 6-3, 6-3, 6-1 से जबकि नौंवे वरीय सिटसिपास ने इटली के गैर वरीय माटियो अर्नाल्डी को 3-6, 7-6 (4), 6-2, 6-2 से पराजित किया। महिला वर्ग में विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा और ओन्स जाबूर ने भी क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। चेक गणराज्य की वोंद्रोसोवा ने सर्बिया की ओल्गा डैनिलोविच को 6-4, 6-2 से हराया। ट्यूनीशिया की जाबूर ने गैर वरीयता प्राप्त डेन क्लारा टॉसन को 6-4, 6-4 से हराकर लगातार दूसरी बार फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। अंतिम आठ में उनका सामना अमेरिका की कोको गॉफ से होगा जिन्होंने इटली की एलिजाबेटा कोसियारेटो को 6-1, 6-2 से पराजित किया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# शांति सम्मेलन का निमंत्रण देने फिलीपींस पहुंचे जेलेंस्की

मनीला, एजेंसी

● रूस पर चीन की मदद से सम्मेलन में अड़चन डालने का आरोप



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की एशिया की अपनी एक विशिष्ट यात्रा के तहत सोमवार को फिलीपींस पहुंचे। वह क्षेत्रीय नेताओं से अपने देश में युद्ध की स्थिति पर स्विट्जरलैंड द्वारा आयोजित एक वैश्विक शांति सम्मेलन में शामिल होने की अपील करने के लिए यात्रा कर रहे हैं।

उन्होंने रूस पर चीन की मदद से इस सम्मेलन में अड़चन डालने का प्रयास करने का आरोप भी लगाया। जेलेंस्की कड़ी सुरक्षा के बीच अघोषित दौरे पर मनीला पहुंचे। इससे पहले उन्होंने सिंगापुर में शंगरी-ला डिफेंस फोरम में भाग लिया था। जेलेंस्की ने सिंगापुर में आयोजित इस वार्षिक रक्षा सम्मेलन से इतर फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनांड मार्कोस जूनियर से मिलने की योजना बनाई थी लेकिन मुलाकात हो नहीं सकी, जिसके बाद उन्होंने व्यक्तिगत रूप से यहां आकर मर्कोस को आमंत्रित करने का फैसला किया। यह जानकारी फिलीपीन के अधिकारियों ने दी। दोनों ही नेताओं ने सिंगापुर में हुए सम्मेलन में चीन की आलोचना की थी।

# गुणवत्ता को लेकर चर्चा में भारतीय मसाला बाजार

भारतीय कंपनियों द्वारा हांगकांग व सिंगापुर को निर्यात किए गए ब्रांडेड मसालों को ईटीओ संदूषण से संबंधित चिंताओं के कारण वापस मंगाए जाने के पश्चात भारतीय मसाला बोर्ड ने अंतर्राष्ट्रीय खाद्य मानक निकाय कोडेक्स के साथ मसालों में एथिलीन ऑक्साइड के उपयोग की सीमा तय करने की जरूरत के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है। भारत विश्व का सबसे बड़ा मसाला उत्पादक देश है। यह मसालों का सबसे बड़ा उपभोक्ता और निर्यातक भी है। वर्ष 2023-24 में भारत का मसाला निर्यात 4.25 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो वैश्विक मसाला निर्यात का 12% हिस्सा है।

### भारतीय मसाला बोर्ड क्या है?

मसाला बोर्ड का गठन 26 फरवरी, 1987 को मसाला बोर्ड अधिनियम, 1986 के तहत पूर्ववर्ती इलायची बोर्ड (1968) और मसाला निर्यात संवर्द्धन परिषद (1960) के विलय के साथ किया गया था। वाणिज्य विभाग के अंतर्गत पांच वैधानिक कमोडिटी बोर्ड हैं। ये बोर्ड चाय, कॉफी, रबर, मसाले और तंबाकू के उत्पादन, विकास तथा निर्यात के लिये उत्तरदायी हैं। मसाला बोर्ड भारतीय मसालों के विकास और विश्वव्यापी प्रचार के लिए प्रमुख संगठन है। यह बोर्ड भारतीय निर्यातकों एवं विदेशी आयातकों के बीच एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन के रूप में कार्य करता है।

### एथिलीन ऑक्साइड का मुद्दा (ईटीओ)

ईटीओ एक रसायन है जिसका उपयोग मसालों में कीटाणुरोधी पदार्थ के रूप में किया जाता है, परंतु निश्चित सीमा से अधिक उपयोग करने पर इसे कैंसरकारी माना जाता है। प्रमुख बाज़ारों में भारतीय मसाला निर्यात के तहत मसाला सैंपल विफलता दर 1% से कम है। अभी तक कोडेक्स ने कोई सीमा निर्धारित नहीं की है, मानकीकृत ईटीओ परीक्षण प्रोटोकॉल भी उपलब्ध नहीं है।



### भारत के आधे से अधिक मसाला निर्यात पर संकट

आर्थिक थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ( जीटीआरआई ) ने कई देशों में नियामकीय कार्रवाइयों के कारण महत्वपूर्ण बाजारों में भारत के लगभग 700 मिलियन डॉलर के मसाला निर्यात पर खतरा मंडरा रहा है, क्योंकि भारतीय मसालों की गुणवत्ता को लेकर चिंता जताई जा रही है। इसने आगाह किया कि अगर यूरोपीय संघ भी पूरे ब्लॉक में अस्वीकृति के साथ ऐसा करता है, तो इससे भारत के मसाला निर्यात पर 2 .5 बिलियन डॉलर का अतिरिक्त असर पड़ सकता है।

### दिल्ली का चांदनी चौक एशिया का सबसे बड़ा बाजार

दिल्ली के चांदनी चौक में खारी बावली एशिया का सबसे बड़ा मसाला बाजार है और इसकी प्रसिद्धि आज भी वैसी है, जैसी 17 वीं शताब्दी के दौरान थी। मुगल काल के जमाने में ये बाजार अस्तित्व में आया था। बावली, का शाब्दिक अर्थ है एक सीढ़ीदार कुआं, और खारी या खारा का अर्थ नमकीन होता है, जिसमें खारी बावली का अर्थ है खारे पानी का कुआं है। अब आप सोच रहे होंगे कि, है तो ये बाजार लेकिन अर्थ इसका ये कैसे, तो आपको बता दें, उस समय यहां खारे पानी का कुआं हुआ करता था, लेकिन अब ये मसालों का खजाना बन चुका है।

### अमेरिका, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया ने भी जताई चिंता

मसाला बोर्ड ने ईटीओ संदूषण को रोकने तथा सभी बाज़ारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निर्यातकों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। यह मसालों के लिए कीटाणुरोधी पदार्थ के रूप में ईटीओ का उपयोग न करने की सलाह देता है तथा भाप कीटाणुरोधन एवं विकिरण जैसे विकल्पों का सुझाव देता है। अमेरिका, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे अन्य देशों ने भी कुछ भारतीय मसालों की गुणवत्ता के विषय में चिंता जताई है तथा ये देश आगे की कार्रवाई की आवश्यकता का निर्धारण कर रहे हैं।

## एक नजर

### पूर्व सांसद तुलसी-गैबार्ड की चाची का हत्यारोपी गिरफ्तार

**अमेरिका।** अमेरिका की पूर्व सांसद तुलसी गबार्ड की चाची कैरोलीन की हत्या के मामले में पुलिस ने रविवार को उन्हीं की एक दोस्त को गिरफ्तार किया है। 78 साल की कैरोलीन सिनावियाना-गैबर्ड की 25 मई को हत्या कर दी गई थी। उनकी बॉडी पर चाकू और हथौड़े से मारने के निशान मिले थे। पुलिस ने 8 दिन बाद कैरोलीन की दोस्त पापाली सिया फ़िगेल को गिरफ्तार किया। समोआ के पुलिस अधिकारी के मुताबिक हत्या से पहले कैरोलीन और पापाली के बीच तीखी बहस हुई थी। हालांकि, अब तक यह नहीं पता है कि बहस किस वजह से हुई थी। जानकारों के मुताबिक, दोनों काफी अच्छी दोस्त थीं।

### श्रीलंका में बाढ़ और भूस्खलन से 10 की मौत, छह लापता

**कोलंबो।** श्रीलंका में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ की वजह से सोमवार को स्कूल बंद कर दिए गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाढ़ और बारिश संबंधी अन्य घटनाओं में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य लोग लापता हैं। शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि स्कूलों को दोबारा खोलने को लेकर फैसला मौसम की स्थिति पर निर्भर करेगा। देश में रविवार से हुई मूसलाधार बारिश के कारण कई स्थानों पर भारी तबाही हुई है।

### सीरिया में इजरायल का हमला, 12 की मौत

**दमिश्क।** इजरायल ने रविवार देर रात सीरिया के उत्तरी प्रांत अलेप्पो में हवाई हमले किए जिसमें 12 ईरानी समर्थक लड़ाके मारे गए। मानवाधिकारों के लिए सीरियाई वेधशाला ने सोमवार को रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार सीरियाई और गैर-सीरियाई नागरिकों सहित अलेप्पो शहर के आसपास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपस्थिति है। मिसाइल हमला की गूंज उत्तर-पश्चिम में हय्यान शहर और अलेप्पो शहर में कई जगहों पर सुनाई दी। वेधशाला ने नोट किया कि यह हमला पिछले महीने से सीरिया में लेबनानी हिजबुल्लाह और ईरानी मिलिशिया के कब्जे वाले स्थानों पर तेजी देखी गयी है।

### अमेरिका में एक सप्ताह से भारतीय छात्रा लापता

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में पिछले सप्ताह से 23 वर्षीय एक भारतीय छात्रा के लापता होने का ताजा मामला सामने आया है और पुलिस ने उसका पता लगाने के लिए आम लोगों से भी मदद मांगी है। पिछले काफी समय से भारतीय विद्यार्थियों के साथ इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। पुलिस के अनुसार कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी, सैन बेर्नार्डिनो (सीएसयूएसबी) की छात्रा नितीशा कंदुला 28 मई को लापता हुई थी।

# दो सरकारी गवाहों की 115 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क

## दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में ईडी ने की कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

● राघव मगुंटा और अरबिंदो फार्मा के प्रवर्तक शरत चंद्र रेड्डी की संपत्ति की जब्त



प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े कथित धन शोधन मामले में अपने दो सरकारी गवाहों - व्यवसायी राघव मगुंटा और अरबिंदो फार्मा के प्रवर्तक शरत चंद्र रेड्डी की 115 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की है। राघव तेदेपा के लोकसभा उम्मीदवार मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी के पुत्र हैं।

एजेंसी ने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री और बीआरएस नेता के चंद्रशेखर राव की एमएलसी बेटी के. कविता और चार अन्य के खिलाफ 10 मई को दाखिल आरोप पत्र में यह खुलासा किया है। विशेष पीएमएलए अदालत ने 29 मई को अभियोजन पक्ष के इस आरोप पत्र पर संज्ञान लिया। राघव मगुंटा और रेड्डी दोनों के बारे में कहा जाता है कि वे कविता के नेतृत्व वाले तथाकथित साउथ ग्रुप के सदस्य हैं, जिस पर ईडी ने आरोप लगाया है कि उसने दिल्ली आबकारी नीति में बदलाव करने के लिए आम आदमी पार्टी ( आप ) को 100 करोड़ रुपये दिये थे। भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद इस नीति को रद्द कर दिया गया है।

आप ने आरोप लगाया था कि मगुंटा द्वारा दर्ज किए गए बयानों के कारण उसके प्रमुख और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी हुई, जबकि रेड्डी ने चुनावी बॉण्ड के जरिए भाजपा को 55 करोड़ रुपये का भुगतान किया, जिससे साबित होता है कि भाजपा का दक्षिण लॉबी से संबंध है।

### इससे पहले सिसोदिया और समीर महेंद्रू की संपत्ति की गई थी कुर्क

ईडी के आरोप पत्र के अनुसार, धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत राघव मगुंटा और रेड्डी की संपत्ति कुर्क करने का अंतरिम आदेश 3 मई को जारी किया गया था, जिसके बाद दोनों की 115 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की गई है। इस मामले में ईडी द्वारा जारी किया गया यह तीसरा कुर्की आदेश है। इससे पहले ईडी ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आप नेता मनीष सिसोदिया (52 करोड़ रुपये से अधिक) और व्यवसायी समीर महेंद्रू (76 करोड़ रुपये से अधिक) की संपत्तियां कुर्क की थी। इस मामले में ईडी ने राघव मगुंटा और रेड्डी को गिरफ्तार किया था और पिछले साल अदालत ने दोनों को ईडी मामले में सरकारी गवाह बनने की मंजूरी दे दी थी। फिलहाल दोनों जमानत पर बाहर हैं।

# गायक सोनू निगम ब्रिटेन में मानद फेलोशिप से सम्मानित



**लंदन।** बॉलीवुड गायक सोनू निगम को संगीत के क्षेत्र में उनके विश्वव्यापी प्रभाव के लिए एक प्रमुख भारतीय प्रवासी छात्र संगठन ने मानद फेलोशिप से सम्मानित किया है। निगम एक संगीत कार्यक्रम के सिलसिले में फिलहाल ब्रिटेन में हैं। ब्रिटेन के नेशनल इंडियन स्टूडेंट्स एंड एलुमनाई यूनियन (एनआईएसएयू) ने पिछले सप्ताहांत लंदन के वेम्बली एरिना में निगम की प्रस्तुति के दौरान उन्हें फेलोशिप से सम्मानित किया।

लेबर पार्टी के वरिष्ठ ब्रिटिश भारतीय सांसद वीरेंद्र शर्मा और स्कूल ऑफ ओरिएंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज (एसओएएस) में भारतीय संस्कृति के एमेरिटस प्रोफेसर रेचल ड्वायर ने मंच पर निगम को सम्मानित किया। इससे पहले अभिनेत्री शबाना आजमी, लेखक जावेद अख्तर और अध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर समेत कई अन्य हस्तियों को यह मानद फेलोशिप प्रदान की जा चुकी है। यह फेलोशिप उन व्यक्तियों को दी जाती है जो वैश्विक मंच पर भारतीय सांस्कृतिक, शिक्षा और समाज सुधार पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालते हैं।

# विरोध मार्च व तोड़फोड़ के दो मामलों में इमरान बरी

इस्लामाबाद, एजेंसी

● शहबाज की गठबंधन सरकार को गिराने के लिए निकाला था मार्च



पाकिस्तान की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी के अन्य शीर्ष नेताओं को मार्च 2022 में विरोध मार्च के दौरान तोड़फोड़ करने से जुड़े दो मामलों में सोमवार को बरी कर दिया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 71 वर्षीय संस्थापक मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद से पिछले साल अगस्त से जेल में हैं।

इस्लामाबाद की जिला एवं सत्र अदालत ने खान, पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी, पूर्व संचार मंत्री मुराद सईद और पीटीआई के अन्य नेताओं को हकीकी आज़ादी मार्च के दौरान तोड़फोड़ के मामलों में बरी किया है। मई 2022 में खान ने शहबाज शरीफ की अगुवाई वाली गठबंधन सरकार को गिराने के लिए लाहौर से इस्लामाबाद की तरफ एक मार्च शुरू किया था। खान के अविश्वास प्रस्ताव हारने के बाद शरीफ के नेतृत्व में यह सरकार बनी थी।

यह रैली पीटीआई के हकीकी आजादी हासिल करने और राष्ट्र को अमेरिका समर्थित गठबंधन सरकार की गुलामी से मुक्त कराने के संघर्ष का हिस्सा थी। उस समय इस्लामाबाद पुलिस ने संघीय राजधानी में आगजनी और तोड़फोड़ के आरोपों को लेकर खान, कुरैशी और पार्टी के अन्य नेताओं सहित 150 लोगों के खिलाफ अलग-अलग मामले दर्ज किए थे।

### गोपनीय दस्तावेज लीक मामले में भी हुए बरी

कोर्ट ने एक अन्य मामले में राहत देते हुए इमरान व उनकी सरकार में विदेश मंत्री रहे शाह महमूद कुरैशी को गोपनीय दस्तावेज लीक होने के मामले में बरी कर दिया। इस्लामाबाद की एक विशेष अदालत ने जनवरी में पीटीआई के संस्थापक खान और कुरैशी को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई थी।

### अवैध शादी का मामला अन्य कोर्ट में होगा ट्रांसफर

पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के अवैध विवाह मामले की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश का अनुरोध स्वीकार करते हुए मामला किसी दूसरी अदालत को सौंपने की अनुमति दे दी।

# चीन ने अपने नागरिकों पर लगाया ब्रिटेन के लिए जासूसी का आरोप

**ताइपे।** चीन ने सोमवार को दो चीनी नागरिकों पर ब्रिटेन के लिए जासूसी करने का आरोप लगाया। दोनों देशों के बीच संबंधों के असहज होने के बीच यह घटनाक्रम हुआ। सोशल मीडिया पर एक संदेश में, चीन की मुख्य खुफिया सेवा, सुरक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने एक बड़े जासूसी मामले का खुलासा किया है, जिसमें एक दंपति शामिल है। उन्हें ब्रिटेन की विदेशी खुफिया एजेंसी एमआई-6 द्वारा कथित तौर पर भर्ती किया गया था तथा उनकी पहचान केवल उनके उपनाम वांग और झोऊ के रूप में हुई है। मंत्रालय ने कहा कि वांग 2015 में छात्र के तौर पर ब्रिटेन गया था और बाद में उसकी पत्नी भी उसके साथ रहने लगी। मंत्रालय ने कहा कि वांग को होटल में कमरे, देशभर की यात्राओं के खर्च और वित्तीय प्रोत्साहन दिए गए थे। इसने कहा कि दंपति चीन सरकार के लिए एक एजेंसी में काम करता था और सरकारी गोपनीय दस्तावेजों की देखरेख करता था, जिसे वे एमआई-6 को देते थे। मंत्रालय ने कहा कि मामले की अभी भी जांच चल रही है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के प्रवक्ता डेव पेरेस ने कहा कि अपनी खुफिया एजेंसियों के काम पर टिप्पणी नहीं करना ब्रिटेन की नीति रही है।

# बेंगलुरु में हुई भारी बारिश ने तोड़ा 133 साल का रिकॉर्ड

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु में दो जून को 111 मिलीमीटर बारिश हुई, जिससे जून में एक दिन में सबसे अधिक बारिश का 133 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) बेंगलुरु के वैज्ञानिक एन. पुवियारसन ने पुष्टि की कि 2 जून को पिछले 133 वर्षों में इस महीने में एक दिन की सबसे अधिक बारिश हुई।

उन्होंने कहा कि जून में सबसे अधिक एक दिन की बारिश 16 जून, 1891 को दर्ज की गई थी। भारी बारिश के कारण बेंगलुरु में कई स्थानों पर जनजीवन प्रभावित हुआ। जयनगर के निवासियों ने गिरे हुए पेड़ों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं। रविवार रात ट्रिनिटी मेट्रो स्टेशन के पास मेट्रो ट्रैक पर एक पेड़ गिर गया, जिससे सेवा प्रभावित हुई। गिरे हुए पेड़ों के अलावा सड़कों पर जलभराव से लोगों को असुविधा हुई। आईएमडी केंद्र, बेंगलुरु के प्रमुख सीएस पाटिल ने कहा कि मानसून कर्नाटक में आगे बढ़ गया है और 5 जून तक कुछ जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।



तूफान के कारण रास्ता बंद हो गया।

# मैक्सिको की पहली महिला राष्ट्रपति बनीं शीनबॉम

मेक्सिको सिटी, एजेंसी

● रह चुकी हैं नोबेल प्राइज जीतने वाली कमेटी की मेंबर

मेक्सिको में राष्ट्रपति चुनाव की विजेता क्लाउडिया शिनबॉम देश के 200 साल के इतिहास में इस पद पर आसीन होने वाली पहली महिला होंगी। जलवायु वैज्ञानिक और मेक्सिको सिटी की पूर्व महापौर शीनबॉम ने रविवार रात कहा कि दो प्रतिस्पर्धियों ने उनकी जीत स्वीकार कर ली है। शीनबॉम ने एक होटल के बाहर मुस्कुराते हुए कहा मैं मेक्सिको की पहली महिला राष्ट्रपति बनूंगी।

इससे कुछ देर पहले चुनाव अधिकारियों ने कुछ आंकड़े पेश किए हैं, जिनमें वह बढ़त हासिल करती हुई दिख रही हैं। शीनबॉम ने कहा मैं अकेले यह नहीं कर पाई हूं। हम सबने मिलकर कर दिखाया है। इसमें हमारी मातृभूमि की वीरांगनाओं, माताओं और बेटियों का भरपूर साथ रहा। हमने दिखा दिया है कि मेक्सिको एक लोकतांत्रिक देश है, जहां शांतिपूर्ण चुनाव हुए हैं। नेशनल इलेक्टोरल इंस्टिट्यूट के प्रमुख ने कहा कि आंकड़ों के अनुसार शीनबॉम को 58.3 प्रतिशत से 60.7 प्रतिशत वोट मिले हैं। विपक्षी उम्मीदवार जोचिटल गाल्वेज को 26.6 से 28.6 प्रतिशत जबकि जॉर्ज अल्वारेज मेनेज को 9.9 फीसद से 10.8 प्रतिशत वोट मिले हैं। वह मैक्सिको सिटी की पूर्व मेयर रह चुकी हैं और लेफ्ट पॉलिटिक्स से काफी समय से जुड़ी हुई हैं।



विजेता क्लाउडिया शीनबॉम।

### निवर्तमान राष्ट्रपति से अलग व्यक्तित्व है शीनबॉम का

क्लॉडिया शीनबॉम को अपने मार्गदर्शक और निवर्तमान राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्राडोर से अलग व्यक्तित्व वाला माना जाता है। उन्होंने अपने पूर्ववर्ती नेता की लोकप्रियता का फायदा उठाते हुए एक सधा हुआ प्रचार अभियान चलाया और रविवार को हुए मतदान में उन्हें जीत मिली। अब मेक्सिको की जनता देखना चाहती है कि लोपेज से बिल्कुल अलग शख्सियत रखने वाली शीनबॉम खुद को किस तरह पेश करती हैं। राजनीतिक रूप से लोपेज के समान रुख रखने वाली शीनबॉम को कम आक्रामक नेता के रूप में देखा जाता है।

# सीनियर आईएएस दंपति की बेटी ने की आत्महत्या, सुसाइड नोट मिला

मुंबई, एजेंसी

● हरियाणा के सोनीपत से कर रही थी एलएलबी की पढ़ाई

दक्षिण मुंबई में मंत्रालय के निकट सोमवार तड़के महाराष्ट्र कैडर के सीनियर आईएएस अधिकारी दंपति की 27 वर्षीय बेटी ने कथित तौर पर एक इमारत की 10वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस ने कहा कि हरियाणा के सोनीपत से एलएलबी की पढ़ाई कर रही लिपि रस्तोगी तड़के करीब चार बजे राज्य सचिवालय के निकट एक इमारत से कूद गई। उस समय मंत्रालय के निकट स्थित आईएएस अधिकारियों के आवास परिसर में सब सो रहे थे। इमारत के गार्ड ने परिसर के निकट खड़ी एक मोटरसाइकिल पर लिपि को बेहोशी की हालत में पाया और परिवार को सूचित किया, जिसके बाद उसे जीटी अस्पताल ले जाया गया। तत्काल चिकित्सा प्रदान किए जाने के बाद भी जान नहीं बचाई जा सकी। घटनास्थल से सुसाइड नोट मिला है, जिसमें लिखा है कि उसकी मौत के लिए किसी को दोष न दिया जाए। अधिकारियों ने बताया कि कफ परेड थाने में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि लिपि शैक्षणिक प्रदर्शन को लेकर काफी दबाव में थी, जिसके चलते वह तनाव में थी। लिपि के पिता विकास रस्तोगी महाराष्ट्र उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग में प्रधान सचिव हैं, जबकि मां राधिका रस्तोगी भी वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हैं और राज्य सरकार में सेवारत हैं।

## बॉलीवुड हलचल

# अजय पालवंकर के जीवन पर आधारित फिल्म में करेंगे काम



**मुंबई।** बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन देश के प्रथम दलित क्रिकेटर बालू पालवंकर के जीवन पर आधारित फिल्म में काम करते नजर आएंगे। बॉलीवुड फिल्मकार तिग्मांशु धूलिया, क्रिकेट की पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म बनाने जा रहे है। यह फिल्म देश के प्रथम दलित क्रिकेटर माने वाले बालू पालवंकर और उनके भाइयों की कहानी पर्दे पर दिखाएगी। फिल्म की पटकथा लेखक और इतिहासकार रामचंद्र गुहा द्वारा लिखित किताब ए कार्नर आफ ए फारेन फील्ड पर आधारित होगी। फिल्म क्रिटिक तरण आदर्श ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा,अजय देवगन भारत के पहले दलित क्रिकेटर पालवंकर बालू की बायोपिक में नजर आएंगे। तिग्मांशु धूलिया इसे बनाएंगे। बताया जा रहा है कि फिल्म सिंघम अगेन की शूटिंग के बाद अजय देवगन इस बायोपिक पर काम शुरू करेंगे। बताया जा रहा है कि अजय देवगन भी इसे प्रोड्यूस कर रहे हैं।

# अल्लू अर्जुन व रश्मिका की फिल्म पुष्पा 2 द रूल का पोस्टर रिलीज



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जाने-माने अभिनेता अल्लू अर्जुन और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म पुष्पा 2 द रूल का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। अल्लू अर्जन की फिल्म पुष्पा 2 द रूल इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है और कैप्शन में लिखा है, 75 दिन बाकी हैं पुष्पा राज के रूल के लिए। उनका रूल भारतीय सिनेमा में एक नया अध्याय लिखेगा।नए पोस्टर में अल्लू अर्जन अपने कांधे पर राइफल लेकर लुंगी पहने देखे जा सकते हैं। पुष्पा 2 द रूल 15 अगस्त, 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। सुकुमार द्वारा निर्देशित और मैथरी मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना के अलावा फहद फासिल भी लीड रोल में हैं।

# अमिताभ और जया की शादी के 51 साल पूरे



**मुंबई।** बॉलीवुड के अमिताभ बच्चन और अभिनेत्री जया बच्चन की शादी के सोमवार को 51 साल पूरे हो गए हैं। दोनों ने इस अवसर पर परिवार के साथ सेलिब्रेशन मनाया।अमिताभ बच्चन और जया बच्चन की जोड़ी बॉलीवुड में बहुत हिट रही है। अमिताभ और जया ने जंजीर, अभिमान, चुपके चुपके, शोले, सिलसिला, मिली, कभी खुशी कभी गम समेत कई कामयाब फिल्मों में साथ काम किया है।

# पुलिस मुखबिर के शक में नक्सलियों ने ग्रामीण को मौत के घाट उतारा

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में नक्सलियों ने पुलिस मुखबिर होने के शक के आधार पर 45 वर्षीय ग्रामीण की उसके घर से खींचकर हत्या कर दी। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मारे गए ग्रामीण का पुलिस से कोई संबंध नहीं था।

जिले के मसपुर गांव में रविवार रात नक्सलियों ने शालूराम पोटाई की हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि रविवार रात लगभग 10 बजे 15 से 20 सशस्त्र वर्दीधारी नक्सली शालूराम पोटाई के घर पहुंचे और उसे खींचकर घर से बाहर निकालने के बाद उसकी हत्या कर दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया घटना को अंजाम देने के बाद नक्सली वहां से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस दल को घटनास्थल पर रवाना किया गया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया।


## खगोल विज्ञान | इंसानी उत्पत्ति के श्रोत खोज निकालने की बड़ी उपलब्धि

# ब्रह्मांड के विस्फोटों से मानव तत्वों की उत्पत्ति

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** खगोलविदों ने इंसान की उत्पत्ति के श्रोत खोज निकालने की बड़ी उपलब्धि हासिल की है। खोज के अनुसार ब्रह्मांड के सबसे बड़े विस्फोटों से मानव तत्वों की उत्पत्ति हुई है। वैज्ञानिकों का मानना है कि जीव जंतुओं की उत्पत्ति के अन्य श्रोत भी हो सकते हैं।

बिग बैंग विस्फोट के बाद ब्रह्मांड में मुख्य रूप से हाइड्रोजन और हीलियम परमाणु शामिल थे। ये सबसे हल्के तत्व हैं। सर्वविदित है बिग बैंग 13.8 अरब वर्ष पहले हुआ था। इसके बाद बने तारों ने परमाणु संलयन की प्रक्रिया के माध्यम से इनमें से कई भारी तत्वों का उत्पादन किया। विशाल तारों में हुए बड़े विस्फोटों से भारी तत्वों की उत्पत्ति हुई है। ब्रह्मांड के सबसे बड़े विस्फोटों में गामा रे विस्फोट माने जाते हैं। यह विस्फोट भी दो प्रकार के होते हैं। जिनमें बड़े विस्फोटों से मानव शरीर में पाए जाने वाले तत्वों की उत्पत्ति हुई और परमाणु संलयन आवर्त सारणी में लोहे जैसे भारी तत्वों का उत्पादन कर सकता है। इसी क्रम में इंसानी तत्वों के बड़े स्तर पर रासायनिक प्रक्रिया के तहत इंसान जैसे जीव जंतुओं की संरचना शुरू हुई। खोजकर्ता वैज्ञानिकों का कहना है कि ब्रह्मांड की उत्पत्ति, निर्माण व विकास को हम लगभग संमझ चुके हैं। मानव उत्पत्ति व विकास भी इसी क्रम में शामिल हैं।



ब्रह्मांड में हुए बड़े विस्फोट की प्रतीकात्मक तस्वीर। ● अमृत विचार

### अब ब्रह्मांड के अनेक रहस्य होंगे उजागर

कई वैज्ञानिकों की सामूहिक इस खोज के बाद वैज्ञानिकों का मानना है कि अब ब्रह्मांड के कई अन्य रहस्य उजागर हो सकेंगे। जीव जंतुओं की उत्पत्ति के स्रोत का यह पहला सिरा है। इस दिशा में अब शोध में तेजी आएगी। जिसमें दुनियाभर के वैज्ञानिक शामिल होंगे।